ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 • वर्ष-30 • अंक-06 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

नवरात्र : पांचवां दिन

मां स्कन्दमाता

सिंहासनगता नित्यं, पद्मांचित करद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी, स्कंदमाता यशस्विनी।।

ध्यानमंत्र- जो देवी नित्य सिंहासन पर विद्यमान रहती हैं तथा जिनके दोनों हाथ कमलों से सुशोभित होते हैं, वे यशस्विनी दुर्गा देवी स्कन्दमाता सदा कल्याणदायिनी हों।

झारखंड कैबिनेट में अबुआ आवास योजना को मंजूरी

बेघरों को मिलेगा तीन कमरों का आवास

जल सहियाओं को मिलेगा लंबित मानदेय, ग्राम गाड़ी योजना को स्वीकृति

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार को हुई। प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना शुरू करने की स्वीकृति दी गयी। इस योजना से वैसे बेघरों को घर मिलेगा, जिन्हें पीएम आवास, भीमराव अंबेडकर आवास सहित अन्य आवास योजनाओं से आवास देने की स्वीकृति नहीं मिली या वे वंचित रह गये। तीन कमरों का आवास दिया जाए। गरीबों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

आठ लाख लोगों को उसका लाभ मिलेगा। 31 वर्ग फीट का घर तीन कमरों का बनेगा। घर बनाने के लिए सहयोग राशि दो लाख रुपए दिए जाएंगे। 2023 24 में 2023 दिवस 2024 25 में 3:30 लाख वित्तीय वर्ष 25 26 में ढाई लाख लोगों को आवास दिया जाएगा। कच्चे घरों में रहने वाले परिवार आवासीय एवं निराश्रित परिवार विशेष रूप से कमजोर जनजाति है समूह कच्चे घर में रहने वाले।

प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार को एक अंक कानूनी तौर पर रिहा किए हुए बंधुआ मजदूर। आवास योजना से आवास में मिला उसके लिए। हमको रैंकिंग के आधार पर प्रतीक्षा सूची तैयार होगी अगर ग्राम सभा के अनुमोदन से आवास मिलेगा।दिव्यांग को भी आवास मिलेगा, जिन्हें आवास नहीं मिलेगा और भी क्राइटेरिया तय हुआ है।

झारखंड राज्य के कर्मियों के पेंशन नीति में अपबंधित राशि को वित्तीय संस्थानों में निवेश किया जाएगा। 700 करोड रुपये की राशि ट्रेजरी बिल में एक साथ निवेश किया जाएगा तो भविष्य में पेंशन देने में काम आएगा। राजकीय विश्वविद्यालय, कॉलेज में डिप्लोमा डिग्री करने वाले छात्रों को एक वर्ष का अप्रेंटिस का ट्रेनिंग दिया जाएगा। वित्त विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के लिए तकनीकी विशेषज्ञ पता अधिकारी के पद सृजित हुआ है जिसमें प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडिशनल प्रोजेक्टर होंगे।

झारखंड अभियंत्रण पद्धति की संवर्ग नियमावली 23 और झारखंड राज्य कर अस्पताल पर चिकित्सा संवर्ग नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई।-हॉस्पिटल सहित अन्य संस्थाओं से जो राज्य सरकार से लिया उन्हें समय से पहले चुकाने की स्वीकृति दी गई। बीआरपी और सीआरपी के मानदेय में जो 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी उसे अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा। इसका लाभ 745 प्रखंड साधन सेवी और 2000 संकुल साधन से भी को मिलेगा।

बिजली हम स्वच्छता अभियान झारखंड द्वारा ग्राम स्तर पर चयनित ग्राम सहिया के बकाया और लंबित मानदेय प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए कल एक अरब 10 करोड़ 24 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। बकाया राशि मार्च 2022 तक का दिया जाएगा। ऑनलाइन गेमिंग में भारत सरकार के द्वारा जो जीएसटी का संशोधन है उसे राज्य सरकार ने लागू किया। जजों में सेलेक्शन ग्रेड जिला जज के पात्र 25 प्रतिशत बढ़कर 35 प्रतिशत और सुपर टाइम स्केल में 10 प्रतिशत की जगह 15 प्रतिशत किया गया। संजय माली रूप कुजूर सुमंती कुमारी और सुर वाली टुडू के खिलाफ भारत बंद के दौरान 2018 में लालपुर थाना में केस दर्ज हुआ था इसे वापस लिया जाएगा। यह छात्र-छात्र रहे हैं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रोटी और कपड़ा के बाद अब आवास उपलब्ध होगा : सीएम

रांची। केंद्र सरकार द्वारा राज्य के गरीबों को दिए जाने वाले आठ लाख से अधिक आवास की स्वीकृति नहीं मिलने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत आवास विहीन गरीब लोगों के लिए आठ लाख पक्का आवास निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत प्रथम चरण वित्तीय वर्ष 2023-24 में 02 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार एवं 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास का निर्माण किया जाएगा। 16 हजार 320 करोड़ रुपए की लागत से तीन चरणों में आवास का निर्माण होगा।

ऐसा होगा अबुआ आवास : उक्त योजना के अंतर्गत तीन कमरों का पक्का मकान एवं रसोई घर बनाया जाएगा, जिसका क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर होगा। योजना अंतर्गत तीन कमरों सहित स्वच्छ रसोई घर का प्रावधान किया गया है। योग्य लाभुकों के लिए योजना के तहत आवास निर्माण के लिए सहयोग राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का प्रावधान हुआ है।

इनको मिलेगा लाभ : योजना का लाभ कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवासविहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार कानूनी तौर पर रिहा किये गये बंधुआ मजदूर एवं वैसे परिवार, जिन्हें राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण / बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना / बिरसा आवास योजना / इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो उन्हें मिलेगा। उपर्युक्त पात्रता मापदंड के अनुसार लाभार्थी की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा में तैयार की जाएगी।

गागर में सागर

अदालत ने अवैध शराब मामले में दोषी को चार साल की सजा सुनाई

रांची। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्ण कांत मिश्र की अदालत ने बुधवार को अवैध तरीके से विदेशी शराब का कारोबार मामले में सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपित विष्णु तिर्की को दोषी पाकर चार साल की सजा और 25 हजार जुमार्ना लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आरोपी को उत्पाद विभाग ने नौ नवंबर 2019 को गिरफ्तार किया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से उत्पाद विभाग के दारोगा अमित कुमार गुप्ता सहित चार गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने यह आदेश बुधवार को जारी किया है। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पर टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया को ईडी ने 24 जून को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल पर तारा चंद के जरिए वीरेंद्र राम के कालेधन को सफेद बनाकर वीरेंद्र राम के परिवार के सदस्यों के खाते में जमा करवाने का आरोप है। इसके लिए वह चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के कर्मचारियों और रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था।

मुख्यमंत्री को लुगू पहाड़ जल विद्युत पंप भंडारण परियोजना को निरस्त करवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन के माध्यम से आदिवासी संथालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगू पहाड़ जल विद्युत पंप भंडारण परियोजना को निरस्त करवाने के संबंध में अनुरोध किया। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि लुगू पहाड़ आदिवासी संथाली समुदाय का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध तीर्थस्थल है, जो प्राकृतिक सौन्दर्य, अमूल्य वन संपदा से परिपूर्ण है।

दो वर्षों में 745 नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार : एवी होमकर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बुधवार को रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में बताया कि वर्ष 2022 और 2023 में सुरक्षा बलों की ओर से कुल 745 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें तीन स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य, एक रीजनल कमेटी के सदस्य, 10 जोनल कमांडर, 16 सब जोनल कमांडर और 25 एरिया कमांडर शामिल थे जबकि पुलिस मुठभेड़ में 20 नक्सली मारे गए।

चतरा जिला पुलिस के जरिये सबसे अधिक भाकपा माओवादी नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। इनमें भाकपा माओवादी के 25 लाख के इनामी नक्सली सैक सदस्य गौतम पासवान, अजीत उरांव और पांच लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अमर गंझू और सब जोनल कमांडर अजय यादव (कुल 60 लाख के इनामी माओवादी एक साथ पुलिस मुठभेड़ में मारे गये) शामिल थे। इसके अलावा गुमला जिले में नक्सली सब जोनल कमांडर लाजिम अंसारी (5 लाख का इनामी) पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। वर्ष 2022-23 में 38 नक्सलियों ने पुलिस के बढ़ते दबिश एवं राज्य सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। इनमें स्पेशल एरिया कमेटी के एक सदस्य विमल यादव, रीजनल कमेटी के तीन सदस्य अमन गंझू, दुर्योधन महतो व इंदल गंझू, चार जोनल कमांडर, नौ सब जोनल कमांडर और 10 एरिया कमांडर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान में सुरक्षा बलों के जरिये नक्सलियों से लेवी के रूप में वसूले गये। 1.10 करोड़ रुपये बरामद किये गये। साथ ही अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा इस अवधि में कुल 26 नये कैंप स्थापित किये गये, जिससे इस इलाकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। उन्होंने बताया कि राज्य में क्रियाशील अन्य उग्रवादी संगठनों पर भी प्रभावी कार्रवाई की गयी है और परिणामस्वरूप पीएलएफआई का सुप्रीमो दिनेश गोप उर्फ कुलदीप की गिरफ्तारी भी एनआईए के जरिये की जा चुकी है। नक्सली काण्डों में तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं यूएपीए के तहत नक्सलियों के खिलाफ समयबद्ध तरीके से अभियोजन चलाने सहित यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि आत्मसमर्पित नक्सली पुनः अपने संगठन में नहीं लौट सके। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के गृह सचिव ने वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन की दिशा में झारखंड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के जरिये किये गये कार्यों की सराहना की है। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध चौतरफा संयुक्त अभियान झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर के साथ चलाया जा रहा है।

राजस्व कर्मचारी को एसीबी ने घूस लेते किया गिरफ्तार

जमीन म्यूटेशन के लिए ले रहा था चार हजार रुपये

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसीबी की टीम ने एक बार फिर प्रमंडलीय क्षेत्र में कार्रवाई की है। एसीबी ने रिश्वत लेने के आरोप में एक राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी से टीम पूछताछ कर रही है। राजस्व कर्मचारी सचिन गुप्ता पलामू के हुसैनाबाद में तैनात हैं। दरअसल हुसैनाबाद के रहने वाले राजेश तिवारी ने जमीन म्यूटेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया था। जमीन के म्यूटेशन के लिए राजस्व कर्मचारी राजेश तिवारी से रिश्वत मांग रहे थे। राजेश जमीन के म्यूटेशन को लेकर काफी परेशान थे। परेशान हो कर श्री तिवारी ने मामले की शिकायत एसीबी से की थी। एसीबी ने मामले में पहले सत्यापन किया। सत्यापन में मामला सही पाने के बाद बुधवार को एसीबी ने कार्रवाई की। हुसैनाबाद में छापेमारी करते हुए राजस्व कर्मचारी सचिन गुप्ता को चार हजार रुपए घूस लेते हुए गिरफ्तार किया। सचिन गुप्ता को एसीबी ने उनके आवास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी ने सचिन गुप्ता के घर की भी तलाशी ली है। हालांकि कुछ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

नाबालिग आदिवासी लड़की से छह दोस्तों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

रांची। रांची के इटकी में 15 वर्षीय नाबालिग आदिवासी लड़की का उसके छह दोस्तों ने गैंगरेप किया। इनमें पांच लड़के नाबालिग हैं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पांच नाबालिगों को बाल सुधार गृह और एक वयस्क आरोपी को जेल भेजा गया है। पीड़िता रांची के नगड़ी क्षेत्र की रहने वाली है। दोस्त उसे घुमाने के नाम पर पहले ट्रेन से लोहरदगा ले गए। वहां से लौटने के बाद शाम में स्कूटी से इटकी के विंधानी पतरा जंगल ले गए और वहां उसके साथ पूरी रात हैवानियत की गई। लड़की बेहोश हो गई तो सभी दोस्त उसे जगल में ही छोड़कर भाग निकले। सुबह होश आने पर पीड़िता ने खुद को अर्धनग्न अवस्था में पाया। उसने किसी तरह थाना पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना बताई। उसके बयान पर पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने के बाद आज सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता का मेडिकल टेस्ट भी कराया गया है। इनमें से सिर्फ एक आरोपी पवन मुंडा उर्फ बिट्टू बालिग है, जिसे जेल भेजा गया है। वह नगड़ी थाना क्षेत्र के हरही गांव का निवासी है, पांच अन्य आरोपी इटकी थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं।

एसबीआई का जीएम बताकर ठगी करने के मामले में दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने एक शातिर ठग के अलावा जेवरात के खरीदार को गिरफ्तार किया है। गिफ्तार ठग खुद को एसबीआई बैंक का जीएम बताकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया करता था। गिरफ्तार धुर्वा टंकी साइड निवासी शातिर ठग कपिल कुमार गुप्ता उर्फ संतोष उर्फ यश उर्फ हर्ष और हरमू निवासी रिसिवर सूरज कुमार शामिल हैं। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने का मंगलसूत्र के अलावा एक कार भी बरामद किया है। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने बताया कि अरगोड़ा चौक के समीप जेडी ज्वेलर्स प्रतिष्ठान में शातिर ठग पहुंचा और 57 हजार रुपए मूल्य का मंगलसूत्र खरीदा। दुकानदार को फोन पे के माध्यम से राशि ट्रांसफर करने की बात कहकर फर्जी ट्रांजेक्शन दिया। इसके बाद कार से आरोपी तेजी से फरार हो गया। जब दुकानदार ने खाते की जांच की तो राशि उनके खाते में ही नहीं आया था। हालांकि दुकानदारों ने उसे पकड़ने के लिए पीछा भी किया, मगर शातिर ठग भागने में सफल रहा। इसके बाद संचालक ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। थाना प्रभारी बृज कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को मंगलवार को शातिर ठग को धुर्वा से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर मंगलसूत्र के खरीदार चर्च कांप्लेक्स स्थित सोना-चांदी प्रतिष्ठान के संचालक सूरज को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया।

कार से पहुंचता था ठगी की वारदात को अंजाम देने : पुलिस के अनुसार शातिर ठग जेवर दुकानदारों के सामने रौब झाड़ने के लिए अपने पास एक कार भी रखा है। उसी कार से वह जेवर दुकान में पहुंचता था। खुद को एसबीआई का जीएम बताकर जेवरातों की खरीदारी किया करता था। मौका मिलते ही जेवरात लेकर रफू चक्कर हो जाया करता था। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जीएम अगर बाइक या फिर पैदल पहुंचता तो दुकानदार उस पर शक करते। इसी वजह से उसने कार खरीदी और उसी से ठगी की वारदात को अंजाम दिया करता था।

करीब एक दर्जन इलाकों में कर चुका है ठगी

सिटी एसपी ने बताया कि शातिर ठग कपिल ने अरगोड़ा, चुटिया, धुर्वा, सुखदेवनगर, जगन्नाथपुर और कोतवाली इलाके में दस ठगी के वारदात को अंजाम दे चुका है। इसके खिलाफ केस भी दर्ज है।

आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

न्यूजीलैंड - 288/6 (50 ओवर)

अफगानिस्तान -139 /10 (34.4 ओवर)

आज का मैच

भारत बनाम बंगलादेश पुने (2 बजे से)

विश्व के दो प्रतिशत टॉप साइंटिस्ट्स में झारखंड के 47 प्रोफेसरों को मिली जगह

आईआईटी-आईएसएम के प्रोफेसर हैं शामिल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विश्व के दो प्रतिशत टॉप साइंटिस्ट्स की ताजा लिस्ट में झारखंड के अलग-अलग संस्थानों के 47 प्रोफेसर ने जगह बनाई है। अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी हर साल यह लिस्ट जारी करती है, जिसमें विज्ञान और तकनीक में शोध और अध्यापन से जुड़े वैज्ञानिकों का चयन उनकी गतिविधियों-उपलब्धियों, इनोवेशन, खोज और इंटरनेशनल जर्नल्स में प्रकाशित उनके पेपर्स के आधार पर किया जाता है।

हाल में जारी इस लिस्ट में झारखंड से सबसे ज्यादा धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम के 24 प्रोफेसर को जगह मिली है। इनमें प्रो. अजय मंडल, प्रो. हिमांशु गुप्ता, प्रो. सुबोध कुमार मैती, प्रो. सुमन दत्ता, प्रो. विनीत कुमार राय, प्रो. शरत कुमार दास, प्रो. सागर पाल, प्रो. सुख रंजन समादार, प्रो. महेन्द्र यादव, प्रो. गुरदीप सिंह, प्रो. गौरीशंकर सेठ, प्रो. वी मुखर्जी, प्रो. प्रशांत के जेना, प्रो. सुमांता कुमार साहू, प्रो. अमित राय दीक्षित, प्रो. वरुण कुमार नंदी, प्रो. अमरेश चट्टोपाध्याय, प्रो. ताराचंद अमगोथ, प्रो. राघवेंद्र कुमार चौधरी, प्रो. एसके घोष, प्रो. विप्लव भट्टाचार्य, प्रो. केके सिंह, प्रो. मोहम्मद अमीन, प्रो. संजीव रघुवंशी शामिल हैं।

इसी तरह रांची स्थित बीआईटी मेसरा के 14 प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलर को इस प्रतिष्ठित सूची में जगह मिली है। इनमें केमिस्ट्री के प्रो. इंद्रनील मन्ना और प्रो. प्रीतम चट्टोराज, केमिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के डॉ. अनूप चौधरी, फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. प्राण किशोर देब, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डॉ. ओमप्रकाश और डॉ. लखबीर सिंह, ईसीई डिपार्टमेंट के डॉ. चिन्मय चक्रवर्ती, फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. बापी गोराई, मैथमेटिक्स के डॉ. रणधीर सिंह, बायो इंजीनियरिंग एंड बायोटेक की डॉ. शीला चंद्रा, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के डॉ. बप्पा चटर्जी, एमटेक के पूर्व हेड प्रो. अशोक मिश्रा और पीएचडी शोधार्थी सूरज ए माली शामिल हैं। इनके अलावा जमशेदपुर स्थित एनआईटी के 9 प्रोफेसर्स डॉ. सुनील कुमार, डॉ. स्नेहाशीष कुंडू, प्रो. संजय, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. विशेष रंजन कर, प्रो. उज्ज्वल लाहा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. नागेंद्र कुमार और बलराम अंबाडे भी इस सूची में शामिल किए गए हैं।

23 आईपीएस अधिकारियों की पोस्टिंग कुमार गौरव बने रांची ट्रैफिक एसपी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार ने 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें 13 पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत आईपीएस अधिकारी को नयी पोस्टिंग दी गयी है। जबकि दस नवनियुक्त आईपीएस को भी पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार देर शाम अधिसूचना जारी की है।

कौन कहां गए : पदस्थापना के प्रतीक्षारत कुमार गौरव को रांची का नया ट्रैफिक एसपी बनाया गया है. 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी चंदन कुमार झा को झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पदमा हजारीबाग, अनुरंजन किस्पोट्टा को सीआईडी एसपी, अंबर लकड़ा को जैप 3 कमांडेंट गोविंदपुर, अंजनी कुमार झा को एसीबी , आनंद प्रकाश को वायरलेस एसपी, प्रभात कुमार को जैप छह जमशेदपुर कमांडेंट, एहतेशाम वकारीब को एसीबी एसपी, आर राजकुमार को एससीआरबी एसपी, अमित रेणु को पुलिस मुख्यालय में एसपी नक्सल, मुकेश कुमार लुनायत को सिटी एसपी जमशेदपुर, मनोज स्वर्गियार को रेल धनबाद एसपी, शुभ्रांशु जैन को एसपी विशेष शाखा में एसीआईबी एसपी बनाया गया है. नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों में सरोजनी लकड़ा को जैप 2 टाटीसिल्वे, एमेल्डा एक्का को एसआईआरबी 2 खूंटी कमांडेंट बनाया गया है.सादिक अनवर रिजवी को एसीबी एसपी, अरविंद कुमार सिंह को जैप पांच देवघर कमांडेंट, विकास कुमार पांडेय को जेपीए एसपी सह उपनिदेशक, विजय आशीष कुजूर को सीटीसी मुसाबनी एसपी, अजय कुमार सिन्हा को आईटीएस एसपी, सहदेव साह को एसीबी एसपी, अमित कुमार सिंह को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं में कमांडेंट, मुकेश कुमार को एसआईएसएफ बोकारो में कमांडेंट के पद पर पदस्थापित किया गया है. राज्य सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, जिन अधिकारियों का अन्य कहीं पदस्थापन नहीं हुआ है, उन्हें पुलिस मुख्यालय में योगदान देना होगा।

गागर में सागर

जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर एसडीओ ने की समीक्षा बैठक

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। अध्यक्षता हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने की। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल व नपं के निजी अस्पताल के प्रबंधक शामिल हुए। बैठक में विभागीय निर्देश के आलोक में इसकी अधतन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर सजग रहे। विभागीय निर्देश का हर हाल में पालन करें। उन्होंने कहा कि उक्त प्रमाण पत्रों के लोगों को भटकना न पड़े, इस दिशा में त्वरित कार्य करने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार, हैदरनगर बीडीओ नीरज, डॉ. विकास कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार, रंजीत कुमार मेहता, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिहरगंज। प्रखंड के कौवाखोह पिरोजी स्थित द कॉन्सेप्ट क्लासेस में विज्ञान व गणित विषय का टैलेंट सर्च टेस्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन। जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 10वीं तक के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर की तरफ से टॉप सुपर 30 की सूची तैयार की गयी। जिन्हें संस्थान के निदेशक मुकेश आर्यन, सहायक शिक्षिका प्रीति कुमारी तथा शिक्षक अनुज कुमार द्वारा सफल विद्यार्थियो को मेंडल, कप व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया। टॉप 30 में चयनित विद्यार्थी रौशन, कौशल, उपेंद्र, विक्रम, संतोष, मुकेश, मनीष, दिलीप, विशाल, आकाश आदि का नाम शामिल हैं।

तीन माह का खाद्यान्न डीलर ने लाभुकों के बीच नहीं किया वितरण

डीएसओ से शिकायत के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिला न्याय

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। प्रखंड स्थित बनखेता गांव के डीलर शांति कुंवर के द्वारा जुलाई अगस्त और सितंबर माह का खाद्यान्न लाभूकों के बीच वितरण नहीं किया गया है। इन दिनों नों डीलर के दामाद जयप्रकाश सिंह के द्वारा दुकान का संचालन किया जा रहा है। जहां केवल अक्टूबर माह का खाद्यान्न उनके द्वारा वितरण किया जा रहा है। लाभूकों के द्वारा 3 माह का बकाया खाद्यान्न के संबंध में पूछे जाने पर जयप्रकाश सिंह के द्वारा मारपीट व दुर्व्यवहार किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि डीलर शांति कुंवर स्विंग दुकान का संचालन न कर अपने दामाद जयप्रकाश सिंह से कराती है। जहां जयप्रकाश के द्वारा दबंगई दिखाते हुए वर्तमान वर्ष के तीन माह का खाद्यान्न बाजार में बेच दिया गया। यह कोई पहली घटना नहीं है पिछले वर्ष भी जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का खाद्यान्न डीलर के द्वारा बेच दिया गया था। जिसकी शिकायत भी पलामू डीएसओ से की गई थी। लेकिन लोगों को न्याय नहीं मिला। लाभूको के पिछले सप्ताह प्रखंड मुख्यालय पर भी एक दिवसीय धरना देकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराना चाहा। लेकिन किसी ने आगे बढ़कर खाद्यान्न वितरण कराने का पहल नहीं किया। बुधवार को डीलर द्वारा अक्टूबर माह का अनाज वितरण कराने के लिए पर्ची काटा जा रहा था। पर्ची काटने के बाद कुछ लोगों को अनाज देकर बोला गया है कि अनाज खत्म हो गया है, तीन चार दिनों के बाद आकर खाद्यान्न ले जायेंगे। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व अनाज का डिमांड करने पर डीलर शांति कुंवर के दामाद जयप्रकाश सिंह द्वारा लाभुक जनेश्वर भुईयां के साथ मारपीट किया गया था। जनेश्वर भुईयां द्वारा कार्रवाई के लिए नावाबाजार थाना में आवेदन दिया गया था। जहां लाभूक पर दबाव दिलवाकर केस को मैनेज करा दिया गया था।

मंगलभवन अमंगलहारी...
मंत्रोच्चारण की ध्वनि से गुलजार हुआ क्षेत्र

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के अवसर पर जारी अनुष्ठान से भक्ति की प्रवाहित हो रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार व रामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ की मंगलभवन अमंगलहारी.....आदि ध्वनि से क्षेत्र गुलजार है। पोलडीह देवी मंदिर परिसर में आचार्य श्री श्री 108 श्री बसंत पांडेय के नेतृत्व में जारी नवाह मानस महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में सुनील कुमार सिंह जबकि पाठकर्ता में अनिल सिंह, दीपक कुमार सिंह, अभिषेक, श्रीनिवास, विक्की, राहुल, माधव, अमोल आदि शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष भोलू कुमार सिंह,उपाध्यक्ष बबलू कुमार, सचिव चुलबुल कुमार सिंह, उपसचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, ,उपकोषाध्यक्ष दीपक कुमारसमेत पोलडीह व पोलडीह जगदीशपुर के ग्रामीण सक्रिय हैं। वहीं दुर्गा पूजा सेवा समिति कस्तूरी चनकार में आचार्य देवव्रत पांडेय के नेतृत्व में मानस नवाह महायज्ञ में पाठकर्ता ब्राह्मण के रूप में हिमांशु पांडेय, चंदन पांडेय, मधुकर मिश्रा, सोनू मिश्रा शामिल हैं. कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार सिंह,कैलास पुजारी, विमल कुमार सिंह, सुदर्शन राम रवि, निर्मल शर्मा, अमरेश सिंह, पिंटू सिंह, रंजय सिंह, अक्षय सिंह आदि समेत ग्रामीण सक्रिय हैं।

प्रमुख शोभा देवी ने अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ से शिष्टाचार भेंट की

पाटन। प्रमुख शोभा देवी ने अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा से प्रखंड कार्यालय में औपचारिक मुलाकात कर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने योजनाओं का क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों के समस्याओं से बीडीओ को अवगत कराया। इस पर बीडीओ ने सभी समस्याओं का समाधान का भरोसा दिया। वहीं बीडीओ ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे प्रदर्शित के साथ धरातल पर उतारा जायेगा। जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर पाल्हे कला मुखिया लीलावती देवी, सगुना मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी शक्ति समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

भंडार में भव्य दुर्गा पूजा का चल रहा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

नावा बजार। भंडार ग्राम में बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति भंडार के सौजन्य से भक्ति मे डूबे लोग। वृदांवन से आई हुई रासलीला मंडली जो भगवान कृष्ण की अद्भुत लीलाएं एक से बढ़कर एक मंच से दर्शक को दिखा रही है। इसे देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में लोग रात्रि में उपस्थित हो रहे हैं। अगर बात करें ग्रामीण क्षेत्र का तो भंडार लगभग 25 वर्षों से दुर्गा पूजा का भव्य रूप से कार्यक्रम करते आ रहा है। रात्रि में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों का भीड़ उमड़ पड़ती है। समिति सदस्यों ने बताया कि दुर्गा सप्तमी पाठ आचार्य राजन व यजमान की भूमिका में योगेंद्र पाण्डेय है। दिन में आचार्य नरेंद्र पाण्डेय एवं उनकी टीम के द्वारा नवाहपरायन पाठ किया जा रहा है। वहीं भव्य पंडाल निर्माणाधीन है। पूजा की भव्यता को बढ़ाने में लगातार नवनीत पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, छोटू पाण्डेय, बिटू पाण्डेय, रितेश कुमार पाण्डेय, दीवाकर पाण्डेय, चुनमुन पाण्डेय, रोहित कुमार, गोलू कुमार, पाण्डेय, कृष्णकांत पाण्डेय, ध्रुवल पाण्डेय ,मुकेश पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, सज्जन पाण्डेय प्रियांशू ,आकाश, जितेंद्र, छोटे, राधे, राहुल, कौशल, सुजीत, रामजी के द्वारा लगातार भव्य व समारोह को यादगार बनाने का प्रयास जारी है।

नेहरू युवा केंद्र ने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का किया आयोजन

मोदी सरकार देश के वीर सपूतों को दे रही है सम्मान : गोविंद

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। पलामू नेहरू युवा केंद्र द्वारा विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय के प्रांगण में मेरी माटी मेरा देश का प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ विक्रम आनंद, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,प्रखंड प्रमुख रंभा देवी, विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल व प्राचार्य भोला राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के जिला प्रतिनिधि गोविंद मेहता और संचालन केंद्र के पूर्व स्वयंसेवक मंजुल शुक्ला ने किया। गोविंद मेहता ने कहा कि देशभर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके माध्यम से देश के हर कोने से 7,500 कलशों का संग्रहण किया गया। देश की इस मिट्टी को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाया जायेगा। यह अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की एक नई दृष्टि दी और देश के वीर शहीद सपूतों को ऊंच सम्मान भी मिलेगा। बीडीओ विक्रम आनंद ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश एक राष्ट्र व्यापी अभियान है। इस कार्यक्रम के निमित हर गांव से कलश यात्रा के साथ गांव की मिट्टी को एकत्र कर दिल्ली ले जाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि यह अभियान स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल वीर सपूतों के लिए वंदन है और उनके लिए वास्तविक श्रद्धांजलि भी है। कार्यक्रम के अंत में पंचप्रण प्रतिज्ञा लेते हुए विभिन्न पंचायतसे संकलित पवित्र मिट्टी का एक कलश में संकलन किया गया। मौके पर किशोर कुमार, अभिषेक रवि, सौरभ शुक्ला, मनीष शुक्ला, धीरज कुमार, कृष्ण कुमार केसरी, किशन कुमार, अभिजीत शुक्ला, सचिन चौबे, शुभम तिवारी, राकेश कुमार, अभिजीत कुमार, निशांत कुमार, प्रवीण पाल, आकांक्षा कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, नुसरत जहां सहित कई लोग मौजूद थे।

पूर्व विधायक के प्रयास से दो गांव में जुटी लाइन, ग्रामीणों में हर्ष

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड के सुदूरवर्ती रबदी तथा भौराहा गांव में गत दिनों बिजली विभाग के पदाधिकारी ने उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के कारण पूरे गांव का बिजली काट दी थी। जिस कारण उक्त गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। उक्त समस्या को लेकर दोनों गांव के ग्रामीणों ने हरिहरगंज- हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता से मिलकर अपनी समस्या को रखा। वहीं विधायक श्री मेहता ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को उक्त दोनों गांव में गए। जहां उन्होंने विभाग के सचिव अविनाश कुमार, विद्युत महाप्रबंधक, एवं कार्यपालक अभियंता को अवगत कराया। जिसे विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों ने विद्युत विभाग के गर्मियों को गांव में भिजवाया। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक ने अपने उपस्थिति में ही बिजली को जोड़वा दिया। गांव में बिजली सप्लाई होते ही ग्रामीण में खुशी की लहर दौड़ गयी। वहीं ग्रामीण अजय यादव, छोटू यादव, मुन्ना यादव, रंजीत कुमार व विकाश कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया है।

जूडो सर्टिफिकेट का किया वितरण थाना प्रभारी सहित कई मौजूद

विश्रामपुर। बुधवार को जुडो प्रफेक्ट स्पोर्ट एकडमी के द्वारा नावाडीह परिसर में जूडो सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विधायक पुत्र सह कुलाधिपति डॉक्टर ईश्वर सागर चन्द्रवंशी व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशीरंजन ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को जूडो का सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया।वही डाक्टर चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया की आगमनी होने वाले नेशनल जूडो गेम में भागमनी चन्द्रवंशी पब्लिक स्कूल से पाँच विद्यार्थि। ज्ञान दीप कन्वेंट पब्लिक स्कूल से 11, आरके +2 जनता हाई स्कूल से 36 विद्यार्थि सनातन से 8,मदरसा विद्यालय से 7 विद्यार्थि का चयन कर नेशनल गेम जूडो 2023- में शामिल करवाया जायेगा। जो पटना में 12 राज्यों के बीच करवाया जायेगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,विजय रवि,निजामुदीन नूरी,प्रिंसपाल भोला राय,डाक्टर अज्जो सिद्धिकी सहित कई लोग मौजूद थे।

हरिहरगंज में मेहता न्यू फैशन गारमेंट्स का किया गया उद्घाटन

हरिहरगंज । मेन बाजार कन्या मध्य विद्यालय के सामने बुधवार को मेहता न्यू फैशन गारमेंट्स का शुभ उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना के बाद किया गया। उद्घाटन के अवसर पर न्यू फैशन रेडिमेंट गारमेंट के प्रोपराइटर राकेश कुमार ने बताया कि इस दुकान में फैंसी एवं ब्रांडेड सभी प्रकार के रेडिमेंट वस्त्र उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सस्ता, सुंदर व टिकाउ आइटम इस दुकान की विशेषता रहेगी। इस मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, डॉ मनोज कुमार, पूर्व प्रमुख कृष्ण प्रसाद, पप्पू मेहता, प्रधानाध्यापिका पुष्पा कुमारी, शिक्षक बसंत मेहता, उदय गुप्ता, मुन्ना जायसवाल, राजेश रंजन मिश्रा उर्फ टंटू मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रखंड कार्यालय में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पाटन । प्रखंड सभागार में पंचायत विकास सूचकांक पंचायती राज्य विभाग के द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप से पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व प्रखंड प्रमुख शोभा देवी और बीडीओ सह सी ओ दीपक कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। इसका रे साल में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रखंड सामान्य एवं चित्रांगद कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इश्क करे साल में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, बैठक में उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक पंचायत में किस प्रकार योजनाओं में काम करना उसको धरातल पर उतरना, योजना का चयन करना संबंधित अनेक बातों को बताया गया।

शारदीय नवरात्र के मौके पर माता कुष्मांडा की हुई विधिवत पूजा अर्चना

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत रेहला के बिशुनपुर में बुधवार को शारदीय नवरात्रि के मौके पर आज चौथे दिन माता कूष्मांडा देवी की विधिवत पूजा-अर्चना हुई। जहां वैदिक मंत्रों उच्चारण के बीच आरती के दौरान सैकड़ो भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर सुनील सिंह, विनोद सिंह,मणिकांत पंडित , धनु सिंह , अशोक तिवारी , विकाश सिंह , विशाल , सुरेन्द्र शर्मा , देवेंद्र सिंह , अरुण सिंह (मुना), हर्ष , विवेक , विजय चंद्रवंशी , बिगन , अशोक , राहुल , मिठू , सुरेश , शंकर , इंदेश , पिंटू , पियूष शुक्ला , प्रिंस कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

कार्यालय : जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(जिला नजारत शाखा)
Tel. No. (Office)-06562-231044 • Email ID-dc-pal@nic.in

अतिअल्पकालिन-निविदा

पलामू जिला में अतिविषष्ट व्यक्तियों के कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए सभा आयोजन स्थल पर पण्डाल (German Hanger Structure), उपस्कर एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं हेतु जिला प्रशासन, पलामू के द्वारा एतद् के माध्यम से अल्पकालिन–निविदा दिनांक 26.10.2023 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्तें एवं नियमों को जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

उपायुक्त,
पलामू।

PR 309468 (Palamu) 23-24 (D)

कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद
Email Id –nphussainabad@gmail.com

पत्रांक ..... दिनांक .....

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना सं0 ...../2023–24

नगर पंचायत हुसैनाबाद में आवश्यक कार्य हेतू क्षेत्र भ्रमण एवं दैनिक/प्रशासनिक कार्यो के कार्य हेतू किराये पर एक चार पहिया (सफेद रंग, चालक सहित) वाहन, Mahindra Bolero की आवश्यकता है। जिसके लिए ऑफलाईन कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता वाहन आपूर्ति हेतु दिये गये नियम एवं शर्तों के अनुरुप बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन/दर दिनांक 26.10.2023 को अपराहण 01:00 बजे तक नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन अपराहण 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद में खोली जाएगी।

अतः उपरोक्त कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

वाहन आपूर्ति हेतु नियम एवं शर्तें।

1. वाहन का प्रयोग क्षेत्र भ्रमण, दैनिक कार्य, प्रशासनिक कार्य हेतु आपूर्तिकर्ता को नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यालय को 24 घंटे के लिए चालक सहित उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
2. आपूर्तिकर्ता के द्वारा कोटेशन समर्पित करते समय वाहन चलने के लिए कि0मी0/लीटर इंधन एवं मासिक किराया/दर, चालक सहित कोटेशन में अंकित करना अनिवार्य होगा।
3. कोटेशन समर्पित करते समय आपूर्तिकर्ता को आधार ,पैन कार्ड की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं काली सूची/वाहन आपूर्ति के समय पंजीकरण, बीमा, रोड परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र अद्यतन के लिए साथ अच्छी चलन स्थिति में उपलब्ध कराने के लिए शपथ पत्र आवदेन के साथ देना अनिवार्य होगा। वाहन आपूर्ति के समय वाहन संबंधित सभी तरह का अधतन कागजात समर्पित करेंगे।
4. आपूर्तिकर्ता वाहन का पंजीकरण झारखण्ड राज्य का होना अनिवार्य है।
5. कार्यालय द्वारा एकरारनामा के अनुसार कि0मी के अनुरुप इंधन देय होगा। इसके अतिरिक्त वाहन के रख–रखाव में होने वाले व्यय आपूर्तिकर्ता को स्वयं करना होगा।
6. वाहन में वातानुकुलित सुविधा उपलब्ध होना अनिवार्य है।
7. स्थानीय आपूर्तिकर्ता को प्राथमिक्ता दी जायेगी।
8. कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त 10 दिनों के भीतर आपूर्तिकर्ता को वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
9. न्यूनतम दर होने के उपरान्त दरवार्ता भी की जा सकती है।
10. एकरारनामा की अवधि 11 माह की होगी। संतोशजनक होने पर अवधि बढ़ाई जा सकती है।
11. इस निविदा/विज्ञापन रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. बिना कारण बताये किसी भी समय एकरारनामा रद्द किया जा सकता है।

प्रशासक नगर
पंचायत हुसैनाबाद

PR 309469 District(23-24)#D

कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(इच्छा की अभिव्यक्ति)

अतिअल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण संख्या–37/2023–24)

चतरा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड सिमरिया, टण्डवा एवं लावालौंग में कुल 374 नग सोलर लाईट का अधिष्ठापन कार्य किया जाना है। जिसका विशिष्ट निम्नवत् है–

Solar street lights with 75 Wp solar Panel,
12 W LED Luminaire and 12.8 V – 30 Ah Li Battery
as per MNRE Specification.

इच्छुक स्थानीय प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्ता अथवा MSEs/Other Enterprises (who registered in Jharkhand Goods and Services tax) से सोलर लाईट अधिष्ठापन हेतु दो लिफाफा पद्धति के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित किया जाता है–

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25/10/2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 26.10.2023 से 02.11.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. जिला परिषद, चतरा में अग्रधन की राशि, नोटरी द्वारा निर्गत अद्यतन मूल शपथ पत्र (NOC) एवं अन्य आवश्यक कागजात (ऑनलाईन कागजात की एक प्रति के साथ) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.11.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – श्री दीपक कुमार, जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9308931001

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 309412 District(23-24)#D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)" 2.0 के अन्तर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण– 2024 को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता के माध्यम से पूजा पंडालों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिश्ट का बढ़ना आम बात है, जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में अगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागीदारी करने हेतु "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक 20 से 24 अक्टूबर 2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिए गए तालिका में अंकित मापदण्डो के आधार पर किया जाएगा। मापदण्ड निम्नवत् है :–

क्र0	मापदण्ड	अधिकतम अंक
1	पूजा पंडाल/प्रतिमा निर्माण सामग्री में प्रकृति संरक्षण की झलक।	10
2	पूजा पंडालों में कागज, पत्ता, जुट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग।	10
3	पूजा पंडाल/परिसर में पेयजल शरबत पीने के लिए Reusable ग्लास, जैसे– कागज का ग्लास का उपयोग।	10
4	पूजा पंडालों में प्रवेश व निका सी द्वारा अलग–अलग तथा महिला एवं पुरूष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिश्चित करना।	10
5	पूजा पंडाल/परिसर में Volunteer, ID card के साथ होने चाहिए।	10
6	पूजा पंडाल/परिसर में साफ–सफाई के लिए स्वयं से किए गए व्यवस्था/उपाय।	10
7	पूजा पंडाल/परिसर में आस–पास के दुकानदारों एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी फैलाना।	10
8	नशा मुक्ति प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का प्रदर्शन और ध्वनी विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार–प्रसार।	10
9	विज्ञापन के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग या फिर होर्डिंग के लिए LED Screen या स्टैंडी का प्रयोग।	10
10	पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला ड्रस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुकों द्वारा उनका प्रयोग।	10
11	पूजा पंडाल से निकालने वाले कचड़े का पृथक्करण।	10
12	पूजा पंडाल से निकलने वाले बायोडिग्रेडेबल कचड़े का पीट डिस्पोजल।	10
13	पूजा पंडाल से निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबल कचड़े का निस्तारण के लिए निकाय को सौपना।	10
14	निकाय द्वारा चिन्हित विर्सजन जोन में पूजा समिति के तत्वधान में प्रतिमा तथा पुजा सामग्री का विसर्जन।	10
15	पूजा समिति या नागरिकों द्वारा किए गए इनोवेटिव वर्क।	10
	कुल	150

पर्व/त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाय स्तर से "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजित किया जा रहा है तथा उपरोक्त मापदण्डों के आधार पर रैकिंग करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले पंडालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु कार्यालय अवधि मेदिनीनगर नगर निगम कार्य के SBM कोशांग मो0 7277311538 से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशसक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 309474 District(23-24)D

गागर में सागर

रिमांड होम से फरार दो नाबालिगों में से एक बरामद

मेदिनीनगर। पलामू रिमांड होम से फरार हुए नाबालिग को बरामद कर लिया गया है। फरार होने के बाद नाबालिग बिहार के गया स्थित अपने रिश्तेदार के यहां चला गया था। पुलिस ने पूरे मामले में अनुसंधान करते हुए उसको बरामद किया है। दरअसल 10 अक्टूबर को पलामू के रिमांड होम से तीन बच्चे फरार होने की कोशिश कर रहे थे। जिसमें से दो बच्चे भागने में सफल हुए। तीसरा बीच में ही फंस गया था। फरार हुए दो नाबालिग में से एक को बरामद किया गया है। दूसरा अभी भी फरार है। सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने नाबालिग के बरामद होने की पुष्टि की है।

एसडीओ का पलामू से जाना सुखद : रुचिर

मेदिनीनगर। शहर के एसडीओ राजेश शाह का यहां से चले जाना पलामू वासियों के लिए सुखद समाचार है। उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर तिवारी ने कही। उन्होंने प्रेस बयान में कहा कि वर्तमान समय में निकट 10वर्षों से पलामू के सबसे भ्रष्ट अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में राजेश शाह का कार्यकाल रहा। जहां इन्होंने केस के अलावा अन्य मामलों में चाहे वह सीआरपीसी की धारा 144 का मामला हो चाहे वह 145 का मामला हो या मोटेशन में अपील का मामला हो, बिना पैसा के इनकी कलम नहीं चलती थी। और इन्हीं के कार्यकाल के समय इन्हीं के एक नमूने के रूप में पेशकार अशोक कुमार की गिरफ्तारी हुई थी लेकिन सरकार का हाथ इन पर रहने के कारण यह बच गए। सीबीआई राजेश शाह की संपत्ति की जांच कर इनको जेल भेजने का काम करे।

नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

हुसैनाबाद। देश की आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा क्लब के तत्वाधान में हुसैनाबाद प्रखंड के एकौनी गांव में कलश संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह ने इसकी महत्ता पर विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए हर गांव व घर के इस मिट्टी से भारत के प्रधान मंत्री द्वारा अमृत वाटिका का निर्माण देश के शहीद जवानों के लिए एक एतिहासिक कदम बताया। उन्होंने देश के हर गांव की मिट्टी से अमृत वाटिका निर्माण कर वहां देश के शहीदों की यादगार स्थल बनाने तथा अनवरत श्रद्धांजली अर्पित करने की बात कही। मौके पर मुखिया लाल सिंह, प्रो. राजेश सिंह, राजेश कर्ण, बटुक भारती, सतीश शर्मा, लखन यादव, बिमलेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

संघर्ष मोर्चा कार्यालय में गरीबी पर विचार गोष्ठी आयोजित

मेदिनीनगर। गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया । संचालन संजय कुमार ने किया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकम की शुरूआत की गई । मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि अंतरिस्त्य गरीबी उन्मूलन दिवस प्रत्येक वर्ष 17 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। दुनिया भर में तेजी से फैल रही इस गरीबी से लड़ने और उसके निवारण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने आधिकारिक रूप से सन 1992 इसमें गरीबी उन्मूलन के लिए प्रत्येक वर्ष 17 अक्टूबर को अंतरआस्तिय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाने की घोषणा की। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व समुदाय में गरीबी दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयास हैं। मोर्चा अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से गरीबी दूर करने के लिए सार्थक और कठोर कदम उठाई जाये।

अतिक्रमण के विरुद्ध जारी होगा नोटिस, साक्ष्य प्रस्तुत करने का मिलेगा मौका

सरकारी आईटीआई की भूमि से हटेगा अतिक्रमण : आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आयुक्त मनोज जायसवाल ने आईटीआई की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने के मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा है कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण किसी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा। उन्होंने

आईटीआई की भूमि पर अतिक्रमण के मामले की जांच करने का निदेश दिया है। आयुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सदर अंचल अधिकारी को अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत कराने का निदेश दिया है। वहीं आईटीआई के प्राचार्य से भी भूमि संबंधित दस्तावेज लेने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पक्ष रखने का अंतिम मौका दें। साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में भूमि पर अवैध अतिक्रमण मनाते हुए खाली करवाने की पहल सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को कर्मचारी, सीआई आदि संबंधित पदाधिकारियों को स्थल निरीक्षण करने का निदेश दिया है।

पलामू प्रमंडल में जेजेएमपी नक्सली बंदी का कोई असर नहीं

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल में जेजेएमपी नक्सली बंदी का कोई असर नहीं देखा गया। दरअसल नक्सली संगठन जेजेएमपी ने अपने कमांडर सुशील उरांव की गिरफ्तारी का आरोप लगाते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार बंद की घोषणा की थी। जेजेएमपी ने बयान जारी कहा था कि 24 घंटे के अंदर सुशील उरांव को सामने नहीं लाया गया तो पलामू प्रमंडल

अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जाएगा। इधर, नक्सली संगठन के बंद को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया था। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई थी। कई इलाकों में जेजेएमपी के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। जेजेएमपी के बंद का असर बुधवार को यहां कोई असर नहीं देखा गया।

दुर्गा पूजा को ले प्रमंडलीय प्रशासन सतर्क, आयुक्त व जोनल आईजी ने की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस

सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

पलामू प्रमंडल में 1302 पूजा पंडाल, दशमी को होगा मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

चिन्हित 202 संवेदनशील पूजा पंडालों पर रहेगी विशेष नजर, सादे लिबास में प्रतिनियुक्त किये गये जवान व दंडाधिकारी

सीसीटीवी की जद में रहेंगे पूजा पंडाल, हरेक गतिविधि पर रहेगी कड़ी नजर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां की गई है। लोक भावनाओं को आहत करने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने कही। अधिकारी द्वय दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर बुधवार को आईजी सभागार में संयुक्त रूप से प्रेस को संबोधित कर रहे थे। मौके पर उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद भी उपस्थित थे। आयुक्त एवं आईजी ने बताया कि पलामू प्रमंडल में उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है। पलामू जिले में 86, गढ़वा में 100, एवं लातेहार जिले में 64 उपद्रवियों को अब तक चिन्हित किया गया है। इसके अलावा पूर्व के कांडो में संलिप्त पलामू जिले के 100, गढ़वा के 50 एवं लातेहार जिले के 50 आरोपितों को चिन्हित कर उनकी धर-पकड़ की कार्रवाई चल रही है। इसके अलावा धारा 107 के अंतर्गत पलामू जिले में 2002, गढ़वा में 608 एवं लातेहार जिले में 901 लोगों को नोटिस निर्गत करते हुए तामिला कराया गया है। साथ ही 50 से अधिक व्यक्तियों को बॉड-ऑन किया गया है। **प्रमंडल क्षेत्र में 1302 पूजा पंडाल :** पलामू प्रमंडल में 1302 पूजा पंडाल बनाए गए हैं। पलामू जिला में 581, गढ़वा जिले में 575 एवं लातेहार जिले में 146 पूजा पंडाल निर्मित है। पूर्व की घटनाओं एवं सीमावर्ती राज्य की सीमाओं पर अवस्थित पूजा पंडालों को संवेदनशील पूजा पंडाल के रूप में चिन्हित किया गया है। पलामू जिले में 66, गढ़वा में 89, एवं लातेहार जिले में 47 पूजा पंडालों को संवेदनशील के रूप में चिन्हित करते हुए विशेष निगरानी की जा रही है।

चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था : दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस जवानों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ होमगार्ड के जवान लगाए गए हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। पूजा पंडाल एवं उसके आसपास सादे लिबास में पुलिसकर्मी एवं दंडाधिकारी भी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।पलामू जिले में 83 क्यूआरटी टीम, गढ़वा में 42 एवं लातेहार जिले में 30 क्यूआरटी टीम बनाया गया है। इसके अलावा आईआरबी , जिला पुलिस एवं होम गार्ड के जवान लगाए गए हैं। पलामू के लिए रैफ जवानों की एक कंपनी की भी मांग की गई है। जरूरत पड़ने पर सीआरपीएफ की भी सेवा ली जायेगी। पूजा पंडालों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पूजा समिति के पदाधिकारियों से वोलेंटियर रखने का अपील किया गया है। वोलेंटियर का समिति द्वारा एक पहचान पत्र भी होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा हो सके। **शांति समिति की बैठक में दिए गए हैं विशेष निर्देश :** पलामू प्रमंडल के तीनों जिले में जिला स्तर से लेकर थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक संपन्न हो चुकी है। इसके अलावा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा पूजा के मद्देनजर फ्लैग मार्च एवं निरीक्षण किया गया है।

सोशल मीडिया पर विशेष नजर : पूजा के मद्देनजर सोशल मीडिया पोष्ट पर विशेष नजर रखी जा रही है। आपत्तिजनक, भ्रामक एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले पोष्ट पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य डिजिटल पोष्ट को नियमित रूप से खंघाला जा रहा है। वाट्सएप पर आपत्तिजनक पोष्ट की स्थिति में ग्रुप एडमिन भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से भी गतिविधियों की जानकारी ली जायेगी।

रात्रि 10बजे के बाद डीजे बजाने की मनाही : माननीय न्यायालय के निदेर्शानुसार रात्रि 10:00 बजे के बाद डीजे बजाने पर मनाही है। वहीं अन्य समयाकाल में भी भक्ति गाने ही बजाने की सलाह पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को दी गई है। पूजा समिति के सदस्यों से भी अपील की गई है कि वे निर्धारित समयावधि में ही डीजे बजायें। आपत्तिजनक या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गानों का प्रयोग बिल्कुल ही वर्जित है।

निर्वाध विद्युत व्यवस्था : आयुक्त एवं आईजी ने बताया कि पूजा के मद्देनजर सभी स्ट्रीट लाइट को चालू किया जा रहा है। खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मती कार्य भी चल रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा भीड़-भाड़ वाले इलाके एवं पंडाल के आसपास के लूज व ढीले तारों को दुरुस्त कर लिया गया है।

पांकी पहुंचे आयुक्त व आईजी ने विधि-व्यवस्था का लिया जायजा

मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने बुधवार की शाम पांकी का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया । आयुक्त एवं आईजी ने थाना परिसर में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की और विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारी द्वय ने स्थानीय पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व में किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेने का निर्देश दिया। इसके अलावे सभी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को इसका दृढ़ता के साथ अनुपालन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने एवं पूजा में भीड़-भाड़ के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया । वहीं सप्तमी से लेकर दसवीं तक सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया । उन्होंने पूजा को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहने का निदेश दिया। बैठक में आयुक्त एवं आईजी के अलावा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक टूटी, अंचल अधिकारी राजकमर सिंह, थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह आदि उपस्थित थे।

राज्यपाल से राजभवन में मिले अरविन्द

छतरपुर को जिला बनाने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। छतरपुर को जिला बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसके लिए युवाओं ने सोशल मीडिया से लेकर धरातल पर भी काम करना शुरू कर दिये हैं। इसी क्रम में छतरपुर के युवा समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ राजधानी स्थित राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और इस आशय का 4 सूत्री ज्ञापन सौंपा। सीएम हेमन्त सोरेन के नाम छतरपुर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा इसके पहले भी वे सौंप चुके हैं। अरविन्द द्वारा राज्यपाल को सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि पलामू जिला स्थित छतरपुर अनुमंडल जिला बनने की अहर्ता रखता है आसपास के नावा बाजार, पांडू, नौडिहा बाजार, हरिहरगंज, पिपरा जैसे प्रखण्ड अनुमण्डल मुख्यालय के

काफी समीप है। जिसका फायदा यहां रहने वाले लोगों को मिल सकता है और वे 80 किमी दूर स्थित पलामू के जिला मुख्यालय होने के कारण जाने के भारी परेशानी से भी बचेंगे। अरविन्द ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे जनहित में आवश्यक छतरपुर अनुमंडल को जिला बनाने में सहयोग दें और सरकार को पत्र लिख कर निर्देशित करें। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव और छतरपुर को जिला बनाओ अभियान के समन्वयक अरविन्द गुप्ता चुनमून शामिल थे। दोनों ने शॉल ओढ़ाकर एयर गुलदस्ता देकर राज्यपाल को सम्मानित भी किया। वहीं छतरपुर को जिला बनाओ अभियान के तहत राज्यपाल से सकात्मक मुलाकात करने पर नगर के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, मुखिया उमेश यादव, मुखिया धनन्जय प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद यादव, सुनील कुमार, जयकुश कुमार, रमेश कुमार, प्रदीप यादव, मनीष कुमार, नगीना कुमार, दीपक कुमार, धनन्जय पासवान, जितेंद्र, कन्हाई, अंकित, सोनू, रिशु, मृणाल, आयुष, छोटू, हिमांशु, राहुल आकाश, राजन, ओमप्रकाश, दिनेश, प्रितम, राजू, मनीष सहित सैकड़ों लोगों ने आभार प्रकट किया हैं।

कांग्रेस नेत्री ने पांडू प्रखंड के तीन पंचायतों में की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पांडू प्रखंड कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश है कि झारखण्ड में कांग्रेस पार्टी 30 अक्टूबर तक राज्य के सारे पंचायतों का बूथ कमेटी बनाकर प्रदेश कार्यालय को सौंपना है। जिसे लेकर 17 अक्टूबर को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सह बिश्रामपुर विधानसभा प्रभारी पूर्णिमा पाण्डेय ने विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत पांडू प्रखंड के कुटमू पंचायत, कजरू कला पंचायत और डाला कला पंचायत मे पंचायत बतौर विधानसभा प्रभारी बैठक की । कुटमू पंचायत की बैठक वहाँ के पंचायत अध्यक्ष कृष्णा चौधरी की अध्यक्षता में हुई । वहीं कजरू कला पंचायत की बैठक वहाँ के पंचायत अध्यक्ष अब्बास अंसारी की अध्यक्षता में हुई । डाला कला पंचायत की बैठक वहाँ के पंचायत अध्यक्ष श्यामा राम की अध्यक्षता में हुई । इस महत्वपूर्ण बैठक में पंचायत कमेटी के अध्यक्ष सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस बैठक में बूथ कमेटी बनाने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई । पार्टी के बूथ कमेटी बनाने के निर्णय से कार्यकर्ता काफी उत्साहित थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिये उन्हें पार्टी की तरफ से जो ज़िम्मेदारी मिलेगी उसके लिये वो तैयार हैं।

शहर के गांधी मैदान में धमाल मचा रही डांडिया क्वीन सिमरन आहूजा

आज रात कांटा लगा गर्ल शेफाली जरीवाला बिखेरेंगी अपना जलवा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नवरात्रि में डांडिया और गरबा का अपना खास महत्व होता है। डांडिया व गरबा का आयोजन देश के महानगरों के अलावे खास शहरों में खूब होता है। नवरात्र के मौके पर होनेवाले इस विशेष आयोजन में गरबा का धमाल मचता है। नवरात्र के पूर्व से ही इसकी तैयारी की जाती है। महानगरों में आयोजित होने वाली गरबा व डांडिया के कार्यक्रमों में वॉलीवुड की नामचीन हीरोइनों के अलावे सेलिब्रिटीज शामिल होती हैं। इसी तर्ज पर इस साल मेदिनीनगर में भी डांडिया नाइट का आयोजन किया गया है।डांडिया क्वीन कही जाने वाली सिमरन आहूजाशामिल होंगी। इनके अलावा कांटा लगा गर्ल शेफाली जरीवाला भी अपना जलवा बिखेरेंगी। डांडिया नाइट का आयोजन पलामू के गांधी मैदान में होना है। इसकी तैयारी पूरी

हो चुकी है। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आनंद शंकर ने बताया कि डांडिया नाइट को लेकर तैयारी की गई है। पलामू के इलाके में पहली बार इस तरह का आयोजन हो रहा है।आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह है और उनका काफी सहयोग भी मिल रहा है। पूर्व मिस इंडिया और डांडिया क्वीन कही जाने वाली सिमरन आहूजा पलामू पहुंच चुकी हैं।सिमरन आहूजा के नेतृत्व में पलामू में डांडिया और गरबा की धूम मचने वाली है। गुरुवार को शेफाली जरीवाला भी पलामू पहुंचेंगी और अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला विंग के नेतृत्व में पलामू में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया है। मीडिया से बात करते हुए सिमरन ने कहा कि वे पलामू के लोगों को झुमाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नवरात्र के दौरान डांडिया और गरबा का एक अपना महत्व है। डांडिया पर वह एक पुस्तक भी लिख चुकी हैं।इसके अलावा डांडिया के लिए वे कई खिताब भी जीत चुकी हैं। उनके गाने और डांस को जरूर हर कोई इंजॉय करेगा।

मिशन समृद्धि संस्था का शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पढ़े पलामू बढ़े पलामू इसे चरितार्थ करने में मिशन समृद्धि संस्था की अनोखी पहल लाजवाब है। अनोखी इसलिए कि बिना संसाधन का वर्षों से यह संस्था जरूरतमंदों को निष्ठा के साथ रोटी ही नहीं बल्कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का काम और समाज में वंचित समाज के बच्चे को शिक्षित करने का उत्कृष्ट कार्य करते चली आ रही है। जिसके लिए सदस्यों को कोई आर्थिक सहयोग नहीं मिलता लेकिन वे सभी अपना श्रेष्ठ देने में कभी पीछे नही रहते। यह संस्था मेदिनीनगर के कचरवा टोला में जहां बच्चों को खुद का ज्ञान नहीं उन्हें अच्छे बुरे का अंतर नहीं मालूम न तो उनके माता-पिता ही उन्हें कुछ अच्छी सीख दे पाते थे ऐसी जगहों पर भी समृद्धि टीम उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया। पांकी रोड जनकपुरी में भी समृद्धि की पाठशाला में बच्चे आज समृद्ध होते नजर आ रहें हैं। निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला में नैतिक शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। क्योंकि नैतिकता के अभाव में एक अच्छा इंसान बनना संभव नहीं है। इस पाठशाला का एक मात्र लक्ष्य है समाज को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक सौंपना है। बच्चों के लिए अपना समयदान देने वाली टीम सदस्य बैजन्ती गुप्ता, रंजीता ,अहिल्या गिरि, वन्दना श्रीवास्तव ,ऋषि कुमार, वीणा गुप्ता इन सबों का योगदान सराहनीय है।

आस्था — पलामू के पांच पूजा पंडाल, जो लाखों की लागत से बन कर हो रहे तैयार

चारों तरफ उत्साह का माहौल, पूजा की तैयारी अंतिम चरण में

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नवरात्रि में शहर के जीनियस क्लब के द्वारा अयोध्या के राम मंदिर पर आधारित मां दुर्गा का पंडाल बनाया जा रहा है। जिसकी लागत 10 से 11 लाख रुपए है। बंगाल से कारीगर आकर राम मंदिर के प्रारूप निर्माण के लिए लगे हुए हैं। पिछले वर्ष भी जीनियस क्लब के द्वारा बौद्ध मंदिर का प्रारूप बनाया गया था। वहीं इस वर्ष मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। दूसरा पंडाल मेदिनीनगर शहर के साहित्य समाज चौक पर,तीसरा पंडाल पलामू जिले के रेहला में 1998 से स्थापित नव युवक संघ द्वारा इस बार दक्षिणेश्वर काली मंदिर का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। चौथा पंडाल पलामू के मेदिनीनगर शहर के पंच मुहान चौक के

पास जय भवानी संघ बना रहा है। पांचवा पंडाल पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के एसपी कोठी रोड आबादगंज में सम्राट क्लब द्वारा 1998 से पूजा आयोजित की जा रही है। पंडाल के साथ मूर्ति भी खास बंगला मूर्ति तैयार की जा रही है। जिसके लिए 1 महीने से कारीगर आकर मूर्ति तैयार कर रहे हैं। मां दुर्गे की मूर्ति करीब 15 फिट की होगी। वहीं लक्ष्मी गणेश और सरस्वती, कार्तिके की मूर्ति 10 फिट की होगी। पंडाल भी इस बार खास तौर से वृंदावन के चंद्रोदय मंदिर के तर्ज पर बनाया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 70 फिट की होगी। इस बार पूजा आयोजन में करीब 10 लाख रुपए का लागत लग रहा है। जिसमें प्रतिमा में 60 से 65 हजार, पंडाल में 2.5 से 3 लाख और बाकी अन्य आयोजन में लग रहे हैं।

गागर में सागर

पंचायत सचिव व मुखिया प्रतिनिधि ने की लंबित प्रधानमंत्री आवास की जांच

चिनिया। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल के चपकली गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच पंचायत सचिव कमलेश कोरवा व मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुनी साह ने की। इस दौरान लाभुकों के घर पहुंच कर आवास की जांच की गई। जिन लाभुकों का आवास कार्य प्रगति पर है, उनको पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं जिन लाभुकों ने 40000 लेने के बाद भी अभी तक आवास निर्माण कार्य की नींव तक नहीं खोदी है उन्हें चार दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य को शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पैसे की रिकवरी भी की जाएगी। कोरवा ने बताया कि पंचायत के कई गांवों में प्रधानमंत्री आवास कार्य लंबित पड़े हैं। संबंधित लाभुकों के घर पहुंचकर कार्य को अविलंब पूरा का निर्देश दिया गया है। मौके पर वार्ड सदस्य रामबली सिंह, प्रधानमंत्री आवास के स्वयंसेवक अर्जुन सिंह, जैनूल यादव छोटू भूइयां आदि मौजूद थे।

प्रधानाध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

श्री बंशीधर नगर। संकुल संसाधन केंद्र उच्च विद्यालय चितविश्राम में संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को स्विफ्ट चैट बोट एप आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक संकुल साधन सेवी संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण में स्विफ्ट चैट एप आधारित शिक्षक सहायक और डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस चैट बोट सभी विद्यालयों में लागू किया जाना है। डिजिटल युग में स्विफ्ट चैट बोट के माध्यम से शिक्षक अपने वर्गकक्ष जाने से पूर्व शिक्षक सहायक चैट बोट के उपयोग से लेसन प्लान, वर्कशीट और वीडियो के माध्यम से अपने वर्गकक्ष में सीखने-सिखाने के विधि आसान कर पायेंगे। वहीं बच्चे प्रत्येक सप्ताह शनिवार से अगले सप्ताह शुक्रवार तक साप्ताहिक क्विज के माध्यम से सीखने का लर्निंग स्तर आसानी से समझ पायेंगे। प्रशिक्षण में शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, उदय कुमार, सुग्रीव राम, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार सिन्हा, नरेंद्र श्रीवास्तव, जगरनाथ राम, नरेश राम आदि उपस्थित थे।

मुखिया और कर्मी किए गए प्रशिक्षित

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत विकास सूचकांक संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित मुखिया व कर्मियों को मुख्य प्रशिक्षक सह प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक ने पंचायत विकास सूचकांक की जानकारी देते हुये कहा कि पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को परफॉर्मेंस के आधार पर सर्वे कर ग्रेडिंग की जायेगी। ग्राम पंचायतों को प्राप्त स्कोर के आधार पर प्रत्येक जिले के एक ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया जायेगा। उस पंचायत के विकास के लिये अलग से राशि उपलब्ध कराई जायेगी। यह सर्वे प्रत्येक वर्ष कराया जायेगा। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पंचायत लक्ष्य प्राप्तकर्ता, 75-90 अंक प्राप्त करने वाले पंचायत अग्रणी पंचायत, 60-75 अंक वाले पंचायत प्रदर्शन कर्ता, 40-60 अंक वाले पंचायत आकांक्षी, 40 से कम अंक वाले पंचायत को शुरुआती के रूप में ग्रेडिंग की जायेगी। सर्वे के बाद संबंधित लाइन विभाग के नोडल पदाधिकारी द्वारा जांच कर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अग्रेतर प्रेषित करेंगे। प्रशिक्षण में मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, विवेक कुमार, उषा देवी, कुमारी रेखा, पंचायत सचिव बिरेंद्र सिंह, नंदकुमार मेहता, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

कार्य सूची उपलब्ध कराने की अपील

मझिआंव। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों की बैठक बुलाई गई। इसमें कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सभी वार्ड पार्षदों को अपने -अपने वार्ड क्षेत्र से संबंधित अति आवश्यक कार्यों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की गई और कहा गया कि नगर पंचायत कार्यालय को जितनी जल्दी समस्याओं की सूची उपलब्ध कराई जाएगी उतनी ही जल्द उसका समाधान किया जा सकता है। साथ ही सभी वार्ड पार्षदों से अपने -अपने वार्ड क्षेत्र में राजस्व जमा करने हेतु आमजनों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचना देने के लिए नंबर जारी किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि बोर्ड भंग होने के बावजूद भी नियमित अंतराल पर बैठक का आयोजन किया जाएगा ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

डीएवी में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

भवनाथपुर। डीएवी भवनाथपुर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने आकर्षक फैंसी ड्रेस का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। एलकेजी से गार्गी ने प्रथम स्थान, सांवी गुप्ता ने द्वितीय स्थान, एडविन एक्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी से अर्णव साहदेव ने प्रथम स्थान, इशिता प्रिया ने द्वितीय स्थान, आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम लिली से अविरल चौबे प्रथम स्थान, ओम नमामि द्विवेदी ने द्वितीय स्थान, अराध्या कुमारी एवं अथर्व चौबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम रोज से रचितदेव पांडे ने प्रथम स्थान, भास्करनाथ ने द्वितीय स्थान, चैतन्य यादव एवं शिप्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय लिली से विकी पांडे ने प्रथम स्थान, प्रत्युष ने द्वितीय स्थान, अनमोल चौबे एवं आर्या सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय रोज से वैष्णवी ने प्रथम स्थान, सिवन्या ने द्वितीय स्थान, आन्वी एवं ज्योति जेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, शिक्षिका रंजना वर्मा बबलू कुमार, सीसीए इंचार्ज बी बी शाहू, संजय राय भट्ट मौजूद रहे।

वृद्ध दंपती पेंशन की आस में भीख मांगने को हो रहे विवश

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़

प्रखंड के परसवार पंचायत अंतर्गत मुटकी गांव निवासी वृद्ध दंपती को पेंशन नहीं मिल रही है। इसके कारण भीख मांग कर गुजारा करने को विवश हैं। वृद्ध दंपती 70 वर्षीय भूखल भुईहर तथा उसकी पत्नी 65 वर्षीय कवलपति देवी, जो आंख से पूरी तरह अंधी है, जीविकोपार्जन की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार में भीख मांग कर अपनी जरूरत पूरा कर रहे हैं। बड़गड़ बाजार में भीख मांगने के दौरान पूछे जाने पर दंपती ने बताया कि उन्हें सरकार से मात्र महीने में 9 किलो राशन मिलता है, जो हम दोनों के लिए पर्याप्त नहीं है। राशन के अतिरिक्त इन्हें किसी तरह की सरकारी सुविधा नहीं मिल रही है। दंपती ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि उन्होंने पेंशन दिलाने के लिए कई बार पंचायत के मुखिया एवं अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि से संपर्क किया है। लेकिन

किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। पेंशन की आस में आज भी वे दर-दर कि ठोकर खाते हुए भीख मांग कर अपना पेट पाल रहे हैं। दृष्टि विहीन वृद्ध कवलपति देवी ने प्रेस के माध्यम से उपायुक्त से पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग मांग की है ताकि उनके जीवन का आखिरी दौर भीख मांगने में न गुजरे, सरकार की मदद से जीवन बसर सही तरीके से कर सके।

एनएच-75 : अतिक्रमणों पर चली जेसीबी

नवीन मेल संवाददाता। रमना

उपायुक्त शेखर जमुआर के आदेश के आलोक में बुधवार को एनएच-75 के दोनों तरफ दुकान एवं मकान के आगे के फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान चलाया गया। रमना मुख्य पथ पर दो-चार पहिया वाहनों की घंटों पार्किंग, दुकान के सामने बोर्ड-बैनर, छज्जा तथा चौक-चौराहों के अगल-बगल ठेला, खोमचा से हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है।

जाम से निजात पाने के लिए और आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर उक्त अभियान शुरू किया गया है। अंचलाधिकारी सह बासुदेव राय एवं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाह ने बताया कि जिला के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर अंचल प्रशासन की ओर से यह अतिक्रमण मुक्त अभियान शुरू किया गया है। अभियान में अंचलाधिकारी राजकुमार सिंह, हल्का कर्मचारी दिवाकर सिंह, अंचल अमीन कुंदन ठाकुर, पुलिस पाधिकारी और जवान मौजूद थे। लगातार दो दिनों से मुख्य पथ के दोनों ओर सरकारी अमीन से मापी कराने तथा चेतावनी के बाद भी मुख्य पथ के दोनों तरफ लोगों द्वारा अतिक्रमण मुक्त नहीं करने के कारण जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि दोबारा अतिक्रमण किए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। जब तक अतिक्रमण मुक्त नहीं हों जाता तब तक यह अभीयान चलाया जाएगा।

मंत्री ने किया मेराल प्रखंड के अलग-अलग पूजा पंडालों का भ्रमण

हर घर में नल से प्रति व्यक्ति 55 लीटर मिलेगा जल : मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों में पूजा पंडाल का भ्रमण किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर गढ़वा के सुख, शांति, समृद्धि एवं विकास की कामना की। सभी पूजा पंडालां में सहयोग राशि भी प्रदान किया। मौके पर मंत्री ने अटौला स्थित शिव मंदिर मंडप एवं छपरवार स्थित देवी मंडप का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। पूजा समिति के लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। मंत्री ने समिति के लोगों को सम्मानित भी किया।

मौके पर मंत्री ने उपस्थित लोगां को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता रानी का आशीर्वाद एवं गढ़वा के जनता के सहयोग से आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से बेहतर विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में पेयजल की काफी समस्या बनी रहती है। बहुत जल्द यह समस्या दूर होगी। आगामी दो साल के अंदर हर घर में नल से जल मिलेगा। पानी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर के हिसाब से पानी मिलेगा। यदि कभी 55 लीटर से कम प्रति व्यक्ति पानी मिले तो आप ठेकेदार को बांधकर घर में रख लें। यदि आपको पूरा पानी नहीं मिलता है, तो ठेकेदार का भी खाना पानी बंद कर दें। उन्होंने कहा कि अपना हक एवं अधिकार लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक होना पड़ेगा। अपना अधिकार लड़कर लेना होगा। यदि ग्रामीण जागरूक नहीं होंगे तो ठेकेदार खर्च बचाने के लिए कम मोटर चलाकर कम पानी भी आपूर्ति कर सकता है। इसके लिए ग्रामीणों की जागरूकता जरूरी है। मंत्री ने कहा कि जब तक हर घर में नल से जल नहीं पहुंचता है तब तक के लिए उन्हांने मुख्यमंत्री से लड़कर प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगवाने की व्यवस्था किया है। इसका टेंडर भी हो चुका है। यथाशीघ्र चापाकल लगाने का कार्य पूर्ण होगा। मंत्री ने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा चयनित स्थान पर ही चापाकल लगेगा। ऐसा नहीं होगा कि झामुमो के नेता, कार्यकर्ता हैं, विधायक के आदमी हैं तो उनके आंगन में चापाकल लगे। ऐसा कभी नहीं होगा। जहां जरूरत हो वहीं लगेगा। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के गद्दी पर जो लोग बैठे हैं वे झारखंड की जनता को कितना परेशान कर रहे हैं यहां के गरीबों को आवास तक नहीं दिया गया। यह सब माता रानी देख रही हैं। ऐसे लोगां को सबक सिखायेंगी। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट है फिर भी मैं शामिल नहीं हुआ। अपने क्षेत्र के जनता के बीच उनकी समस्या दूर करने के लिए साथ में हूं। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सचिव राजेश बैठा, सुड्डू, मिथिलेश देव, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज भारती, दयानंद तिवारी, उदय तिवारी, नंदू तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, गंगा चंद्रवंशी, रमेश पाल, जयनंदन सिंह, बबीता देवी, सुजाता सिंह, लव कुमार, ललन चंद्रवंशी, प्रदीप साव, अनिल साह, लालबिहारी प्रजापति, अवधेश पासवान, ब्रजेश चंद्रवंशी उपस्थित थे।

विभिन्न राजनीतिक दलों के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

गढ़वा। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के छपरवार खुर्द, चेचरिया, खोरीडीह, विकताम, अरंगी, पढ़ुआ, लोवादाग, संगबरिया, तेनार, बस स्टैंड मेराल (मेराल पश्चिमी), मेराल पूर्वी, गांदा, अरंगी, करकोमा, हासनदाग, गेरूआ, बाना आदि पंचायतों के विभिन्न गावों में स्थित पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रखंड के छपरवार खुर्द दुर्गा पूजा पंडाल भ्रमण के दौरान विभिन्न पार्टियों के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। लोगों ने मंत्री ठाकुर के विकास के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से खोलरा ग्राम निवासी हरिलाल चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, रूकम चौधरी, हरिशंकर चौधरी, पिंटू चौधरी, बिकेश चौधरी, राधा चौधरी, चेचरिया निवासी सकुंती देवी, सुचिता देवी, संजू देवी, सरिता देवी, सुमन देवी, सोनी देवी, लखमनिया देवी, मीरा देवी, रीता देवी, शांति देवी आदि शामिल हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सचिव राजेश बैठा, सुड्डू, मिथिलेश देव, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज भारती, दयानंद तिवारी, उदय तिवारी, नंदू तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, गंगा चंद्रवंशी, रमेश पाल, जयनंदन सिंह, बबीता देवी, सुजाता सिंह, लव कुमार, ललन चंद्रवंशी, प्रदीप साव, अनिल साह, लालबिहारी प्रजापति, अवधेश पासवान, ब्रजेश चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

2 बाइकों की टक्कर में 3 युवक गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता। केतार

केतार पंडा नदी पुल के समीप बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकुंदपुर गांव निवासी जयराम पासवान के दो पंकज पासवान (18 वर्ष) एवं छोटू कुमार (12 वर्ष)अपने गांव मुकुंदपुर से बाइक पर सवार होकर केतार बाजार जा रहा था। वहीं नवाडीह गांव निवासी शाकिर अली का पुत्र शाहिद अंसारी (16वर्ष) केतार बाजार से बाइक से अपने घर नवाडीह जा रहा था। इसी क्रम में पंडा नदी पुल के समीप अनियंत्रित होकर दोनों बाइक आपस में टकरा गई, जिसमें पंकज पासवान का दाहिना हाथ एवं पैर टूट गया है। वहीं छोटू कुमार एवं शाहिद अंसारी को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें लगी हैं। राहगीरों के सहयोग तीनों घायलों को केतार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर रेफर कर दिया।

केतार में फास्ट फूड दुकान में नकदी व सामान की चोरी

नवीन मेल संवाददाता। केतार

कपूर्री गेट के समीप पटेल फास्ट फूड दुकान से मंगलवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने नकद राशि एवं सामान चोरी कर ली। भुक्तभोगी दुकानदार संतोष चौधरी के भगीना पार्थिक पटेल बुधवार की सुबह 11 बजे दुकान पहुंचा तो पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान में रखे 6000 रुपये गायब हैं। वहीं दुकान में रखी गई पानी की बोतल, पेप्सी, मिकचर, कुरकुरा के पैकेट सहित अन्य खाद्य सामग्री भी चोरी कर ली गई है। इसकी सूचना दुकानदार संतोष चौधरी के भगीना पार्थिक पटेल ने केतार थाना को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच जुट गई है। बताते चलें कि उक्त दुकान पिछले एक सप्ताह से बंद थी। इससे पूर्व आमवाडीह गांव की एक दुकान में भी चोरी हुई थी। चोरी की घटनाओं से केतार बाजार में दहशत का माहौल है।

उप स्वास्थ्य केंद्र का हुआ शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड के कुम्बा खुर्द गांव में मध्य विद्यालय के निकट बुधवार को जिला परिषद की ओर से 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उप केंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य बाला रानी ने किया। इस मौके पर रानी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। नये स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का निर्माण हो जाने पर चिकित्सक और नर्स की पदस्थापना के लिये प्रयास किया जायेगा ताकि यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। मौके पर संवेदक अजीत सिंह, जिपस पति प्रमोद कुमार, मनोज पासवान, जसिंता टोपो, मेरीअस्टैला लकड़ा, प्रदीप पटेल, अर्जुन चौधरी, विकास पटेल, विपिन चौधरी, बबन सिंह, महावीर चौधरी, सूरज कुमार, संजय चौधरी आदि उपस्थित थे।

बैठक में होल्डिंग टैक्स की समीक्षा

मझिआंव। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी व स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड ने होल्डिंग टैक्स वसूली की समीक्षा की। नगर पंचायत में राजस्व की वसूली की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि टीम के सभी सदस्य प्रत्येक धृतिकरदाता के घर-घर तक पहुंचे। मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार स्पैरो सॉफ्टेक के जितेंद्र कुमार, रोहित कुमार, राकेश कुमार सिन्हा, विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

झगड़ाखांड में रामलीला शुरू

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

प्रखंड के बनसानी पंचायत के झगड़ाखांड में रामलीला का उद्घाटन मुखिया पति राजेश्वर पासवान ने किया। पिछले चार वर्षों के बाद रामलीला का आयोजन किया गया, जिससे ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। झगडाखांड में विगत 50 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है। इससे पहले रामलीला समिति के नाल वादक रहे लाल मुनि भुइया को श्रद्धांजलि देने के लिए 1 मिनट का मौन रखा गया। मंच का संचालन निरंजन पाठक ने किया। मौके पर पूर्व मुखिया सुखाड़ी भुइया, उप मुखिया अवधेश यादव, पूजा कमिटी के अध्यक्ष जनक राम, सचिव प्रदीप पाठक, मुन्ना यादव, आनंद साह, गौरी शंकर पासवान, रंजीत गुप्ता, विष्णुकांत कुशवाहा, देवेंद्र यादव, शशिकांत ठाकुर, पंकज पासवान, पंकज बैठा, जय प्रकाश गुप्ता, गुलाब यादव, हल्कन यादव, विजय यादव, दिलीप राम, सुदामा गुप्ता, मनमोहन यादव, विद्या पासवान, घनश्याम विश्वकर्मा, पंकज यादव, संतोष ठाकुर उपस्थित थे।

धर्म-कर्म | श्रीराम के चरणों की पहचान हुए बिना मनुष्य के मन की दौड़ नहीं मिटती

सब कामनाओं को छोड़ श्रीराम को भजो : जीयर

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सब कामनाओं को छोड़कर श्रीराम को भजो। जो दिन आज है, वह कल नहीं रहेगा, चेतना है तो जल्दी चेत जा, देख मौत तेरी घातमें घूम रही है। श्रीराम के चरणों की पहचान हुए बिना मनुष्य के मनकी दौड़ नहीं मिटती, लोग केवल भेष बनाकर दर-दर अलख जगाते हैं, परंतु भगवान के चरणों में प्रेम नहीं करते, उनका जन्म वृथा है। जो शांत, दांत, उपरत, तितिक्षु और समाहित होता है, वही आत्मा को

देखता है और वही सबका आत्मरूप होता है। जिन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर- इन छः शत्रुओं को जीत लिया है, वे पुरुष ईश्वर की ऐसी भक्ति करते हैं जिसके द्वारा भगवान में परम प्रेम उत्पन्न हो जाता है। जैसे प्रवाह के वेग में एक स्थान की बालू अलग-अलग - बह जाती है और दूर-दूर से आकर एक जगह एकत्र हो जाती है, ऐसे ही काल के द्वारा सब प्राणियों का कभी वियोग और कभी संयोग होता है। सरलता, कर्तव्यपरायणता, प्रसन्नता और जितेन्द्रियता - तथा वृद्ध पुरुषोंकी सेवा – इनसे मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है, जिससे सब जीव निडर रहते हैं और जो सब प्राणियों से निडर रहता है, वह मोह से छूटा हुआ सदा निर्भय रहता है। स्वामी जी ने कहा कि जो मनुष्य समस्त भोगों को पा जाता है और जो सब भोगों को त्याग देता है, इनमें सब भोगों को पाने वाले की अपेक्षा सबका त्याग करने वाला श्रेष्ठ है। जो संग्रह का त्याग करके अपरिग्रह में रत है, ऐसे चित्त के मलसे रहित हुए ज्ञानवान पुरुष ही निर्वाण को प्राप्त होते हैं। जैसे अग्नि के समीप रहने वाले पुरुष का अंधकार और शीत अग्नि की स्वाभाविक शक्ति से ही दूर हो जाता है, वैसे ही पापी पुण्यात्मा जो कोई भी भगवान को भजता है, वहीं उनकी महिमा को जानता है और वहीं शांति प्राप्त करता है। जब दृश्य नहीं है, तब दृष्टि भी कुछ नहीं है, दृश्य के बिना देखना कहां, दृश्य के कारण ही द्रष्टा और दर्शन हैं। काम, क्रोध, मद, लोभकी खान जब तक मन में है, तबतक ज्ञानी और मूर्खमें क्या भेद है? दोनों एक समान ही हैं।

विशुनपुरा में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकाली गई अमृत कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा

नेहरू युवा केंद्र गढ़वा विशुनपुरा के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश चरण 2 के तहत अमृत कलश यात्रा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया गया। थाना प्रभारी संजय कुशवाहा व सदर पंचायत, अमहर पंचायत के मुखिया ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायतों से वीर शहीदों के सम्मान में लाई गई मिट्टी बड़ी कलश में संग्रहित की गई। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा को नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पूजा

सिंह, दिव्या सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन पिरामल फाऊंडेशन के प्रतिनिधि सत्यम प्रकाश ने किया। महिलाओं के बीच नेहरू युवा केंद्र द्वारा पौधों का वितरण भी किया गया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष उर्मिला देवी मुखिया ललित नारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह जेएसएलपीस बलॉक एडमिन नागेंद्र पाल महिला समूह के स्नेह लता, आरती देवी, रीना देवी अनिता देवी, ममता देवी, रूपम देवी, संगीता देवी, रीमा देवी, रुक्मिणी देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित थे।

गागर में सागर

राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बनाए गए अली हसन अंसारी

बरवाडीह। राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमीरूद्दीन अंसारी ने प्रखंड के वरीय राजद कार्यकर्ता व पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अली हसन अंसारी को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने अंसारी से राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूत करने एवं सामाजिक न्याय पर काम करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। अंसारी को विक्टर केरकेट्टा, सरफराज अंसारी, अलाउद्दीन खान, फिरोज अंसारी, युसूफ अंसारी, फुलवा देवी, अली अख्तर अंसारी, कयूम अंसारी, इकराम अंसारी, अकरम अंसारी, कलीम खान, सलीम खान, असगर खान, अख्तर खान, युसूफ मियां ने बधाई दी।

जेएमएम के जिला अध्यक्ष शाहदेव को चतरा लोस प्रत्याशी बनाने की मांग

बरवाडीह। झारखंड मुक्ति मोर्चा के 20सूत्री सदस्य व पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव को चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने की मांग की है। तिवारी ने इस संबंध में प्रखंड के दर्जनों सदस्यों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिया है। तिवारी ने कहा कि शहदेव पिछले 30 वर्षो से लगातार पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं। वह क्षेत्र के लोकप्रिय नेता के रूप में गरीब, गुरबों, असहाय तथा सभी समुदायों को सुख-दुख में मदद करते रहे हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र को युवा और जुझारू स्थानीय प्रत्याशी की आवश्यकता है और क्षेत्र की जनता भी इस बार स्थानीय सांसद की तलाश कर रही है। तिवारी ने झामुमो सुप्रीमो का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए साफ सुथरी छवि और जुझारू संघर्षशील नेता शहदेव को चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से एक सबसे मजबूत प्रत्याशी बताया है। इसके साथ तिवारी की ओर से शहदेव को प्रत्याशी बताते हुए बरवाडीह प्रखंड समेत अन्य जगहों में पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं। मौके पर उपाध्यक्ष महबूब आलम, सिराजुद्दीन अंसारी, अशोक कोरबा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

युवाओं को प्रेरित करने को किया रक्तदान

लातेहार। पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अजय निषाद एवं सत्यम द्विवेदी ने अगले एक माह तक लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों में रक्तदान करने के लिये युवाओं को प्रेरित करने के लिये एवं अभियान को सफल बनाने को लेकर स्वयं आगे बढ़ कर रक्तदान किया गया। मौके पर फाउंडेशन के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रोग्राम मैनेजर देबांजन बनर्जी एवं लातेहार ब्लड बैंक प्रभारी विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

बीडीओ ने लिया पूजा पंडाल का जायजा

गिद्धौर। प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने जायजा लिया। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा के साथ अग्निशमन यंत्र रखने व सभी पूजा समिति के सदस्यों को बैच निर्गत करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ पर्व को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की लोगों से अपील की।

देवी स्त्रोत माई प्रबल का म्यूजिक लॉन्च

इटखोरी। मेलोडी रिर्टन्स की ओर से नवरात्र पर माता भद्रकाली का देवी स्त्रोत माई प्रबल दंड प्रचंड भुजबल का

म्यूजिक इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जनार्दन पासवान द्वारा लॉन्च किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी नागेश्वर पांडेय से लिए गए देवी स्त्रोत को मेलोडी रिर्टन्स के अभिषेक प्रधान ने अपनी धुन और अपना स्वर दिया है। अभिषेक प्रधान वर्तमान में टीवी रियलिटी शो इंडियन आइडल से भी जुड़े हुए हैं। मौके पर न्यास बोर्ड के कोषाध्यक्ष विजय चौरसिया, सदस्य श्याम प्रसाद सिंह, भाजपा जिला महामंत्री मृतुन्जय सिंह, रसिक शिरोमणि, रामदहीन सिंह, अनिल सिंह, मंदिर मुख्य पुजारी नागेश्वर पांडेय आदि उपस्थित थे।

भुईयां समाज कल्याण समिति की बैठक

कुंदा। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में देवी पंडप चबूतरा पर इंद्रदेव भारती की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें सामाजिक कुरीतियां जैसे अशिक्षा, नशाखोरी, बाल विवाह, अंधविश्वास आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं बैठक में कई वक्ताओं ने समाज को सांगठनिक रूप से एकजुट रहने की बात कही। बैठक में समिति प्रखंड अध्यक्ष संजय भुईयां, राकेश भारती, महेंद्र भारती, अजय भारती, लालमोहन भारती, रविन्द्र भारती, अजित भारती, अमलेश भारती, जयराम भारती, विनय भारती, सोहराय भारती आदि शामिल थे।

चतरा में निकाली गई अमृत कलश यात्रा

चतरा। चतरा कॉलेज चतरा परिसर में मेरी माटी, मेरा देश के तहत बुधवार को आयोजित अमृत कलश यात्रा में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट राम भरोसे, जिला युवा खेल पदाधिकारी ललिता कुमारी, गंधरिया प्रमुख अनिता यादव, इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार सिंह, सीआरपीएफ के उपनिदेशक अजय कुमार, सदर बीपीओ प्रबल प्रताप नारायण व धीरज कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

दुर्गा पूजा को लेकर महुआडांड़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

दिशा निर्देशों का पालन करें व कानून हाथ में न लें : एसडीएम

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को थाना परिसर में एसडीएम बिपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें। कोई भी बात होने पर विवाद से बचें, कानून हाथ में न लें। असमाजिक तत्वों की पहचान कर हमें सूचना दें, हम सख्त कार्रवाई करेंगे। विवादित गाने न बजायें।

डीएसपी राजेश कुजूर ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर है। पूजा पंडाल के आसपास असामाजिक तत्व नजर आने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। हर पूजा पंडाल व उसके आसपास पुलिस की तैनाती की जाएगी। वहीं बीडीओ अमरेन डांग, सीओ संतोष कुमार बैठा, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान और एसआई संजय रतन ने पूजा समितियों से गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करते हुए पूजा आयोजित करने की अपील की। सोशल मीडिया गुप के संचालन पर नजर रखकर भ्रामक खबर चलाने वालों पर कारवाई की बात कही गई।

बैठक में जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, उपप्रमुख सह 20सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज, भाजपा नेता संजय जायसवाल, बजरंग दल के पलामू विभाग संयोजक सूरज प्रसाद, विहिप के प्रदीप जायसवाल, आरएसएस के खंड प्रमुख राजन कुमार, संत जोसेफ विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलिप एक्का, सरना समिति के अजय कुमार उरांव, सरस्वती शिशु विद्यालय के प्राचार्य चंद्र कुमार बेसरा, हिंदू महासभा के संरक्षक बृजमोहन जायसवाल, महामंत्री भानू प्रसाद, संजय राय, दिलीप प्रसाद, आनंद नाथ शाह, बिहारी जायसवाल, संदीप कुमार, हरिलाल प्रसाद, रामनरेश ठाकुर, सभी पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि गण आदि मौजूद थे।

अंचलाधिकारी ने पंडालों का किया निरीक्षण

बालूमाथ। पुलिस प्रशासन दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी सक्रिय है। बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम और इंस्पेक्टर ने बुधवार को विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अंचलाधिकारी ने आरा ग्राम स्थित दुर्गा पंडाल, बालूमाथ, मुरपा, बालू ग्राम स्थित दुर्गा पंडाल का निरीक्षण कर पंडाल में सीसीटीवी कैमरा, लाइट सहित ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पूजा समिति को कई दिशा निर्देश दिए गए। अंचलाधिकारी एवं थाना पुलिस ने पूजा समितियों से कहा कि अगर कोई शांति व्यवस्था को भंग करने का कोशिश करे तो इसकी जानकारी तुरंत स्थानीय थाना या मुझे दे सकते हैं। वहीं मंगलवार शाम को पुलिस निरीक्षक शशि रंजन व अंचलाधिकारी सहित दर्जनों सुरक्षा बल बालूमाथ थाने से पैदल चलकर मुख्य मार्ग होते हुए आसपास के गली मोहल्लों में भ्रमण किया। मौके पर अमरवाडीह पीकेट प्रभारी कुबेर साव, एसआई धीरज कुमार, नीतीश कुमार, दुति कृष्ण महतो, संजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

थाना प्रभारी ने दुकानदारों को चेताया

लातेहार। सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बुधवार को अंबा कोठी पंडाल चंदनडीह, ब्लॉक कॉलोनी, नवरंग चौक, शिव मंदिर के समीप सभी पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को नशीले पदार्थ की बिक्री को लेकर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। थाना प्रभारी कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा को देखते हुए पुलिस द्वारा आसामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जगह-जगह पुलिस की तैनाती जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी आसामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगड़ने का प्रयास किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें ताकि वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की सके।

नक्सली संगठन के नाम पर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल

एक पखवाड़ा पूर्व की घटना में पुलिस ने की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर
गिद्धौर थाना क्षेत्र में माओवादी व टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम से संवेदकों से रंगदारी मांगने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस ने करवाई की है। एक पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के गंगापुर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बन रहे जलमीनर कार्य को रंगदारी की मांग को लेकर असामाजिक तत्त्वों ने बंद करने के साथ मजदूरों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया था। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान में पुलिस जुट गई थी।

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशन में सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर अपराधी राजेश कुमार को कुंदा थाना क्षेत्र के बरवाडी से गिरफ्तार के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा टीएसपीसी व माओवादी के नाम से संवेदकों से रंगदारी की मांग कर रहे थे। गिरफ्तार अपराधी के पास से रंगदारी मांगने में प्रयोग किए गए दो मोबाइल, संवेदको के नाम व मोबाइल नंबर लिखा चार प्रति में सूची भी जब्त किया गया है। इस कांड में संदिग्ध अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पत्थलगड़ा के सचिन कुमार दास के साथ अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

बस की चपेट में आने से बाइक सवार हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के समीप तीखी मोड़ के पास अज्ञात बस की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल हो गए। घायल महादेव नायक (30) एवं रंजीत नायक (25) सरजू के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को दी। एएसआई प्रदीप कुमार राय एवं मिश्रा मांझी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को पुलिस प्रशासन एवं समाजसेवी अख्तर अंसारी के सहयोग से मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर ने दोनों घायलों को लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाइक सवार डालटेनगंज की ओर से लातेहार सरयू जा रहे थे। विपरीत दिशा से बस आ रही थी। इस बीच बस और बाइक में टक्कर हो गई।

नवरात्र में महुआडांड़ भक्तिमय हुआ, मंदिरों में उमड़ रही भीड़

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
शारदीय नवरात्र हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महुआडांड़ रामपुर, राजडंडा, बोहटा, बराही, नेतरहाट, हामी, व चटकपुर में संबंधित ग्राम पूजा समिति द्वारा मां दुर्गे की प्रतिमा को स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है। विशेष तौर पर महाआरती एवं नवपराह्न पाठ में भक्तों की भीड़ देखने का मिल रही है। वहीं हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि षष्ठी को बेल वरण, सप्तमी को प्राण प्रतिष्ठा, दशमी को स्थानीय बस स्टैंड में रावण दहन किया जायेगा। नवमी व दशमी दोनों दिन भंडारा का आयोजन किया जायेगा। एकादशी को शोभायात्रा निकाल कर मूर्ति विसर्जन किया जायेगा। महुआडांड में कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, मुख्य संरक्षक बृजमोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, महामंत्री बिजय प्रसाद, भानू प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता (खाद्य दूकान), दिलीप कुमार गुप्ता, प्रशांत सिंह, हीरा जायसवाल, अजय प्रसाद (आढ़त), संदीप कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, पंडित सर्वेश पाठक आदि भूमिका निभा रहे हैं। वहीं हिंदू महासभा के तत्वाधान में महुआडांड स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में इस वर्ष पहली बार पूजा पंडाल का निर्माण कार्य हो रहा है। ये पूजा पंडाल मंदिर के लुक में नजर आयेगा। जायसवाल ने बताया कि पंडाल का उद्घाटन शनिवार को विधायक रामचंद्र सिंह करेंगे।

गढ़वाटांड़ पूजा समिति इस वर्ष 15 लाख खर्च करेगी

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के नवयुवक क्लब दुर्गा पूजा समिति गढ़वाटांड़ नवरात्र में रंगारंग कार्यक्रमों एवं आर्कषक मूर्ति एवं पूजा पंडाल को लेकर पूरे क्षेत्र में मशहूर है। समिति अपने 18वें स्थापना वर्ष पर भव्य पंडाल का निर्माण कर रही है, जिसे ओडिशा के कलाकारों द्वारा आकर्षक रूप दिया जा रहा है। पंडाल बनाने में तीन लाख से अधिक खर्च आने की उम्मीद है। वहीं मां दुर्गा की प्रतिमा में 40 हजार का खर्च आएगा, जिसमें माता की लगभग 10 फीट ऊंचाई की मूर्ति बनाई जा रही है। इसके अलावा पंडाल में बंगाली रीति रिवाज द्वारा बंगाली पंडित द्वारा माता की पूजा की जाती है। समिति के सक्रिय कार्यकर्ता राजदीप रिकी ने बताया कि पूजा पंडाल में इस वर्ष 15 लाख से अधिक खर्च आने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी भोजपूरी स्टार के द्वारा दुर्गा पूजा के नवमी और दशमी को भक्ति जागरण और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कलाकार अभिनेता - मगहिया सुपर स्टार ओम प्रकाश अकेला (बिल्डरवा के पापा), भोजपुरी हीरो मोनू अलबेला और अभिनेत्री निशा उपाध्याय, लोक गायक गायत्री यादव और अनेकों कलाकार शिरकत करेंगे। भव्य स्टेज और अयोध्या साउंड गढ़वा के द्वारा मधुर साउंड सिस्टम लगाया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष लोकनाथ राम, सचिव लक्ष्मण मिस्त्री के साथ जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, सुबोध कुमार, पंकज कुमार, संतोष कुमार, मयंक विश्वकर्मा, राजदीप रिकी, उत्तम कुमार, मुन्ना आदि शामिल है।

ओडिशा के कलाकार दे रहे पंडाल को आकर्षक रूप

इटखोरी में 1993 से हो रही है मां दुर्गा की सार्वजनिक रूप से पूजा

नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी(चतरा)
इटखोरी प्रखंड अंतर्गत परोका में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा 1993 से शरदीय नवरात्र पर पूजा का आयोजन किया जा रहा है। हजारीबाग हिंदू हाई स्कूल के सेवानिवृत्त प्राचार्य बद्री प्रसाद के नेतृत्व में इसकी शुरुआत की गई थी। प्रारंभ काल में पूजा तिरपाल डालकर की जाती थी। आज उसी जगह पर समिति द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कर एवं आकर्षक पंडाल के साथ पूजा की जाती है। समिति के पूर्व अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह, पूर्व सचिव बिनय कुमार सिन्हा का इसमें अहम योगदान रहा है। पूजा आसपास के 16 गांवों परोका कला, परोका खुर्द, रोमी, कल्याणपुर, सेरद, कनौदी, बिशनपुर, सीरिया, महौदा, बढ़ीचक, हुड़िया, बानाजांग, थवई, लोरम, पकरिया के सहयोग से की जा रही है। इस समिति को दिलीप सिंह, गौतम सिंह, प्रत्युष राणा, अभिमन्यु राणा ने भी अध्यक्षीय काल में विकसित करने में अहम योगदान दिया है। समिति का पंडाल पूरे प्रखंड में सबसे अलग बनाया जाता है। इससे हर वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त होता है। पंडाल निर्माण रोमियो टेंट हाउस इटखोरी द्वारा की जा रही है।

कार्यशाला में शामिल नहीं हुए मुखिया व कई पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड
आकांक्षी प्रखंड में चयनित जिले के मयूरहंड प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त के आदेशानुसार एक दिवसीय पंचायत विकास सूचकांक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व संचालन पंद्रहवीं वित्त के प्रखंड समन्वयक प्रमोद कुमार ने की।

ज्ञात हो कि कार्यशाला में सभी विभाग के पदाधिकारी व मुखिया को अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना था। पर फुलांग, करमा, मंझगावा, बेलखोरी एवं सोकी पंचायत के मुखिया कार्यशाला में उपस्थित नहीं हुए। इसके अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, वन विभाग एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी भी कार्यशाला से दूरी बनाये रहे। कार्यशाला में उपस्थित अन्य विभाग के पदाधिकारी व मुखिया को पंचायत में अन्य विभाग द्वारा की गई कार्यों को पेमाइस करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। साथ ही सभी पंचायत स्वयं सेवकों को पंचायतवार कार्यो की उपयोगीता सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कार्यशाला में उपस्थित नहीं होने वाले विभाग के पदाधिकारी से स्प्टीकरण की मांग करते हुए वरीय पदाधिकारी को सूचीत करने की बात कही। करमा मुखिया रामनाथ यादव ने बताया कि कार्यशाला की जानकारी मुझे नहीं थी। कार्यशाला में कदगावांकला मुखिया अशोक कुमार भुईयां, पंदनी मुखिया अजय कुमार भुईयां, मयूरहंड मुखिया मृदुला देवी, हुसिया की उर्मिला देवी, पेटादेरी की कलावती कुमारी, पंसस माया देवी, पंचायत सचिव सतीश मिश्रा, चंदन कुमार, बीटीएम राजेश कुमार के अलावा प्रज्ञा केंद्र संचालक, पीएसएस के अलावा प्रखंड व सीएसपी संचालक उपस्थित थे।

बिपिन दुबे ने महुआडांड़ के एसडीएम का प्रभार संभाला

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
बिपिन कुमार दुबे ने बुधवार को महुआडांड़ एसडीएम का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर दुबे ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता सरकार की जो गाइडलाइन है उसका अक्षरशः पालन कराना है। पत्रकारों एवं आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास आपलोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। एसडीएम ने कहा कि प्रखंड का चहुमुंखी विकास करना ही मेरा मकसद है। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। वहीं निवर्तमान एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने सहयोग के लिए स्थानीय लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही प्रभार ग्रहण करने आये नए एसडीएम बिपिन कुमार दुबे को भी सहयोग करने की अपील की।

धर्म-कर्म | श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक अनन्या शर्मा ने कहा

कोई किसी का नहीं, इसलिए अहंकार का त्याग करें

नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर
दुनिया में जिसे आप अपना समझते हैं वह आपका है ही नहीं, ना यह धन ना मकान ना यह तन। हमें सिर्फ यह लगता है कि यह सब हमारा है। पर शरीर भी हमारा नहीं है। यह भी हमें पांच महाभूतों के अंशदान से प्राप्त हुआ इसलिए यदि इस शरीर को पंचायती धर्मशाला कहा जाए तो गलत नहीं है।

उक्त विचार प्रतापपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास अनन्या शर्मा जी चौथे दिवस पर कथा सुनाते हुए व्यक्त किये। रजाबेन की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा की अहंकार किसी का नहीं चलता, राजा बेन भी अपने अहंकार में स्वयं को भगवान समझने लगे थे। तब उनका अहंकार साधु संतों द्वारा नष्ट किया गया। आगे चलकर उनके ही वंश में राजा भरत हुए।

राजा भारत की कथा सुनते हुए कहा कि यदि आपके अंत समय में आप जिसके विषय में सोचते हैं आपकी आशक्ति जिसमें होती है आपको वही मिलती है। जिस प्रकार राजा भारत के द्वारा संन्यास लेने के बावजूद उनके हृदय में हिरण के विषय में स्मृतियां थी तो उन्हें अगली योनि हिरण की ही मिली। इसलिए कहा जाता है कि अपने अंतिम समय में व्यक्ति को ईश्वर के नाम का स्मरण करना चाहिए। गयासुर की कथा सुनाते हुए बताया कि गयासुर एक राक्षस थे परंतु उनके कर्मों के कारण स्वयं भगवान को उनके पास जाना पड़ा और उन्हें आशीर्वाद देना पड़ा। जो भी उनके गयाधाम जाकर अपने पितरों का तर्पण करते हैं उन्हें सीधे मोक्ष की प्राप्ति होगी। भगवान के नरसिंह अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि आप भगवान को सच्चे हृदय से भजेंगे तो भगवान हर समय आपकी मदद के लिए जरूर आएंगे। इसके पश्चात आरती पूजन के पश्चात कथा संपन्न हुई। प्रवचन कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने स्त्रोतों को बैठने की व्यवस्था पूजा कमेटी के अध्यक्ष राजन गुप्ता व अन्य सदस्यों द्वारा की गई।

ईस्ट जोन कराटे प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के दो कराटे खिलाड़ियों ने कोलकाता में आयोजित ईस्ट जोन कराटे प्रतियोगिता में प्रखंड का नाम रोशन किया। कोलकाता के दमदम अमल दत्ता इंडोर स्टेडियम में हुई 14, 15 अक्टूबर तक दो दिवसीय ईस्ट जोन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें लातेहार जिले से कई खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया था। बालक वर्ग (10वर्ष) के 30 किलोग्राम भार वर्ग की कुमीते कैटेगरी में इत्थेन आशय टोप्पो एवं 13 वर्ष के 40 किलोग्राम भार वर्ग की कुमीते कैटेगरी में रमन दीप टोप्पो ने कांस्य पदक जीत कर प्रखंड, जिला और राज्य का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उतर प्रदेश, बिहार, झारखंड व मणिपुर के कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें लातेहार जिला कराटे डु एसोसिएशन के अध्यक्ष सेन्सेई मदन लाल नेशनल जज व रेफरी नियुक्त किये गए थे। वहीं जिला के कराटे प्रशिक्षक संगीता टोपनो झारखंड से कराटे टीम के रूप में रेफरी नियुक्त किये गए थे।

गागर में सागर

भंडरा में सुधा डेयरी की गाड़ी पलटने से खेत में बह गया दो हजार लीटर दूध

भंडरा। भंडरा रांची मुख्य सड़क पर कुंदो गांव के पास 18 अक्टूबर को सुधा डेयरी की पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इससे कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गाड़ी में लदा 50 लीटर का करीब 50 गैलन दूध सड़क किनारे स्थित खेत में बह गया। यह गाड़ी लोहरदगा से विभिन्न दूध संग्रह केंद्रों से दूध लेते हुए रांची की ओर जा रही थी। इसी क्रम में कुंदो गुड़गुड़टोली मोड़ के पास गाड़ी पलट गई।

बैठक में आवेदनों के अनुमोदन पर चर्चा

सेन्हा। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में जिप सदस्य राधा तिर्की की अध्यक्षता में प्रखंड पशुपालन विभाग की बैठक हुई। झारखंड सरकार के कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा किसानों का आय वृद्धि योजना के अन्तर्गत गाय, बकरी, शूकर, मुर्गी, बतख पालन के लिये लाभुकों द्वारा प्राप्त आवेदन को अनुमोदन कर स्वीकृति के लिये जिला कमिटी को भेज गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा 50, 75 और 90 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर किसानों को आय वृद्धि कर जीविकोपार्जन के लिये पशुधन योजना के तहत पशु दिया जायेगा। प्रखंड क्षेत्र से बकरी 142, गाय 110, शूकर 27, बॉयलर मुर्गी 22, लेयर मुर्गी 12, बतख 48, कुटी मशीन 13, डीप बोरिंग 16 और बैल 5 लाभुकों को देने के लिये अनुमोदित किया गया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, डॉक्टर रोहित कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत सहित अन्य मौजूद थे।

'मशीन से होती है कार्य में आसानी'

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में छात्र छात्राओं को दैनिक जीवन मे मशीन की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय शिक्षा निदेशालय के निर्देशन में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद तथा झारखंड विज्ञान प्रावैद्यगिकी एवं नवाचार परिषद की संयुक्त पहल से कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा, नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और उच्च विद्यालय शाहबुटी में विज्ञान पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को मशीन के माध्यम से कम समय मे काम करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि विज्ञान के युग में मशीन द्वारा काम करने से समय बचता है तथा काम भी आसानी से हो जाता है।

लोकपाल ने योजनाओं का किया निरीक्षण

किस्को। जिले के अति सूदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड मुख्यालय में मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी द्वारा प्रखंड कार्यालय में मनरेगा से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। साथ ही क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इसमें बीपीओ तौसिफ इस्लाम, कनीय अभियंता सचिन कुमार, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव रोजगार सेवक मौजूद रहे। इस दौरान लोकपाल इंदु तिवारी द्वारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें ग्राम पेशरार निवासी करमा उरांव, धनपती देवी, जवाखाड़ निवासी बिलासपती देवी, किशोर नगेसिया का मिश्रित आम बागवानी एवं डोभा व सिंचाई कूप व अन्य योजनाओं का निरीक्षण लोकपाल मनरेगा लोहरदगा द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न त्रुटियों का निराकरण करने का निर्देशदिया गया। साथ ही बागवानी योजना में इंटरक्रॉपिंग बनाने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही जॉब कार्ड व मास्टर रोल का सत्यापन किया गया और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हेतु विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए, जिसमें एच टेका का लगाना व सीआईबी लगाने एवं जल कुंड निर्माण हेतु भी निर्देश दिया गया।

समिति ने किया महाआरती का आयोजन

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में हर मंगलवार को महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को नगर क्षेत्र के जयनाथपुर में जय श्रीराम समिति के जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार के नेतृत्व में महाआरती का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए। जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार ने कहा कि सनातन समाज की एकजुटता की परिभाषा आज जयनाथपुर में देखने को मिली, जिसमें काफी संख्या में सरना सनातन समाज के लोग शामिल हुए। मौके पर संगीता कुमारी अभय महतो, नीरु शांति भगत, राजेश महतो, अमरेश भारती, पंकज महतो, संजू महतो, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दया शंकर सिंह, ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, जिला महिला कार्यकारी अध्यक्ष संगीता कुमारी, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, महामंत्री सुशील पटनायक, उपाध्यक्ष अकाश मेहता, सह कोषाध्यक्ष आशीष रजक, संगठन मंत्री सूरज सिंह, गोलू वर्मा, नीरज महतो, प्रवीण महतो, विकास उरांव आदि उपस्थित रहे।

प्रसिद्ध हार्ट सर्जन डॉ. विकास केशरी ने नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम में किया निःशुल्क सफल हार्ट ऑपरेशन

गौतम नर्सिंग होम के सहयोग से बालिका को मिली नई जिंदगी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा/गुरुग्राम

स्थानीय कोर्ट रोड स्थित गौतम नर्सिंग होम एवं गुरुग्राम स्थित नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त सहयोग ने मानवता की नयी मिसाल प्रस्तुत की है। लोहरदगा ज़िला के सेन्हा गांव निवासी संदीप उरांव की चार वर्षीय पुत्री का निःशुल्क ओपन हार्ट ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए गौतम नर्सिंग होम के संचालक पवन कुमार ने बताया कि इस बच्ची के हार्ट में छेद होने की पहचान इसी क्लिनिक में सेवा प्रदान करने वाले बाल रोग विशेषज्ञ डॉ बी के पांडेय ने की थी। उनकी अनुशंसा पर बच्ची के माता पिता ने वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी से इसी क्लिनिक में संपर्क किया। डॉ विकास केशरी ने प्राथमिक जांच के पश्चात इस बालिका के जटिल जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित होने की पुष्टि की एवं आगे की जाँच एवं उपचार के लिए गुरुग्राम स्थित नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल आने का आग्रह किया। डॉ विकास केशरी द्वारा बालिका को ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का आश्वाशन मिलने के पश्चात उसके माता पिता ने गुरुग्राम जाने का निर्णय लिया।

डॉ विकास केशरी ने बालिका के रोग की जानकारी देते हुए बताया कि उसकी संपूर्ण जांच के पश्चात बालिका को एक अत्यंत जटिल जन्मजात रोग से ग्रसित पाया गया जिसके उपचार के लिए ग्रसित रोगी को दो ऑपरेशनों की आवश्यकता पड़ती है। बच्ची के पिता के धैर्य एवं साहस की सराहना करते हुए डॉ विकास केशरी ने बताया

कि बच्ची के जटिल हृदय रोग से ग्रसित होने एवं भविष्य में अन्य आपरेशनों की आवश्यता होने के जानकारी होते हुए भी उसके पिता ने बालिका का ऑपरेशन करवाने का सही निर्णय लिया एवं कुछ गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्थाओं से आर्थिक सहायता लेकर बालिका का सफल हार्ट ऑपरेशन नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल गुरुगम में किया गया। ऑपरेशन के सिर्फ.चार दिन के पश्चात बालिका को अस्पताल से छुट्टी मिल गई एवं एक और सप्ताह गुरुग्राम में रुक कर प्रथम जांच के पश्चात बालिका अपने गांव सकुशल पहुंच गई। डॉ विकास केशरी ने बताया कि अक्सर बच्चों के माता-पिता ओपन हार्ट ऑपरेशन के नाम से भयभीत हो कर या अन्य अनभिज्ञ लोगों की अनर्गल बातों में पड़ कर या तो ऑपरेशन करने से इनकार कर देते हैं या ऑपरेशन करने में विलंब कर देते हैं। ऐसा कदापि नहीं करना चाहिए क्योंकि कई जन्मजात हृदय रोगों के मामले में ऑपरेशन में विलंब करने से या तो रोग असाध्य हो जाते हैं या फिर उनका उपचार बहुत जटिल हो जाता है। जन्मजात रोगों में मामले में रोग की सही समय पर सही पहचान एवं सही उपचार किया जाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है।

डॉ विकास की प्रतिभा निष्ठा एवं सेवाभाव का विवरण देते हुए पवन कुमार ने बताया कि झारखंड के गढ़वा निवासी डॉ विकास केशरी दिल्ली के एम्स से हार्ट सर्जरी का प्रशिक्षण एवं अनुभव प्राप्त कर चुके हैं एवं वर्तमान में रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स इंग्लैंड एवं यूरोपियन बोर्ड ऑफ कार्डियोथोरेसिक सर्जरी दोनों से हार्ट सर्जरी की फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूरे झारखंड प्रदेश के प्रथम और एकमात्र हार्ट सर्जन हैं। डॉ विकास प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को कोर्ट रोड स्थित गौतम नर्सिंग होम में अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं एवं कुछ महीनों के अंतराल पर क्षेत्र की निर्धन जानता के लिए निःशुल्क हृदय रोग जाँच शिविर का आयोजन भी करते रहते हैं। गढ़वा, पलामू लोहरदगा एवं आस पास के अन्य ज़िलों के कई निर्धन रोगियों का सफल हार्ट ऑपरेशन उन्होंने निःशुल्क किया है। इस सुकृत्य के लिये उनके साथ ज़िले के अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने डॉ केशरी का आभार प्रकट किया।

व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की नामित को दिया गया बीस लाख का चेक

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नामित को दो लाख रुपये का मिला चेक

नवीन मेल संवाददाता। कुडू

एसबीआई जेनेरल के पर्सनल एक्सीडेंटल इंश्योरेंस की नॉमिनी कुडू लक्ष्मी नगर निवासी स्व. विकास साहू की पत्नी प्रतिमा देवी को बीस लाख एवं गंगा महतो के नामित पिता शिवनारायण महतो को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का दो लाख का चेक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक धनंजय कुमार सिंह एवं शाखा प्रबंधक समीर त्रिवेदी द्वारा प्रदान किया। विकास साहू ने झरखंड राज्य ग्रामीण बैंक कुडू शाखा में एसबीआई जेनरल इंश्योरेंस का एक हजार रुपये वार्षिक का व्यतिगत दुर्घटना बीमा (पाई) कराया था।

बताते चलें कि कुडू के लक्ष्मी नगर खैनी मुहल्ला निवासी बढ़ई मिस्त्री का काम करनेवाले सुदेश्वर साहू के 27 वर्षीय पुत्र विकास साहू की बीते वर्ष 15 नवंबर 2022 की शाम गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जबकि इस गोली कांड में उसकी पत्नी प्रतिमा देवी और चचेरा भाई राजेश साहू को भी गोली लगी थी। ज्ञात हो कि पूर्व में सड़क दुर्घटना में मरे कोलसिमरी गांव

निवासी गंगा महतो के नामित पिता शिवनारायण महतो को 20 जुलाई 2022 को 10 लाख का (पाई) का चेक प्रदान किया गया था। यह दूसरा मौका है जब ग्रामीण बैंक कुडू शाखा द्वारा दुर्घटना में मृत नामित को बीमा की बड़ी राशि दी गयी है। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक सिंह ने कहा कि एसबीआई का पाई नामित व्यक्ति को बीमा धारक की मृत्यु होने की स्थिति में उसके परिवार को वित्तीय स्थिरता प्रदान करती है। प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक रूप से बीमा कराने की अपील की। शाखा प्रबंधक समीर त्रिवेदी ने सभी खातेधारक को अपना नामित अनिवार्य रूप से देने की बात करते हुए कहा कि नॉमिनेशन ही यह स्पष्ट करता है कि पॉलिसीधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो जाने की स्थिति में दावा राशि का भुगतान किसे किया जाना है। इस अवसर पर कुडू शाखा की सहायक प्रबंधक माम्पी प्रिया सेन, खजांची मिलन कुमार दुबे, एसबीआई जेनरल की शंकुल प्रबंधक सुमित वर्मा, दफ्तरी नंदकिशोर साहू, एफआई प्रबंधनक सुमंत कुमार, एफएलसी अनिल कुमार सहित कई ग्राहक उपस्थित थे।

कुडू के युवाओं ने थामा आजसू छात्र संघ का हाथ

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

आजसू के पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में छात्र संघ कुडू का विस्तार किया गया। इसकी अध्यक्षता छात्र संघ अध्यक्ष आयुष महतो ने की। इस दौरान दर्जनों युवाओं ने आजसू का दामन थामा। मौके पर देव आशीष कुमार राय को कूडू प्रखंड के छात्र संघ अध्यक्ष व प्रकाश पासवान को सचिव बनाया गया।

मौके पर केंद्रीय सचिव अरविंद यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए वह आजसू को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए छात्रों का सहयोग चाहिए क्योंकि आजसू शुरू से ही छात्रों का संगठन रहा है। जब इस संगठन का निर्माण हुआ था तब यह अखिल झारखंड स्टूडेंट यूनियन के नाम से बनाया गया था, जिसका मकसद हमेसा से ही झारखंड के लोगों, छात्रों के हित में कार्य करना रहा है। इसलिए पार्टी में छात्रों का रहना बहुत ही आवश्यक है। लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि छात्र हित के लिए अभी तक वर्तमान सरकार ने कुछ नहीं किया है, जहां तक कि अभी जो ज्वॉइनिंग लेटर युवाओं को दिया जा रहा है वह 2016 में उत्तीर्ण हो चुके छात्रों को सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर से वितरण किया जा रहा है। जैसा कि सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक वर्ष हम युवाओं को रोजगार व छात्रों को बेरोजगारी भत्ता देंगे परंतु अभी तक इस पर कोई भी कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। मौके पर केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, जिला छात्र संघ प्रभारी विजय, लोहरदगा कॉलेज प्रभारी आशीष साहू, मीडिया प्रवक्ता सोनू राज उपस्थित रहे।

लोकतंत्र खतरे में है, देश में आपातकाल की स्थिति : भगत

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

पूर्व विधायक सुखदेव भगत बुधवार को कैरो प्रखंड पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नए गठबंधन 'इंडिया' से केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की सरकार घबरा गई है। केंद्र की मोदी सरकार के पास न तो गरीबों के लिए कोई योजना है और न ही उनके लिए काम करने का हौसला। लोकतंत्र खतरे में है, देश में आपातकाल की स्थिति है आनेवाला चुनाव सिर्फ लोकतंत्र की रक्षा के लिए हैं। इंडिया का संदेश विकास और समावेश का है। यह हमारी सोशलिस्ट और सेकुलर सोच का प्रतिबिंब है। देश की जनता इस बार भाजपा की विदाई कर देगी।

मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान, जेएमएम केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अल्ताफ अंसारी, युवा जिला विधानसभा उपाध्यक्ष लाल विकाश नाथ शाहदेव, जिला सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर मनीष शर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तिला उरांव, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी मोजाहिर अंसारी लच्छू उरांव, फिरोज अंसारी, फूलकुमार भगत सहित गठबंधन के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विद्या मंदिर के छात्र ने जीता स्वर्ण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के भैया कमलेश उरांव क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स) रजरप्पा में आयोजित कार्यक्रम में विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए बाल वर्ग लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक विजेता रहे। यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में आयोजित किया गया था। इसका आयोजन विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र ने किया था। इस प्रतियोगिता में झारखंड और बिहार राज्य के चयनित प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे। इसके साथ ही इसी विद्यालय के भैया राजेंद्र कुमार ने तरुण वर्ग में लंबी कूद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। भैया कमलेश उरांव एवं राजेंद्र कुमार की इस उपलब्धि पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार,

प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

इंटर कॉलेज को 1 गोल्ड, 5 सिल्वर

मां छिन्नमस्तिका शक्तिपीठ की पुण्य भूमि रजरप्पा में चल रहे विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय खेलकूद समारोह एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दूसरे दिन मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने एक गोल्ड और पांच सिल्वर मेडल जीते। विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कॉलेज की ओर से तरुण वर्ग बालिका समूह में पहले सिल्वर मेडल गोला फेक में आकांक्षा पांडे ने जीता। इसके बाद बालक वर्ग गोला फेक में नैतिक राज ने भी सिल्वर मेडल जीता। ट्रिपल जंप में नीलिमा लकड़ा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 3000 मीटर दौड़ में रोहित उरांव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दूसरे दिन स्पधाओं के विराम से पूर्व अल्पना शैली उरांव ने गोल्ड मेडल जीता। सभी विजेताओं को विद्या विकास समिति, स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण और विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही कर्मचारियों ने बधाई दी है।

आयोजन भरनो में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन

प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से फिट इंडिया, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सह आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस, स्वच्छता अभियान 3.0, मेरी माटी, मेरा देश, पीएम विश्वकर्मा योजना, खादी महोत्सव, एक भारत- श्रेष्ठ भारत एवं केंद्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं को लेकर भरनो स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस मौके पर एकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य आदि का आयोजन हुआ। साथ ही मंगलवार को आयोजित कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा टिफिन बॉक्स देकर पुरस्कृत किया

गया। कबड्डी प्रतियोगिता में सुको कुमारी, जसंती कुमारी, होलिका कुमारी, प्रीति कुमारी, रंजीता कुमारी, सोनिमा कुमारी और रोशनी कुमारी पुरस्कृत की गई। दौड़ प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी, होलिका उरांव और मनीषा कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख पारसनाथ उरांव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मलेरिया इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन झरियो केरकेट्टा एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया।

कुडू में रिवाल्वर के साथ दो युवक पकड़े, भेजे जेल

कुडू। थाना क्षेत्र के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला से कुडू थाना पुलिस ने मंगलवार की शाम अपराध की योजना बनाते दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह को सूचना मिली थी कि किसी अपराध की योजना बनाकर दो युवक हथियार के साथ घूम रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला निवासी एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा 29 वर्ष पिता रफीक अंसारी और लातेहार जिले के लेदमा निवासी रसलाम अंसारी 21 पिता मुमताज अंसारी के रूप में हुई है। इनके पास से एक लोडेड रिवाल्वर और दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया।

डीसी ने दिया किसानों को केसीसी का लाभ दिलाये जाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति (बैंकर्स) की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा जिला में केसीसी की स्थिति, सीडी रेश्यो, पीएमईजीपी आवेदन, पीएमएफएमई के आवेदन, पीएम स्वनिधि के आवेदन, जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह को निर्गत ऋण की स्थिति की जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी और जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्राप्त केसीसी आवेदनों का समाधान का योग्य व जरूरतमंद किसानों को केसीसी का लाभ दिलाये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जो छूटे हुए किसान हैं और केसीसी का लाभ नहीं मिला पा रहा है, उन्हें केसीसी का लाभ दिलाये जाने का निर्देश दिया गया। आवेदनों

के निष्पादन के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार कर कार्य निष्पादन का निर्देश दिया गया। बैठक में एजीएम, आरबीआई द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को कर्ज मुक्त अभियान से संबंधित अफवाहों को दूर करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। बैठक में आरबीआई के एजीएम सोहन, अग्रणी बैंक प्रबंधक नवेंदु कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

गागर में सागर

सरकार ने सात देशों को 10 लाख टन से अधिक गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी

नई दिल्ली। सरकार ने नेपाल, कैमरून और मलेशिया सहित सात देशों को 10,34,800 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. (एनसीईएल) के जरिए किया जा सकता है। हालांकि, भारत ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन कुछ देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरत के मद्देनजर सरकार उनके लिए गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति देती है। सरकार ने नेपाल, कैमरून, कोटे डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशल्स को गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी है। अधिसूचना के अनुसार, नेपाल को 95,000 टन, कैमरून को 1,90,000 टन, कोटे डी आइवर को 1,42,000 टन, गिनी को 1,42,000 टन, मलेशिया को 1,70,000 टन, फिलिपीन को 2,95,000 टन और सेशेल्स को 800 टन गैर-बासमती चावल का निर्यात किया जाएगा।

आरबीआई ने आईसीआईसीआई और कोटक महिंद्रा बैंक पर ठोंका 16.14 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आईसीआईसीआई और कोटक महिंद्रा बैंक पर बड़ी कार्रवाई की है। रेगुलेटरी नियमों के उल्लंघन के लिए आरबीआई ने दोनों बैंकों पर जुमार्ना लगाया है। इसमें आईसीआईसीआई बैंक पर 12.19 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक पर 3.95 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को बताया कि नियामकीय नियमों का पालन नहीं करने के मामले में ये कार्रवाई की गई है। आईसीआईसीआई बैंक पर जुमार्ना जहां बैंकिग रेग्यूलेशन एक्ट के प्रावधानों का सही से पालन नहीं करने को लेकर लगाया है। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक पर ये जुमार्ना रिजर्व बैंक की कई गाइडलाइंस के उल्लंघन को लेकर लगाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक ने आरबीआई की रिकवरी एलेंट, बैंक के अंदर कस्टमर सर्विस, फाइनेंशियल सर्विसेस की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता और लोन बांटने से जुड़े गाइडलाइंस का सही से पालन नहीं किया। इसलिए उस पर केंद्रीय बैंक ने जुमार्ना लगाया है। बैंक इन सभी गाइडलाइंस को लेकर सालाना समीक्षा करने में विफल रहा है। केंद्रीय बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक पर फ्रॉड का क्लासिफिकेशन करने और उसकी जानकारी देने में कोताही बरतने को लेकर जुर्माना लगाया है।

शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत सेंसेक्स 66350 से नीचे

नई दिल्ली। शेयर बाजार में गुरुवार को सुस्त शुरूआत हुई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स सपाट खुले। इरए सेंसेक्स 150 अंक फिसलकर 66,300 के नीचे फिसल गया है। निफ्टी भी 30 अंक गिरकर 19,780 के पास ट्रेड कर रहा है। बाजार में सबसे ज्यादा बिकवाली फाइनेंशियल शेयरों में देखने को मिल रहा है। निफ्टी में बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व 1-1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ टॉप गेनर हैं। इससे पहले भारतीय बाजार मंगलवार को हरे निशान में बंद हुए थे। इरए सेंसेक्स 260 अंक ऊपर 66,428 पर बंद हुआ था। बाजार की सुस्त शुरूआत : सेंसेक्स 90 अंक नीचे 66,335 पर, निफ्टी 22 अंक गिरकर 19,788 पर, बैंक निफ्टी 90 अंक टूटकर 44,319 पर रही।

स्टार हेल्थ ने रांची में दावों के निपटारा के लिए 26 करोड़ रुपये का किया भुगतान

रांची। स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की है कि उसने पिछले 15 महीनों में यानी 22 अप्रैल से 23 जून के बीच, रांची में 26 करोड़ रुपये से अधिक के दावों को मंजूरी दे दी है। क्षेत्र में इसके नेटवर्क अस्पताल से प्राप्त सभी दावों में से 23 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के दावे हैं। स्टार हेल्थ ने रांची में कैशलेस दावा निपटान में 22 करोड़ रुपये और प्रतिपूर्ति दावा निपटान में 4 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। अपने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए कंपनी ने सभी कैशलेस दावों का निपटारा 2 घंटे के भीतर कर दिया। ज्यादातर मामलों में, कैशलेस उपचार के लिए प्रारंभिक प्राधिकरण 2 घंटे के भीतर दिया गया था। कंपनी ने दावा प्रस्तुत करने के 7 दिनों के भीतर प्रतिपूर्ति दावों का भुगतान करने का प्रयास किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को प्रतिपूर्ति मार्ग के माध्यम से भी निपटान में परेशानी का सामना न करना पड़े। अप्रैल 2022 से जून 2023 तक 15 महीनों के दौरान, रांची में अधिकांश दावे सर्जिकल उपचार के लिए थे, जिसमें दावों का भुगतान 17 करोड़ रुपये का था । दावों के निपटान में चिकित्सा उपचार की राशि 9 करोड़ रुपये थी।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email ID - dcpspalamu@gmail.com

पत्रांक ...../जि0बा0सं0 दिनांक .....

: आवश्यक सूचना :

महिला, बाल विकास एवं सामजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार आने वाले दिनों में विभिन्न त्योहारों के दौरान बच्चों का मेला, पंडाल, भीड़ होने की संभावना है, जिसमें बच्चों के गुम होने, परिवार से बिछड़ने/भटकने की सूचना विभिन्न स्त्रोंतो से प्राप्त होती रहती है। इससे निपटने हेतु जिले में आवश्यक तैयारी यथाः खोया–पाया की सूचना नीचे दिये गये नम्बर पर किया जा सकता है।

1. चाईल्ड हेल्प लाईन कंट्रोल रूम, पलामू के टोल फ्री नम्बर 1098/112
2. अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, पलामू मो0नं0 – 9031134116
3. जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पलामू मो0नं0 – 7979718354 जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.309475 District(23-24):D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

57वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–पलामू

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–61/22 2. आवेदक–राजमणि मेहता 3. पिता–रामनाथ मेहता 4. ग्राम–कमलपुर पोस्ट–धनगॉव 5. थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज 6. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये गाल में तिल का निशान	बड़बिल थाना काण्ड सं0–33/88 जी0आर0 सं0–100/88	नहीं	कारणः–दिनांक–02.04.1988 को नजायज मजमा बनाकर अलग राज्य की मांग हेतु नारा लगाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने आरोप। धारा–143/188/153 भा0द0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–10 दिन	2(viii)(a)

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 309486 Home(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

mail- rdsdgumla123@gmail.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/17/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	गुमला जिला के डुमरी प्रखण्ड में नटावल से दिना पथ में चरका टोली के चरका नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के बगल में उच्चस्तरीय पुल निर्माण।	4,61,73,500.00	9,23,500.00	10,000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 01.11.2023 से दिनांक 08.11.2023.को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 10.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 309519 Rural Development (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या 15/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि :– दिनांक 31.10.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 01.11.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 01.11.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– Critical Gap मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

गुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि	अग्रधन की राषि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	डुमरी	गुमला जिला अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र डुमरी में अवषेष चाहरदीवारी एवं गेट निर्माण।	5,42,700.00	10,900.00	1250.00	03 माह

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR 309516 (Rural Development) 23-24 (D)

वार्डन, छात्र-छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू

अल्पकालिन निविदा संख्या 01/23–24 शुद्धि पत्र
शुद्धि पत्र

PR-309239 District(23-24)(D) के माध्यम से प्रकाशित, निविदा संख्या–01/2023–24 में टंकित खेलकुद के लिये सामग्री, उपकरण, एवं अन्य सामानों इत्यादि के स्थान पर केवल सामग्री, उपकरण,एवं अन्य समानों पढ़ा जाय।
शेष यथावत् रहेगा।

वाडेन
छात्र–छात्रावास
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।

PR.NO.309505 District(23-24):D

कार्यालय -प्राचार्य, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय, पलामू

अल्पकालिन ई०-निविदा संख्या 06/23–24 रद्द संबंधि सूचना(NIT)

PRNO-309238 District(23-24)_D के माध्यम से प्रकाशित, ई0–निविदा संख्या– 06/2023–24 सामग्री, उपकरण,रसायन इत्यादि का अपरिहार्य कारणों से तत्काल रद्द किया जाता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,
पलामू।

PR.NO.309427 District(23-24):D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

56वीं औपबंधिक सूची
जिला–चतरा (पार्ट–01)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
विवरण :– खलारी थाना काण्ड संख्या–39/89 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी प्रभुदयाल पासवान एवं फुलचन्द टाना भगत द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 200–250 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम तथा पार्टी बैठक पंजी में नाम के आधार पर।	
1.	1. आवेदन क्र0–61/23 2. आवेदक–महादेव ठाकुर पिता–स्व0 जगदीश ठाकुर 3. ग्राम–लुपूंगा पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष आयु–66 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–62/23 2. आवेदक–वासुदेव राणा पिता–नारायण राणा 3. ग्राम–पहरजाम पोस्ट–करनी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–63/23 2. आवेदक–अखिलेष्वर प्रसाद यादव पिता–अम्बिका प्रसाद यादव 3. ग्राम–इचातु पोस्ट–कुन्दा थाना–कुन्दा प्रखण्ड–कुन्दा 4. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–51/23 2. आवेदक–रामौतार प्रसाद पिता– स्व0 चित्तन साव 3. ग्राम–लाईन मोहलला, चतरा पोस्ट–चतरा थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–592 2. आवेदक–सरगुनिया देवी उर्फ सर्गुन देवी पति–महरू मिस्त्री उर्फ महरू राणा 3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–महिला आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–49/23 2. आवेदक–चन्द्रषेखर सिंह पिता– स्व0 राम प्रताप सिंह 3. ग्राम–जाखंड पोस्ट–बड़गाव थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–64/23 2. आवेदक–बिगनी देवी पति–रोहन प्रजापति 3. ग्राम–लुपूंगा पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0–684 2. आवेदक–रेखा देवी पति–महेन्द्र राणा 3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0–65/23 2. आवेदक–बेला देवी पति–मंगल दयाल सिंह 3. ग्राम–लुपूंगा पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0–645 2. आवेदक–बासुदेव राणा पिता–स्व0 जयराम राणा 3. ग्राम–डाडी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0–289 2. आवेदक–कान्ति देवी पति–सुचित राम 3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
12.	1. आवेदन क्र0–67/23 2. आवेदक–प्यारी राणा उर्फ प्यारे राणा पिता–स्व0 बालो राणा 3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0–458 2. आवेदक–जगदीष राणा पिता–स्व0 सुर्यनारायण राणा 3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
14.	1. आवेदन क्र0–616 2. आवेदक–रामसेवक मिस्त्री उर्फ रामसेवक राणा पिता–स्व0 उमन मिस्त्री 3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0–510 2. आवेदक–भागीरथी राणा पिता–स्व0 लालजी राणा 3. ग्राम–गिद्धौर पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
16.	1. आवेदन क्र0–680 2. आवेदक–सुनैना देवी पति–रामचरित्र राय 3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला आयु–66 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
17.	1. आवेदन क्र0–272 2. आवेदक–गिरजा देवी पति–गेन्दो राणा 3. ग्राम–माधोपुर पोस्ट–ईटखोरी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–महिला आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
18.	1. आवेदन क्र0–785 2. आवेदक–सरोज देवी पति–सुखदेव मिस्त्री 3. ग्राम–मंझगावां पोस्ट–परसौनी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–महिला आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
19.	1. आवेदन क्र0–517 2. आवेदक–गीता देवी पति–रामचन्द्र राणा 3. ग्राम–डहुरी पोस्ट–कमता थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
20.	1. आवेदन क्र0–768 2. आवेदक–बसन्ती देवी पति–राजदेव राणा 3. ग्राम–मंझगावां पोस्ट–परसौनी थाना–ईटखोरी प्रखण्ड–ईटखोरी 4. लिंग–महिला आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
21.	1. आवेदन क्र0–70/23 2. आवेदक–मो0 निजामुद्दीन पिता–मो0 मनिरूद्दीन 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–74 वर्ष पहचान चिन्ह–बांया हाथ में जख्म का दाग।	कंडिका–2(ix)
22.	1. आवेदन क्र0–71/23 2. आवेदक–विष्वनाथ टाना भगत पिता–रावना टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–माथा में बांया तरफ तिल।	कंडिका–2(ix)
23.	1. आवेदन क्र0–72/23 2. आवेदक–राजकुमारी टाना भगत पति–फुलचन्द टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–महिला आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–गला में खोदा।	कंडिका–2(ix)
24.	1. आवेदन क्र0–73/23 2. आवेदक–देवा टाना भगत पिता–मंगरू टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–बांया हाथ में दो दाग।	कंडिका–2(ix)
25.	1. आवेदन क्र0–74/23 2. आवेदक– साकिर आलम पिता–इसराफिल अंसारी 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–कंधा में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
26.	1. आवेदन क्र0–75/23 2. आवेदक–बासे टाना भगत पिता–सावना टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल।	कंडिका–2(ix)
27.	1. आवेदन क्र0–76/23 2. आवेदक–बिफा टाना भगत पिता–सुकरा टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ की ऑगूली कटी हुई।	कंडिका–2(ix)
28.	1. आवेदन क्र0–77/23 2. आवेदक–ईष्वर टाना भगत पिता–करमा टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल।	कंडिका–2(ix)
29.	1. आवेदन क्र0–78/23 2. आवेदक–दषरथ टाना भगत पिता–दुर्गा टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ में छापा।	कंडिका–2(ix)
30.	1. आवेदन क्र0–80/23 2. आवेदक–लक्ष्मी उराँव पिता–स्व0 मथुरा उराँव 3. ग्राम–लरंगा पोस्ट–राहम थाना–टंडवा प्रखण्ड–टंडवा 4. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह–टूड्ढी में दाग।	कंडिका–2(ix)
31.	1. आवेदन क्र0–78/23 2. आपेदक–कृष्ण मुरारी पिता–स्व0 राम करण साहु 3. ग्राम–टेंगरा टोली पोस्ट–टेंगरा टोली थाना–लोहरदगा प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ का तर्जनी कटा हुआ।	कंडिका–2(ix)
विवरण :–सिमरिया थाना काण्ड संख्या–112/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री कैलाष सिंह द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 100–150 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुर्शसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर।		
32.	1. आवेदन क्र0–81/23 2. आवेदक–हिरामन साव (आश्रित पुत्र) पिता–स्व0 शोभी साव (आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–डाडी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया (चतरा) 4. लिंग–पुरूष आयु–44 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
33.	1. आवेदन क्र0–82/23 2. आवेदक–विजय साहु (आश्रित पुत्र) पिता–स्व0 वंषी साहु (आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–डाडी पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर अंगुठे में कटे का निषान।	कंडिका–2(ix)
34.	1. आवेदन क्र0–83/23 2. आवेदक–बसन्ती देवी पति–कैलाष सिंह 3. ग्राम–बाना साड़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–महिला आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
35.	1. आवेदन क्र0–84/23 2. आवेदक–पंचाली देवी पति–सुगन साव 3. ग्राम–डाडी पोस्ट–एदला , थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–महिला आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
36.	1. आवेदन क्र0–15/23 2. आवेदक–जयंती देवी पति–भुनेष्वर महतो 3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–महिला आयु–44 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
37.	1. आवेदन क्र0–14/23 2. आवेदक–पुनम देवी पति–लीलाधर महतो 3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–महिला आयु–43 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
38.	1. आवेदन क्र0–87/23 2. आवेदक–जगनाथ महतो पिता–धरम महतो 3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–पुण्डरा थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
39.	1. आवेदन क्र0–88/23 2. आवेदक–संतोष महतो पिता–त्रिभुवन महतो 3. ग्राम–एदला पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–पुरूष आयु–43 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
40.	1. आवेदन क्र0–89/23 2. आवेदक–गोपाल महतो पिता–मधु महतो 3. ग्राम–डाडी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाषित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 309451 Home (23-24)_D

बीजेपी की रणनीति

झारखंड विधानसभा को आखिरकार लंबी प्रतीक्षा के बाद नेता प्रतिपक्ष मिल गया। राज्य विधानसभा सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बीजेपी ने अमर कुमार बाउरी को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुन लिया। इसके पहले 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी को पार्टी विधायक दल का नेता चुना था, लेकिन स्पीकर ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता नहीं दी थी। चुनाव नतीजों के कुछ ही दिनों बाद बाबूलाल मरांडी के खिलाफ स्पीकर की ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई गई थी। दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने 2019 का चुनाव बीजेपी के बजाय अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा से लड़ा था और जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। चुनाव नतीजों के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने अपनी पार्टी का विलय बीजेपी में करा दिया था। इसे लेकर उनके खिलाफ स्पीकर ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। स्पीकर ट्रिब्यूनल ने इन शिकायतों पर सुनवाई भी पूरी कर ली, लेकिन अब तक इस पर फैसला नहीं दिया। नतीजतन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उनकी मान्यता का मसला करीब साढ़े तीन साल से लंबित चला आ रहा था। अब जबकि भाजपा ने विधायक दल का नया नेता चुन लिया है। बीजेपी विधायक दल के नए नेता के चुनाव के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने तीन महीने पहले पर्यवेक्षकों की एक टीम भेजकर पार्टी विधायकों के बीच गुप्त रूप से रायशुमारी कराई थी। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व ने बाउरी के नाम पर मुहर लगाई है। इसके साथ ही इस पद के दावेदार माने जा रहे जयप्रकाश भाई पटेल को पार्टी ने सचेतक नियुक्त किया है। एक प्रकार से बीजेपी ने आगामी चुनाव के लिए सियासी महासमर में जाने का मन बना लिया है। अमर बाउरी अमर कुमार बाउरी फिलहाल बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में बीजेपी जातीय समीकरण को देखते हुए दलित नेता को यह जवाबदेही दी है। कुल मिलाकर बीजेपी हर एक दांव अपने पक्ष मे करने के लिए उतावली है। तत्कालीन रघुवर दास के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में बाउरी खेल और युवा मामलों के मंत्री बनाए गए थे। साल 2019 में अमर बाउरी दूसरी बार विधायक चुने गए। राज्य में पिछले साढ़े तीन साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली रहा। इसके चलते सूचना आयोग, महिला आयोग सहित एक दर्जन से भी ज्यादा संवैधानिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां लंबित हैं। इन पदों पर नियुक्तियों का निर्णय विशेष चयन समितियों के जरिये किया जाता है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष का शामिल रहना आवश्यक रहता है। इन तमाम विषयों को ध्यान में रखते हुए बीजेपी ने बाउरी के माध्यम से एक बड़ा दांव खेला है। राज्य के ताकतवर आदिवासी नेता अर्जुन मुंडा को केन्द्र में भेजकर बाबूलाल मरांडी को आगे करना बीजेपी की एक सोची समझी रणनीति है। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष भी इसके काट का रास्ता चुन रही है। कुल मिलाकर अगले चुनाव की बाबत बीजेपी रणनीति बनाने में जुट गयी है। अब आगे देखना होगा कि उसकी अगली रणनीति क्या होती है। लेकिन यह तय है कि वह जातीय समीकरण का पूरा ख्याल रख रही है।

चुनाव नतीजों के कुछ ही दिनों बाद बाबूलाल मरांडी के खिलाफ स्पीकर की ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई गई थी। दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने 2019 का चुनाव बीजेपी के बजाय अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा से लड़ा था और जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत है

ललित गर्ग

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता का मुद्दा भारतीय जनजीवन में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत मान्यता देने से इनकार कर वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच का यह फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, जीवनमूल्यों, संस्कारों, आर्दशों और भारतीयता की जीत है। अदालत ने समलैंगिक कपल को बच्चे गोद लेने का हक भी देने से इंकार किया है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं एवं संस्कारों की पुष्टि भी करता है साथ ही भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं आर्दशों को धुंधलाने एवं आहत करने वाली विदेशी ताकतों को चेताता है जो कि भारत का सामाजिक एवं पारिवारिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। निश्चित ही अदालत का यह सराहनीय फैसला भारत की अतीत से चली आ रही विवाह परम्परा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं मजबूती देने का अनूठा उपक्रम है। कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उनकी व्याख्या कर सकता है। स्पेशल मैरिज ऐक्ट में बदलाव करना संसद का काम है। निश्चित ही सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी गौर करने योग्य है। सम्मानित एवं विद्वान न्यायमूर्तियों ने यह स्वीकार किया है कि समलैंगिक सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों के एक नागरिक के नाते जो अधिकार हैं वे उन्हें मिलने चाहिए और सामाजिक क्षेत्र में अन्य नागरिकों की तरह उन्हें भी बराबर के मौलिक अधिकार दिये जाने चाहिए परन्तु जहां तक उनके आपस में ही शादी करने का मामला है तो यह विषय संसद में बैठे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी के गहरे अर्थ है, विवाह, जिसे शादी भी कहा जाता है, दो विपरीत लिंगी लोगों के बीच एक सामाजिक या धार्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच, साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथा समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है। विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाये रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना। पश्चिमी देशों से आंधी की तरह देश में प्रवेश कर ही इस तरह की परम्पराओं को लेकर आम जनता में समर्थन बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, इसलिये वस्तुतः देश में समलैंगिक विवाह को लेकर दो तरह की धारणायें रही हैं। देश में एक बड़ा वर्ग इसे कानूनी और सामाजिक-धार्मिक स्तर पर मान्यता देने का विरोधी रहा है। वह इसलिए भी कि भारतीय समाज में इस तरह की स्वच्छंद, उच्छृंखल एवं स्वैच्छाचारी जीवन शैली की अनुमति कहीं नहीं है। वैसे भी कानून बनाने की जहां भी बात आती है वहां यह अपेक्षा जरूर रहनी चाहिए कि संस्कृति व परम्पराओं की अनदेखी नहीं हो। हां, गिने-चुने लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्षधर भी हो सकते हैं। अब अदालत ने यह मुद्दा संसद के हवाले कर दिया है, लेकिन अहम सवाल यह भी है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनायेगी? संसद को व्यापक परिवेश में भारतीय परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को देखते हुए आगे का रास्ता बनाना चाहिए। मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख आशान्वित कर रहा है क्योंकि सरकार का तर्क है कि समलैंगिक विवाह को इसलिए मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून में पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से गोद लेने, तलाक, भरण-पोषण, विरासत आदि से संबंधित मुद्दों में बहुत सारी जटिलताएं पैदा होंगी। इन मामलों से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधान पुरुष और महिला के उम्मीद की जा सकती है कि इस पर कोई भी कानून बनाने से पहले जनभावनाओं और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का खास ध्यान रखा जायेगा। भारत विविधता में एकता वाला देश है, लगभग सभी धर्म एवं सम्प्रदायों में समलैंगिक विवाहों को लेकर विरोध ही है। हाल ही में सिख समुदाय में ऐसे स्पष्ट स्वर सुनने को मिले हैं। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है। अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाये जाने से एक दिन पहले अमृतसर में 'पंज सिंह साहिबान' (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी। भले ही समलैंगिक यौन सम्बन्ध बनाने को सर्वोच्च न्यायालय 2018 में ही गैर आपराधिक कृत्य करार दे चुका है। इसी से प्रेरित होकर समलैंगिक समर्थक कई संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय में उनके विवाह को भी वैध करार देने की याचिका दायर की थी जिसका विरोध केन्द्र सरकार ने किया था। भला एक स्त्री का दूसरी स्त्री से, एक पुरुष का दूसरे पुरुष से विवाह कैसे परिपूर्ण माना जा सकता है? यह विवाह नहीं, एक आपसी संबंध भले ही हो, लेकिन इसे विवाह की मान्यता एवं सारे अधिकार कैसे दिये जा सकते हैं? इसलिये भारत की सामाजिक संरचना को देखते हुए यदि केन्द्र सरकार ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने का विरोध किया तो उसे किसी भी तरह गलत नहीं ठहराया जा सकता। भले ही भारत में ही प्राचीन काल में भी ऐसे उदाहरण मिले हो या धार्मिक ग्रन्थों में कई ऐसे उदाहरणों का उल्लेख हो, जो समलैंगिक सम्बन्धों की तरफ इशारा करते हैं परन्तु भारतीय समाज ने हमेशा ही ऐसे सम्बन्धों को प्रकृति के विरुद्ध यौन सम्बन्ध माना है और सामाजिक विकार की श्रेणी में रखा है। स्त्री और पुरुष का यौन सम्बन्ध ही प्रकृति को गतिशील रखते हैं।

विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाये रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

यहां यह भी सिद्ध है कि धर्मराज (यम) ब्रह्माण्ड के दंडाधिकारी होते हुए भी उन भक्तों का लेखा-जोखा नहीं संभाल सकते जिन्होंने एक तत्वदर्शी संत से दीक्षा ली है और कबीर साहेब की पूजा करते है । यह भी सिद्ध होता है कि सर्वशक्तिमान कबीर साहेब भक्तों को नर्क के कष्ट से बचा सकते हैं और धर्मराज से भी बचा सकते हैं। पाठकों को सूचित किया जाता है कि वही परमपिता परमात्मा कविर देव पृथ्वी पर अवतरित हुए हैं और संत रामपाल जी महाराज के रूप में लीला कर रहे है। केवल संत रामपाल जी महाराज ही संसार के एक मात्र उद्धारकर्ता और मुक्तिदाता है। भक्तों को धर्मराज (यम) और अन्य देवताओं की पूजा करने जैसे सभी बेकार मनमानी प्रथाओं को त्याग देना चाहिए और पूर्ण संत की शरण लेनी चाहिए और अपना कल्याण करना चाहिए और सभी को सत भक्ति कर मोक्षप्राप्ति करना चाहिए।

(समाप्त)

आइये सुने दुर्गा माता के नव रुपों की कहानी

माँ दुर्गा के 9 रूपों की आराधना का पर्व नवरात्रि आरंभ हो चुका है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक माँ भगवती की उपासना कर, व्रत कर, जागरण कर भक्तगण माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पूरे भारत देश में विशेषकर उत्तर भारत में नवरात्रि की रौनक और पूजा पंडाल देखने लायक होते हैं। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के 9 रूपों की 9 दिनों तक पूजा की जाती है, इसके साथ ही अगर इन 9 दिनों तक नवग्रहों की भी पूजा की जाय तो अनिष्ट प्रभाव शांत रहते हैं एवं रोग और शोक से मुक्ति मिलती है। नवरात्रि शब्द 9 की संख्या से बना है जो कि एक रहस्यात्मक बोध कराता है।

क्रमश :

एएमयू में गद्दार हजार कार्रवाई की दरकार

योगेश कुमार सोनी

एक बार फिर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) सुर्खियों में हैं। पहले तो देश में होने वाले विवादों पर ही यहां से बयान आते थे लेकिन अब विदेश में हो रही गतिविधियों को लेकर यहां छात्र प्रर्दशन करने लगे हैं। बीते कुछ दिनों से इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। 7 अक्टूबर को हमास ने चंद मिनट में इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे थे। उसके बाद एक्शन में आये इजरायल ने जवाब दिया। इस बीच अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में कैंपस में प्रदर्शन किया और इस ही शुक्रवार को हमास के लिए नमाज भी पढ़ी और वी स्टैंड फिलिस्तीन के साथ धार्मिक नारेबाजी भी की। छात्रों ने धार्मिक नारेबाजी करते हुए अल्लाह हूं अकबर के नारे भी लगाये। इस घटनाक्रम का यदि आकलन करें तो इसे मात्र किसी विश्वविद्यालय का किसी के प्रति समर्थन या विरोध नहीं माना जा सकता। प्रश्न यह है कि क्या इन छात्रों के पीछे कोई बड़ी राजनीतिक सत्ता है या किसी आतंकी संगठन? चूंकि देश में एकमात्र यही ऐसी यूनिवर्सिटी है जो देश-विदेश में हो रहे बड़े मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। पूरे देश में इस मामले को लेकर कहीं भी किसी भी यूनिवर्सिटी या छात्र समूह ने कोई भी बयान नहीं दिया। इससे पहले भी कई बार यहां से विवादित बयान आ चुके हैं। इस प्रकरण में यह बात समझ नहीं आती कि आखिर वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का माइंड वॉश करने के पीछे क्या व किस किसकी मंशा है। यदि आंतकी व अन्य किसी बड़ी पार्टी इस खेल के पीछे हैं, तो निश्चित तौर पर देश को एक बड़ा खतरा है। हम बाहरी लोगों से लड़ने में तो पूर्णतः सक्षम हैं लेकिन आस्तीन में पल रहे सांपों का इलाज मुश्किल है। बीते दिनों किसी अन्य मामले पर मेरे साथ एक टीवी चैनल डिबेट में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष सज्जाद राथर ने लाइव यह कहा कि कश्मीर हिंदुस्तान का भाग नही हैं। इसके अलावा भी कई देश विरोधी बातें कहते हुए उसने कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी पर कई आरोप लगाये। साथ में यह भी कहा इन सबके के लिए पार्टियां ही जिम्मेदार हैं जो यहां पढ़ रहे छात्रों में मतभेद समझती हैं लेकिन जब उससे पूछा गया कि क्या मतभेद हैं तो वह कोई उत्तर नहीं दे पाया। चूंकि वह सिर्फ तथ्यहीन बातों को लेकर ही आग उगल रहा था। उसके इन वाकयों से स्पष्ट हो चुका था कि जो इतने बड़े प्लेटफॉर्म पर हमारे देश के लिए आग उगल सकता है तो उसके मन में और कितना जहर होगा। यह तो केवल एक ही छात्र की कहानी है। बाकी ऐसे लोगों की तो पूरी जमात ही है। सबसे ज्यादा मुसलमान हमारे देश में हैं। हम यह कहते हैं कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है। बावजूद इसके, ऐसी घटनाएं मन को कचोटती हैं। यदि एएमयू व जेएनयू जैसी संस्थाओं पर निगरानी नहीं रखी गई तो कहीं यह संस्थाएं आतंकियों का अड्डा व फैक्टरी न बन जाएं। यहां हमारे शासन-प्रशासन पर सवालिया निशान उठता है कि लगातार हो रही इस तरह कि घटनाओं पर हमारा सिस्टम गंभीरता क्यों नहीं दिखा रहा। क्या यह चुनौती है या फिर विफलता ? चुनौती है तो भी स्वीकार करनी पड़ेगी व विफलता है तो भी उसमें सुधार करना होगा। क्योंकि दोनों ही स्थिति में बड़ा नुकसान देश के वर्तमान व भविष्य को है। समय रहते इस जहर को फैलने से रोकना होगा, क्योंकि यह इन संस्थाओं मे पढ़ रहे बच्चों के माता-पिता के लिए एक चिंता का विषय हो सकता है। कोई भी अभिभावक नहीं चाहता कि उसके बच्चे इस तरह की राह पर चलें। अभिभावकों को भी बच्चों के व्यवहार व गतिविधि पर निगाह रखनी चाहिए। वैसे तो यहां पढ़ रहे अधिकतर बच्चों के अभिभावक उनसे दूर ही रहते हैं, फिर भी किसी भी रूप में सही, निगरनी जरूरी है।

बीते कुछ दिनों से इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। 7 अक्टूबर को हमास ने चंद मिनट में इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे थे। उसके बाद एक्शन में आये इजरायल ने जवाब दिया।

कार्रवाई

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

राजस्थान में बदलाव की बयार

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में पिछले तीस वर्ष से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भारतीय जनता पार्टी हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाये रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस -ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टियां जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं। राजस्थान में पिछले 30 वर्ष से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे, जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था। बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री गहलोत के प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाइन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक करियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। इसके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आये थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गये थे। मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस फिर से सरकार बनाती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नये नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्ष में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की एजेंसी के फाउंडर से तकरार हो चुकी है। एजेंसी की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था।

2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक करियर ही चौपट कर दिया था।

बदलाव

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

झारखंड का इकलौता माता सोनमेर मंदिर जहां

संस्कृत नहीं मुंडारी भाषा में होता है मंत्रोच्चार

हर मंगलवार को यहां भक्तों की उमड़ती है भारी भीड़

आमतौर पर देवी-देवताओं की पूजा वैदिक भाषा संस्कृत में मंत्रोच्चार के साथ की जाती है, लेकिन झारखंड के खूंटी जिले में एक ऐसा मंदिर है, जहां संस्कृत में नहीं बल्कि आदिवासियों में प्रचलित मुंडारी भाषा में वैदिक मंत्रोच्चार होता है। जगत जननी देवी दुर्गा की पूजा की जाती है। यह प्रसिद्ध मंदिर खूंटी जिला अंतर्गत कर्रा प्रखंड के सोनमेर में है। खूंटी जिला जनजातीय बहुल होने के बावजूद यहां प्राचीन काल से शक्ति की आराधना होती आ रही है। यहां के हिंदू ही नहीं, आदिवासी समाज के लोग भी आदि शक्ति की आराधना पूरे भक्तिभाव से करते हैं। आाम तौर पपर मंदिरों में माता दुर्गा की आरधना संस्कृत के श्लोकों के साथ होती है, पर कर्रा प्रखंड का ऐतिहासिक सोनमेर माता मंदिर संभवतः एकलौता मंदिर है, जहां माता दशभुजी की आराधना और पूजा-अर्चना संस्कृत में नहीं, बल्कि मुंडारी भाषा में की जाती है। मान्यता है कि सोनमेर माता भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। वैसे तो सालों भर माता के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन मंगलवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। कहा जाता है कि मंगलवार को दशभुजी माता की पूजा-अर्चना से माता से विशेष आशीर्वाद की प्राप्ति होती है। मंगलवार को बड़ी संख्या में भक्त माता की दर्शन के लिए सोनमेर मंदिर पहुंचते हैं।

नवरात्रि में सोनमेर मंदिर की पूजा का विशेष महत्व है। नवरात्रि समाप्ति के पांच दिनों के बाद अश्विन पूर्णिमा में मंदिर परिसर में बहुत बड़ा मेला लगता है, जिसमें राज्य के बाहर से व्यापारी अपने सामानों की बिक्री के लिए पहुंचते हैं। पूर्व में नवरात्रि की पूजा बड़े धूमधाम से आयोजित होती थी। मान्यता है कि जरियागढ़ के राजा के आदेश के बाद नवरात्रि के पांच दिन बाद मेला लगा कर माता की पूजा होने लगी।

मेले के बाद भैंसे की बलि दी जाती है। सोनमेर में माता की पिंडी लगभग 200 साल पुरानी है। 1981 में धल परिवार के सौजन्य से वर्तमान मंदिर की आधारशिला रखी गई। वर्तमान में ओडिशा के कारीगरों द्वारा भव्य 51 फीट ऊंचा गुंबज तैयार किया गया है। मंदिर में पाहन द्वारा मुंडारी भाषा में पूजा-अर्चना कराई जाती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष किशोर बड़ाईक ने बताया कि झारखंड, ओडिशा, बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में भक्त माता से मनोकामना मांगने और मनोकामना की पूर्ति होने पर आभार जताने माता के दरबार में आते हैं।

एक सिरफिरे ने तोड़ दी माता की पिंडी

माता सोनमेर की पिंडी को 2014 में एक सिरफिरे टांगी से मारकर तोड़ थी। भक्तों ने माता की पिंडी की मरम्मत कराने की योजना बनाई, पर गांव के पाहन और उनकी पत्नी ने कह दिया कि मरम्मत कराने की जरूरत नहीं हैं। माता में यदि शक्ति है, तो टूटी हुई पिंडी खुद अपने पुराने स्वरूप में आ जायेगी। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ही दिनों में पिंडी अपने पुराने स्वरूप में आ भी गई। इसके बाद से सोनमेर माता की ख्याति और बढ़ गई। कुछ वर्ष विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने वहां भव्य तोरण द्वार का निर्माण कराया है।

क्या हैं माता सोनमेर के संबंध में मान्यताएं

कर्रा के सोनमेर गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर सैकड़ों साल से मेला लग रहा हैं। क्षेत्र के लोगों द्वारा जरियागढ़ के राजा से माता के मंदिर के विषय में अग्रह किया गया था। राजा द्वारा कठिन आराधना के बाद दशभुजी माता की पिंडी का प्रादुर्भाव हुआ। बताया जाता है कि पूर्वजों को मां दुर्गा ने सपने में कहा कि मैं तेरे गांव की टोंगरी में बसी हूं। सुबह हड़िया पाहन नामक व्यक्ति ने टोंगरी (चट्टान) में जाकर देखा कि पत्थर की दशभुजी मां दुर्गा की आकृति लिए खड़ी हैं। तत्काल उसने नहा-धोकर कांसा के लोटे में जल लेकर माता की आराधना की। पाहन द्वारा प्रत्येक दिन यह कार्य को देखकर गांव वाले भी पूजा करने लगे और मन्नतें मांगने लगे और मां भगवती सबकी मनोकामना पूरी करती रही। यह चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गयी। माता के चमत्कर के चर्चे सुन भक्त दूर-दराज से भी सोनमेर आने लगे। रामेश्वर धल और ग्रामीणो द्वारा मां की प्रतिमा को पहले झाड़ियों से घेरा गया। 1981 में जगपति धल की अगुवाई में मंदिर का शिलान्यास किया गया। मन्नत मांगने के लिए घर से रंगुवा(लाल रंग वाला) मुर्गा या नारियल और फूल-अक्षत लेकर सुबह मां के दरबार में पहुंचना होता हैं। मन्नत पूरी होने पर बकरे की बलि दी जाती हैं। लोगो में यह भी मान्यता है कि अगर कोई सामान खो गया है, तो यहां आकर मां सोनमेर माता की पूजा-अर्चना करने से उसकी प्राप्ति हो जाती है। इसी वजह से भी लोग दूर दूर से यहां पहुंचते हैं।

जिसकी जैसी सोच

सर्विस रोड से सटकर एक गांव था। उसके बाहरी इलाके में दो गर्म खून वाले युवक बाइक से फिसलकर गिर पड़े। उधर दूसरी ओर से आ रहे एक ग्रामीण ने जोर से चिल्लाना शुरू किया - 'ओ हरिया!, ऐ झब्बल!, अरे सुना हो गणेश! जल्दी आवा-जल्दी आवा! देखा यहां जोरदार एक्सीडेंट भयल बा!' सभी खेत में से अपने काम छोड़-छाड़कर दौड़ते हुए आने लगे। उधर गणेश ने अपने गांव के वाट्सप समूह में संदेश भेज दिया कि फलां के खेत के पास एक्सीडेंट हुआ है, जल्दी से आ जाइए।

उधर गांव के भीतर जब यह खबर पहुंची तब किसी ने किसी को बताया कि गांव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है, तो उसने अपने साथियों को फोन लगाया और चिल्लाते हुए कहने लगा - 'अरे सुनते हो! गांव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है न जाने कितने लोग मर गए हैं पता नहीं, जल्दी करो।' यह घटना अंधों के बीच हाथी वाली थी। जिसे जो समझ में आया वह बताने लाग। फिर क्या था सभी दुर्घटनास्थल पहुंचने के लिए आतुर होने लगे। जिसके पास जो गाड़ी थी वह उसी पर निकल पड़ा। जिनके पास कुछ नहीं था वे गांव के टैंपो में ठूस-ठूस कर ऐसे बैठे जैसे एक्सीडेंट नहीं मेला देखने जा रहे हैं। कुछ सहानुभूति के लिए 'च...च...च...च...च...' कहता तो कोई कहता 'बहुत दिन हुआ एक्सीडेंट देखे'।

एक बुजुर्ग जो एक्सीडेंट में घायल युवक को गौर से देख रहा था, अचानक कहने लगा - 'अरे-अरे! कितना जोरदार एक्सीडेंट हुआ है। जहां-तहां बदन छिल गया है। खून तो एकदम झरने के जैसा बहा जा रहा है।' साथ में एक और बुजुर्ग खड़ा था, वह कहने लगा - 'जल्दी से अस्पताल को फोन लगाया जाए, हो सकता है बच जाए।' पहले बुजुर्ग ने आंखें मूंदकर सिर हिलाते हुए कहा - 'कोई फायदा नहीं। फोन का बैलेंस बर्बाद करने के सिवाय। देखते नहीं कितनी सारी अंदरूनी चोटें आई हैं। बचना मुश्किल है।'

पीड़ा से कराहते हुए एक युवक ने कहा - 'ऐसा मत कहिए। जल्दी से एंबुलेस वालों को फोन लगाइए। बड़ा दर्द हो रहा है।' तभी एक और आदमी पहुंचा। दोनों बुजुर्गों से पूछते हुए खुद सवाल-जवाब करने लगा - 'अरे-अरे! ऐसे कैसे हो गया एक्सीडेंट? अच्छा वो वहां से फिसलकर यहां आकर गिरे हैं। च...च...च...मैंने अपने चालीस बरस के जीवन में इतना भयंकर एक्सीडेंट कभी नहीं देखा है। न जाने आजकल के युवाओं को क्या हुआ है? न जाने कहां जाने की जल्दी रहती है? वैसे गलती इनकी नहीं इनके मां-बाप की है। बिगड़े नवाब के बिगड़े लाठसाहब हैं। सिर पर चढ़ायेंगे तो एक्सीडेंट नहीं होगा तो क्या

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
चरवाणी : 7386578657

इनाम मिलेगा? देखो न गाड़ी का एक पहिया उधर हरिया के खेत के पास पड़ा है। वैसे यह गाड़ी कहां की है? अच्छा तेलंगाना का नंबर प्लेट लगा है। हो न हो यह आंध्र प्रदेश का ही होगा। आजकल बित्ते भर के छोकरे यही सब तो करते हैं। पढ़ना-लिखना तो है नहीं। सड़क के सीने पर चढ़कर चले हैं रोमियो बनने। मैंने ऐसे युवकों को लाख समझाया। कोई सुनता थोड़े न है। जिसे देखो उस पर हीरो बनने का जुनून सवार है।'

वह कुछ और कहता है तभी गांव से एक टैंपो धड़धड़ाकर घटनास्थल पर आकर रुका। लोग उसमें एक के ऊपर एक ऐसे लदे थे जैसे वे आदमी नहीं धान की बोरियां हों। चालक का तो पता ही नहीं चल रहा था। वे सब दौड़े-दौड़े घटनास्थल में पड़े युवकों को खोजने लगे। तभी किसी ने बताया - 'अरे आने में देर कर दी। अभी-अभी एक को एंबुलेंस में ले गए। हां एक पड़ा है देख लो उसे। उसकी प्राथमिक चिकित्सा कर दी गई है।' लोग चालक को डांटते हुए कहने लगे - 'ससुरे को टैंपो चलाना आता भी है कि नहीं! टैंपो चला रहा था कि बैलगाड़ी। रास्ते भर कहते-कहते थक गए कि जल्दी करो। लेकिन नहीं इसे रास्ते में ही टैंपो रोककर हल्का होना था। थोड़ा रोक लेता तो इसकी मां मर जाती।' इस तरह सभी लोग चालक को भला-बुरा सुनाने लगे। वह मुंह लटकाए इधर-उधर देखने लगा।

तभी कुछ मीडियाकर्मी आ गए। उनमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वाला भी था। उसने पूछताछ की तो पता चला कि फलां बुजुर्ग ने एक्सीडेंट देखा है। वह उससे एक्सीडेंट के बारे में सवाल-जवाब करने लगा-

मीडियाकर्मी: क्या आपने एक्सीडेंट होते हुए देखा है?

बुजुर्ग : मैं सुबह-सुबह अपने खेत की ओर जाने के लिए अपनी झोपड़ी से निकला ही था कि सामने से बिल्ली रास्ता काट गयी। मैंने खुद की किस्मत और बिल्ली को खूब कोसा। सोचा थोड़ी देर रुककर निकलता हूं। इसलिए मैं फिर से अपनी झोपड़ी में आकर बैठ गया। तभी फोन की घंटी बजी और मैं...

मीडियाकर्मी (बुजुर्ग की बात बीच में काटते हुए): हमें यह सब नहीं चाहिए। एक्सीडेंट के बारे में बताइए।

बुजुर्ग : अरे बताता हूं! वहीं तो आ रहा हूं। ठीक है मैं फोन की बात नहीं बताउंगा। सीधे मुद्दे पर आता हूं। मैं घर से जैसे ही बाहर निकला सरपंच जी मिल गए। मैंने उन्हें प्रणाम किया। मुझे लगा यही अच्छा मौका है पूछ लूं कि मेरे पक्के मकान का क्या हुआ। वोट लेते समय मुझे पक्के मकान का वादा जो किया था। आज पूरे नौ बरस गुजर गए। पिछली बार भी बहलाकर-फुसलाकर वोट ले लिया था और इस बार भी।

मीडियाकर्मी (झल्लाते हुए): ये बेफिजूल की बातें मत बताएं। असली मैटर बताएं कि एक्सीडेंट कैसे हुआ?

बुजुर्ग (गुस्से से बरसते हुए): चल हट। हम नहीं बतायेंगे। एक माइक वीडियो लिए क्या घूमते हो खुद को तोप समझते हो। तनिक भी सुनने का धैर्य नहीं है। आजकल की युवा पीढ़ी को न जाने क्या हो गया है? सभी घोड़े पर सवार हैं। किसी में रत्ती भर का धैर्य नहीं है।

मीडियाकर्मी समझ गए कि यह ठरकी बुड्ढा है। जिसे एक्सीडेंट के बारे में कुछ पता नहीं है। बस इधर-उधर की किए जा रहा है। फिर उन्होंने किसी से पूछा तो उसने जो नहीं देखा वह बताया। मीडियाकर्मी ने उसमें और चार झूठ वाले मसाले जोड़कर लोकल चैनल के लिए ग्लोबल खबर बना दी।

पॉल्यूशन व सिगरेट के घातक जहर से फेफड़ों का ऐसे करें बचाव

जिन लोगों को सांस संबंधी समस्या होती है, उनको सर्दी में ज्यादा परेशानी होती है। ऐसे में जरूरी है कि लंग्स को इतना मजबूत बनाया जाए, जिससे कि प्रदूषण की मार लंग्स पर बहुत कम हो। ऐसे में आप इन टिप्स को फॉलो कर अपने लंग्स को हेल्दी रख सकते हैं। सर्दी के मौसम में प्रदूषण के कारण लोगों की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ जाती है। पिछले कई सालों से सर्दी आते ही इस तरह की समस्याएं परेशान करने लगी है। बता दें कि प्रदूषण की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत फेफड़ों को होती है। वहीं जिन लोगों को सांस संबंधी समस्या होती है, उनको सर्दी में ज्यादा परेशानी होती है। प्रदूषण की वजह से ब्रोंकाइटिस से लेकर क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और गले में जलन आदि की समस्या होने लगती है। ऐसे में लंग्स को हेल्दी रखना काफी ज्यादा जरूरी होता है। ऐसे में जरूरी है कि लंग्स को इतना मजबूत बनाया जाए, जिससे कि प्रदूषण की मार लंग्स पर बहुत कम हो। आज इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप अपने लंग्स को हेल्दी रख सकते हैं।

प्रदूषण से बचने के उपाय

गुड़ खाएं : बता दें कि गुड़ सांस की नली को साफ करने का काम करता है। गुड़ में एंटी-इंफ्लामेटरी गुण पाया जाता है। वहीं सांस में लिए गए विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी गुड़ सहायक होता है। गुड़ को एक प्राकृतिक सफाई एजेंट माना जाता है। यह श्वसन रोगों और अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

नीलगिरी का तेल : प्रदूषण के समय सांस की दिक्कतों को कम करने में नीलगिरी का तेल बहुत फायदेमंद है। अगर छाती में प्रदूषण की वजह से कंजेशन हो गया है, तो वायु मार्ग को आराम देने के लिए आपको नीलगिरी तेल की कुछ बूंदे डाल देनी चाहिए।

अदरक : हांलाकि हम सब अदरक के लाभकारी गुणों से भलीभांति वाकिफ हैं। अदरक के सर्दी में अनेकों फायदे हैं। क्योंकि सर्दी के मौसम में प्रदूषण का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता है। ऐसे में अदरक और तुलसी के पत्ते का मिश्रण आपके गले की दिक्कतों को कम करने में मददगार होता है।

घर में रहें : ऐसे में अगर आप भी प्रदूषण से बचना चाहते हैं, तो ज्यादा से ज्यादा समय घर पर ही रहें। वहीं जरूरी काम होने पर घर से निकलें। क्योंकि बाहर निकलने पर जहरीली हवा सांस के जरिए अंदर जाती है और हमारे लंग्स को बीमार बनाते हैं। घर से निकलने के दौरान मास्क पहनना ना भूलें।

एक्सरसाइज करें : प्रदूषण की मार से बचने के लिए शरीर को अंदर से मजबूत बनाया जाना चाहिए। ऐसे में आपको अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज को शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही धूम्रपान और सिगरेट आदि के सेवन से बचना चाहिए।

सूडोकु नवताल- 6857

★★★★☆ कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6856 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

दैनिक पंचांग

19 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	तुला में	तुला	05.53 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	वृश्चिक	08.12 ब.से
मंगल	तुला में	धनु	10.28 बजे से
बुध	तुला में	मकर	12.33 बजे से
गुरु	मेष में	कुंभ	14.19 बजे से
शुक्र	सिंह में	मीन	15.52 बजे से
शनि	कुंभ में	मेष	17.23 बजे से
राहु	मेष में	वृष	19.03 बजे से
केतु	तुला में	मिथुन	21.01 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		कर्क	23.14 बजे से
		सिंह	01.30 बजे से
		कन्या	03.42 बजे से

गुरुवार 2023 वर्ष का 292 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 00.32 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 21.04 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 06.54 बजे तदनन्तर शोभन 05.08 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** बव 12.56 बजे तदनन्तर बालव 00.32 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 04.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 48' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871771 **जूलियन दिन** 2460236.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 03 **विशेष** ललिता पंचमी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली -7919

बाएँ से दाएँ

1.तमाशा करने वाला-4
4.शेविंग,दाढ़ी बनाना-4
7.बेल,लतिका-2
8.मामला-3
9.स्तर,परत-2
10.भागना (अंग्रेजी-2)
12.गिरवी रखी वस्तु-2
14.सजदे में झुका हुआ-5
15.असंभव-5
17.खुदा की इबादत-3
19.फायदा,लाभ-2
21.क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23.मुस्लिम,यवनी-3
24.मोल,कीमत-2
25.स्वभाव,आदत-4
26.करतब,करिश्मा-4

ऊपर से नीचे

1.शमशीर,कृपाण-4
2.मां,मम्मी-3
3.नीयत,चरित्र-4
4.ज्वरताप-2
5.राय,वोट-2
6.आंदोलन,संग्राम-4
11.क्षारीय,चटपटा-4
13.आशियां,नीड़-4
14.नेत्र,आंखें-3
15.अनभिज्ञ-4
16.बचत,रिआयत-4
18.आवश्यकता-4
20.उन्माद-2
22.वोट-2
24.अस्थमा,श्वास संबंधी रोग-2

शब्द पहेली -7918 का हल



आज का राशिफल

मेष राशि : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

वृष राशि : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा।

मिथुन राशि : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

कर्क राशि : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

सिंह राशि : पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

कन्या राशि : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

तुला राशि : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

वृश्चिक राशि : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

धनु राशि : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

मकर राशि : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

कुंभ राशि : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

मीन राशि : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

पीएम ने अल अहली अस्पताल पर हमले में हुई मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। एक एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की दुखद क्षति से गहरा सदमा लगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना। जारी संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल पर मंगलवार रात हुए हमले से सारी दुनिया सकते में है। इस हमले में सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान गई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने इसकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि यह अस्वीकार्य है।

रेप मामले में शाहनवाज हुसैन को जारी समन पर लगी रोक

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित बलात्कार और धमकी के एक मामले में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके. नागपाल अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता के आदेश के खिलाफ हुसैन द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिन्होंने उन्हें बलात्कार (भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दंडनीय) और आपराधिक धमकी (धारा 506) के अपराधों का संज्ञान लेने के बाद 20 अक्टूबर को उनके सामने पेश होने का निर्देश दिया था। मेहता ने पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट के खिलाफ शिकायतकर्ता महिला की विरोध याचिका पर हुसैन के खिलाफ समन जारी किया था। शिकायतकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर भरोसा किया था, जिसने अदालत को दिखाया कि यदि अभियोजक की एकमात्र गवाही विश्वसनीय है, तो आरोपी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त है।

पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल

जम्मू। जम्मू जिले के अरनिया सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास विक्रम पोस्ट पर मंगलवार देररात पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पाकिस्तान की गोलीबारी में एक जवान के पेट तथा दूसरे के हाथ में गोली लगी है। विक्रम पोस्ट पर बीएसएफ की 120 बटालियन तैनात है। बीएसएफ तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है। किसी को भी अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही।

भारत-फ्रांस सैन्य उप-समिति की 21वीं बैठक में हुई सैन्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

नई दिल्ली। भारत-फ्रांस सैन्य उप समिति (एमएससी) की 21वीं बैठक 16-17 अक्टूबर को नई दिल्ली के वायु सेना स्टेशन में आयोजित की गई। भारत की ओर से आईडीएस मुख्यालय में एकीकृत स्टाफ (सैन्य सहयोग) के सहायक प्रमुख एयर वाइस मार्शल आशीष वोहरा और फ्रांस की ओर से संयुक्त स्टाफ के अंतरराष्ट्रीय सैन्य संबंध के जनरल ऑफिसर मेजर जनरल एरिक पेल्टियर ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। भारत-फ्रांस एमएससी मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय और फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ मुख्यालय के बीच रणनीतिक और परिचालन स्तरों पर नियमित बातचीत और उसके जरिए दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के विकास के लिए स्थापित एक मंच है। यह बैठक मैत्रीपूर्ण, गर्मजोशी से भरपूर और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तंत्र के दायरे में नई पहलों की तलाश और पहले से जारी रक्षा गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हुई।

राष्ट्रपति मुर्मू ने बिहार कृषि रोड मैप का किया लोकार्पण, कहा-

विकसित राज्य बनाने के लिए समेकित विकास जरूरी है

एजेंसी। पटना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में बिहार के चतुर्थ कृषि रोड मैप का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रदेश में चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरूआत हुई है। बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए समेकित विकास के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि बिहार को हर सेक्टर में विकास का रोड मैप बनाकर काम करना होगा। मानव निर्मित संकीर्णता से बाहर आकर समेकित विकास की जरूरत है। राज्य के नीति निर्धारक लोगों को विकास के रोड मैप के लिए पहल करनी होगी और उस पर चलना होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक समस्या बताते हुए कहा कि बिहार की पहचान नदियों और तालाबों के लिए होती है, लेकिन इस साल यहां भी कम बारिश हुई है। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि बिहार के किसानों ने आधुनिकता के साथ साथ पारंपरिक खेती को भी जिंदा रखा है। कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। मैं भी यहां की खेती के तरीके को एक बार देखना चाहती हूं, कैसे यहां पर लोग खेती करते हैं।

इससे पहले तीन दिवसीय दौरे पर पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर उनका स्वागत राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी समेत कई मंत्री एवं वरीय पदाधिकारियों ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति बापू सभागार पहुंची, जहां उन्होंने तय कार्यक्रम के अनुसार चतुर्थ कृषि रोडमैप 2023-28 का लोकार्पण किया। राष्ट्रपति शाम को पटना साहिब तख्त श्रीहरमंदिर में मत्था टेकने भी जाएंगी। राष्ट्रपति के आगमन पर राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। 19 अक्टूबर को राष्ट्रपति मोतिहारी जाएंगी, जहां महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। इसी दिन शाम को पटना एम्स के दीक्षांत समारोह में भी हिस्सा लेंगी। 20 अक्टूबर को वे पटना से गया जाएंगी।

राष्ट्रपति से नीतीश ने हर 3 माह में बिहार आने का आग्रह किया

आरएनएम। नई दिल्ली

राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू पहली बार बिहार यात्रा पर हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी सरकार के चौथे कृषि रोडमैप की शुरूआत के अवसर पर कहा, मैं माननीय राष्ट्रपति को उन दिनों से जानता हूं जब मैं स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री था। वह अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुझसे संपर्क करती थीं, जिन्हें मैं अपनी क्षमता से हल करने का पूरा प्रयास करता था। राष्ट्रपति मुर्मू ओडिशा में विधायक रह चुकी हैं जहां भाजपा का राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल (बीजद) के साथ गठबंधन था । दोनों दल 2009 में अलग हो गए थे। नीतीश कुमार ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मुर्मू की उम्मीदवारी को अपनी पार्टी के समर्थन की बात का जिक्र भी किया। बिहार में भाजपा के साथ जदयू के नाता तोड़ने से एक माह पहले ही मुर्मू राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित हुई थीं। नीतीश ने मुर्मू की ओर मुखातिब होते हुए कहा, आप यहां तीन दिन रहेंगी, जिस दौरान आप कई स्थानों का दौरा करेंगी। हालांकि मैं आपसे हर तीन से चार महीने में एक बार राज्य के दौरे का कार्यक्रम बनाने का आग्रह करूंगा। बिहार आपके गृह राज्य से बहुत दूर नहीं है, यह वह भूमि भी है जिसने देश को उसका पहला राष्ट्रपति (राजेंद्र प्रसाद) दिया। नीतीश कुमार ने अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर से कहा कि आप केंद्र द्वारा नियुक्त व्यक्ति हो सकते हैं लेकिन मेरे मन में इसके खिलाफ कुछ भी नहीं है। नीतीश कुमार ने कहा, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप राज्य में दौरे करें और खुद देखें कि आज पेश किए गए कृषि रोडमैप को लागू किया जा रहा है या नहीं। बेझिझक मेरे साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा करें। उन्होंने स्थानीय लहजे में कहा, मेरा बतवा मानिएगा ना? इस पर आर्लेकर ने मुस्कुराते हुए सहमति में सिर हिलाया।

कैबिनेट की बैठक

अराजपत्रित रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिन का बोनस

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सभी पात्र अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़ा बोनस (पीएलबी) देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इसे मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकारों को बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए 11,07,346 रेलवे कर्मचारियों को कुल 1968.87 करोड़ रुपये का पीएलबी भुगतान किया जाएगा।

इन रेल कर्मचारियों में ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप 'सी' स्टाफ (आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर) शामिल है। सरकार का कहना है कि साल 2022-2023 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। रेलवे ने 150.9 करोड़ टन की रिकॉर्ड माल ढुलाई की और लगभग 6.5 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

मिजोरम विस चुनाव : भाजपा ने 9 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा ने मिजोरम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 9 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इससे पहले भाजपा ने बुधवार को ही मिजोरम के लिए अपने 12 उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी की थी।

दोनों सूचियों को मिलाकर भाजपा मिजोरम के लिए अपने 21 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अब तक कर चुकी है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की मंजूरी के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को मिजोरम विधान सभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अलग-अलग पहली और दूसरी लिस्ट को जारी कर दिया।

भाजपा ने अपनी दूसरी लिस्ट में तुइरिअल विधान सभा सीट से एफ. वानहमिंगथांगा, कोलासिब से आर. लालथंगलियाना, तुइवावल से जूडी जोहमिंगलियानी सहित 9 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पहली लिस्ट में भाजपा ने हच्छेक विधान सभा सीट से माल्सावमत्लुआंगा, डम्पा से वनलालहमुअका, ममित से लालरिनलियाना सेलो, सेरलुई से रॉबिन्सन, चम्फाई उत्तर से पी.एस. जटलुआंगा, ह्लांगतुर्जो से लालमलसावमा, लुंगलेई पश्चिम से आर. लालबियाक्तलुआंगी और थोरांग से शांति बिकास चकमा सहित 12 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। मिजोरम में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में पांच आरोपी दोषी करार

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार आरोपियों को मकोका प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने में मदद करने के लिए दोषी ठहराया है। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने 13 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया है। चार आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और अजय सेठी को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है। अब सजा के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। 13 अक्टूबर को न्यायाधीश ने अतिरिक्त दलीलों या स्पष्टीकरण के लिए समय दिया था क्योंकि बचाव और अभियोजन दोनों ने इस महीने की शुरूआत में अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। अदालत ने फैसला सुनाए जाने के समय सभी आरोपियों को अदालत में उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया था। गौरतलब है कि 30 सितंबर 2008 को सौम्या विश्वनाथन देर रात अपनी कार से घर लौट रही थीं, उसी दौरान उनकी नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और वे मार्च 2009 से हिरासत में हैं। पुलिस ने उसकी हत्या का कारण डकैती बताया था और आरोपियों पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध रोकथाम अधिनियम (मकोका) लगाया था। बलजीत मलिक और दो अन्य आरोपी रवि कपूर तथा अमित शुक्ला को 2009 में आईटी पेशेवर जिगिशा घोष हत्या मामले में दोषी ठहराया जा चुका है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिली एफसीआरए की अनुमति

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के अंतर्गत स्वैच्छिक योगदान प्राप्त करने की अनुमति प्रदान कर दी है। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विश्व के विभिन्न देशों से लोगों के चंदे को स्वीकार करने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के तहत अनुमति के लिए आवेदन किया था। चम्पत राय ने बताया कि विदेशी स्रोतों से प्राप्त होने वाला कोई भी स्वैच्छिक योगदान केवल भारतीय स्टेट बैंक की 11 संसद मार्ग नई दिल्ली-110001 स्थित मुख्य शाखा के खाता संख्या-42162875158 में ही स्वीकार होगा।

FILMY हलचल

'बिग बॉस 17' में जिग्ना वोरा को है पूरा विश्वास, शो के जरिए उन्हें जानेंगे लोग

पूर्व क्राइम रिपोर्टर जिग्ना वोरा वर्तमान में 'बिग बॉस 17' में कंटेस्टेंट के रूप में नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सुपरस्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो के माध्यम से लोगों को उनका असली पक्ष पता चलेगा। आईएएनएस से बात करते हुए जिग्ना ने शो में शामिल होने की अपनी वजह का खुलासा किया। "बिग बॉस के घर में शामिल होने की वजह मेरा बेटा है। वह चाहता था कि मैं इसका हिस्सा बनूं।" क्या वह 'बिग बॉस 17' में अपने संघर्षों के और पहलुओं को सामने लाएंगी? उन्होंने कहा, "नहीं, मैं अतीत में जो कुछ भी हुआ है, उसे सामने नहीं लाना चाहती। हां, लेकिन लोगों को पता चल जाएगा कि असली जिग्ना वोरा कौन है और जिग्ना वोरा का कैसा स्वभाव है।" यह पूछे जाने पर कि क्या वह शो में सर्वाइवल गेम के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा, "जीवन में भी हर किसी को अस्तित्व से जुड़ी बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बात सिर्फ इतनी है कि असल जिंदगी में लोगों को इसके बारे में नहीं पता लेकिन शो में ये देखने को मिलेगा।

मशहूर मलयालम फिल्म अभिनेता कुंद्रा जॉनी का दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन



साउथ फिल्म इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आई है। मशहूर मलयालम फिल्म अभिनेता कुंद्रा जॉनी का निधन हो गया है। उन्होंने 71 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। कहा जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह 10 बजे से कुंद्रा जॉनी का पार्थिव शरीर कोल्लम कडापक्कडा स्पोर्ट्स क्लब में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उनके पार्थिव शरीर को दोपहर 3.30 बजे उनके आवास ले जाया जाएगा और उनका अंतिम संस्कार 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कांजीराकोड के सेंट एंथोनी चर्च परिसर में किया जाएगा।

कार्यक्रम

पीएम 3 नवंबर को वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 का करेंगे उद्घाटन

खाद्य प्रसंस्करण में हैं निवेश की अपार संभावनाएं

एजेंसी। नई दिल्ली

वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 का दूसरा संस्करण 03 से 05 नवंबर तक नई दिल्ली में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 03 नवंबर को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस की उपस्थिति में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 05 नवंबर को कार्यक्रम में समापन भाषण देंगी। वर्ल्ड फूड इंडिया के इस संस्करण में नीदरलैंड साझेदार देश होगा, जबकि जापान और वियतनाम फोकस देश हैं। प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्री पटेल ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 में दुनिया का सबसे लंबा मिलेट डोसा बनाने के लिए 60 से 80 शेफ मिलकर काम करेंगे। 100 फीट से अधिक लंबा डोसा बनाकर वे गिनीज रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे। सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार द्वारा संचालित अनुभवात्मक फूड स्ट्रीट, भोजन के प्रति उत्साही और उद्योग के पेशेवरों के लिए मुख्य आकर्षण होंगे।

अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023 का जश्न मनाने के लिए मोटे अनाज पेय पदार्थों के 50 हजार टेट्रा-पैक कंटेनरों की एक विशाल आकृति बनाई जाएगी और वंचित बच्चों को वितरित की जाएगी। तीन दिनों में आने वाले 75 हजार आगंतुकों को नृत्य और संगीत प्रदर्शन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद मिलेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया वैश्विक हितधारकों के सामने इस क्षेत्र की क्षमता पेश करने का एक प्रयास है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, खासकर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के कई अवसर हैं।

मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम सरकार के विभिन्न विभागों के आपसी सहयोग का एक अनूठा उदाहरण है। 11 केंद्रीय मंत्रालय व विभाग और उनसे जुड़े स्वायत्त निकाय इसमें भाग ले रहे हैं। अब तक 23 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों और 16 देशों के प्रदर्शकों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सहमति दे दी है और कार्यक्रम के शेष दिनों में और अधिक हितधारकों के इसमें शामिल होने की संभावना है। मंत्री ने इस आयोजन में व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि कई देशों के लगभग 10 विदेशी मंत्रिस्तरीय और आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। इस आयोजन के हिस्से के रूप में वाणिज्य विभाग और उससे जुड़े कमोडिटी बोर्डों के सहयोग से एक रिवर्स बायर सेलर मीट का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें 75 से अधिक देशों के लगभग 1000 विदेशी खरीदारों के भाग लेने की संभावना है। कुल मिलाकर इस आयोजन में 900 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने की संभावना है।

पीएम कल देश की पहली रैपिडएक्स रेल की देंगे सौगात

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शुक्रवार (20 अक्टूबर) को देश की पहली क्षेत्रीय रेल रैपिडएक्स का उद्घाटन करेंगे। प्रथम चरण में यह सेवा 17 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें पांच स्टेशन होंगे। इन पांच स्टेशनों में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई-डिपो शामिल है। इसकी सेवाएं हर 15 मिनट पर उपलब्ध होंगी और यह 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की चाल से चलेगी। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक रेलगाड़ी में एक डिब्बा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। दोनों ओर से पहली रेलगाड़ी छह बजे और अंतिम सेवा रात 11 बजे उपलब्ध रहेगी। आम नागरिकों के लिए सेवाएं शनिवार से चालू की जाएंगी।

मद्रास हाईकोर्ट ने सुपरस्टार विजय 'लियो' के पायरेटेड वर्जन की रिलीज पर लगाया प्रतिबंध

मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को सुपरस्टार विजय की 'लियो' फिल्म के पायरेटेड वर्जन की ऑनलाइन इलीगल रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया। फिल्म के निमार्ता सेवन स्क्रीन स्टूडियो ने फिल्म के पायरेटेड वर्जन की स्क्रीनिंग को रोकने के लिए मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया और अदालत से इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को ऐसी रिलीज के खिलाफ कार्रवाई करने से रोकने का अनुरोध किया है। मद्रास हाईकोर्ट के जज अब्दुल कुद्दोस ने फिल्म के पायरेटेड वर्जन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि पायरेटेड वर्जन उनकी साइटों के माध्यम से प्रदर्शित न हो। सेवन स्क्रीन स्टूडियो की ओर से पेश वकील विजय सुब्रमण्यम ने पहले अदालत में उल्लेख किया था कि फिल्म का बजट ज्यादा था। अगर पायरेटेड वर्जन जारी किया गया तो इससे फिल्म के निमार्ताओं को भारी नुकसान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 1,200 वेबसाइटें थी और अगर पायरेटेड वर्जन जारी किया गया, तो फिल्म को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा और इलीगल रिलीज के कारण फिल्म को बहुत कम दर्शक मिलेंगे।

गागर में सागर

रांची में रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर रोक

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत आदेश पारित किया गया है। इसके अनुसार रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर पूर्णतः रोक रहेगी। आपातकालीन स्थिति को छोड़कर किसी अन्य स्थिति में रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर पर मनाही रहेगी। साथ ही अस्पतालों के 100 मीटर के दायरे में अवस्थित क्षेत्र मौन क्षेत्र होंगे। इस संबंध में मंगलवार रात जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर दी।

दुर्गा पूजा पर ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए जिला प्रशासन ने जारी किया नंबर

रांची। झारखंड हाई कोर्ट की ओर से ध्वनि प्रदूषण को रोकने के संबंध में जरूरी आदेश का पालन कराने में रांची जिला प्रशासन सुनिश्चित कराने में जुट गया है। इस संबंध में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसमें लोगों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के फोन नम्बर सार्वजनिक रूप से निर्गत करने का आदेश पारित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत पदाधिकारियों को उनके विभागीय दूरभाष पर या लिखित शिकायत दर्ज करा सकता है। जिला प्रशासन के स्तर से रांची जिला क्षेत्र 47 पुलिस थाने का नंबर जारी किया गया है। साथ रांची और बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी का भी नंबर दिया गया है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में लोकनाद कार्यक्रम आयोजित

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बीके बिरला ऑडिटोरियम में लोकनाद-पीपुल्स वॉयस द्वारा प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति से उपस्थित छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। लोकनाद के दो कलाकारों चारुल भारवाडा और विनय महाजन ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कई गीत प्रस्तुत किए। यह प्रस्तुति अत्यंत मार्मिक व प्रभावशाली थी, जिससे दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए। उनके गीत बाल श्रम उन्मूलन, विविधता का उत्सव और अन्य प्रासंगिक सामाजिक मुद्दों पर आधारित थे। जिंदगी के गीत, धरती का नमक, हमलोग, जैसे गीतों ने दर्शकों के दिल को छू लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय में आने और अपने प्रेरणादायक गीतों से बच्चों को प्रेरित करने के लिए लोकनाद के कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति का पंडाल है प्रेरणादायी

मातृशक्ति को समर्पित है पंडाल, मां है तो सृष्टि है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति ने इस वर्ष पंडाल का थीम बहुत ही अलग और प्रेरणादायी रखा है। पूरे पंडाल को मातृशक्ति को समर्पित किया गया है। मां ही जननी है, सृष्टि का आधार है, इसे बहुत ही कलात्मक तरीके से प्रदर्शित किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय ने बताया कि मां को यहां सृष्टि के प्रतीक के तौर पर दर्शाने की कोशिश की गयी है। पंडाल में सबसे आगे मां का पैर है, उसके ऊपर गर्भ है उसमें एक शिशु को दर्शाया गया है। नीचे तुलसी का पेड़ है, इसके माध्यम से यह बताया गया है कि मां हमारे लिए पूजनीय है। इसके आगे रक्तबीच राक्षस है जिसके हाथों में डीएनएन की लड़ियां हैं साथ ही पंडाल के दोनों ओर भी डीएनए की लड़ियां और गर्भनाल प्रदर्शित की गई हैं। इसके माध्यम से यह बताने की कोशिश की गई है कि संसार की रक्षा के लिए रक्तबीज का बध जरूरी है और रक्तबीज का बध भी मां ने ही किया था। मुनचुन राय ने बताया कि आज के परिवेश में जिस प्रकार से हमारी बेटियों के साथ भेदभाव हो रहा है, उनके साथ अपराध की घटनाएं हो रही हैं, इसको देखते हुए पंडाल के थीम की परिकल्पना की गई है। समाज के निर्माण में बेटियों का अहम रोल है, एक मां के रूप में वह बच्चे को जन्म देकर न सिर्फ उसका लालन-पालन करती है, बल्कि एक अच्छा नागरिक बने इसका प्रयास भी करती है। रक्तबीज राक्षस के पीछे चक्र दिखाया गया है जो समय है, अगर मातृशक्ति नहीं बची तो पूरा संसार हड्डी और विरान में तब्दील हो जाएगा। सृष्टि का अंत तय है। इसलिए बेटियां बचेंगी तो ही संसार का चक्र आगे चलेगा। अन्यथा संसार हड्डी का ढेर बन कर रह जाएगा। पंडाल के अंत में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है जो मां भारती की प्रतीक के तौर पर प्रदर्शित की गई हैं। मुनचुन राय ने बताया कि शाम में पूरे दृश्य को लाइट के स्पेशल इफेक्ट के जरिए दिखाया जाएगा। हमारा प्रयास है कि समाज में यह संदेश जाय कि बेटियां हैं तो संसार है, सृष्टि है वर्ना पूरी दुनिया विरान हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 35 फीट है और लंबाई 40 फीट है जबकि मूर्ति 14 फीट की है, वहीं पंडाल के निर्माण में लगभग 35-37 लाख का खर्च आया है। बताया कि 25 अधिक कारीगर पिछले दो महीने से लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। समिति के स्वयंसेवक पूरी मुस्तैदी से आने-जाने वालों पर नजर रखेंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए निकास द्वार महिलाओं और पुरूषों के लिए अलग-अलग बनाया जा रहा है।

विशेष आकर्षण- लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है, पूरे परिसर के साथ ही आगे सभी गेट पर बड़े-बड़े लाइटस लगाए जाएंगे, वहीं पंडाल के पीछे भी लाइट की व्यवस्था की जा रही है, जहां बच्चों के लिए झूला और मेला लगाया जाएगा।

बेहतर पंडाल बनाने वाले पूजा समिति होंगे सम्मानित

रांची। नवरात्रि को लेकर मां का दरबार पूरी तरह से सज चुका है। राजधानी रांची में बुधवार से पूजा पंडाल आम श्रद्धालुओं के लिए खुलने शुरू हो गये हैं। इन सब के बीच इस बार सबसे खास बात यह है कि इन पूजा पंडालों के बीच नगर निगम स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता करा रही है, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पहली बार नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में 25000 रुपया, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15000 रुपया और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10000 रुपया विजेता पूजा पंडाल को प्रदान किया जाएगा। स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता 2023 में जीतने के लिए पूजा समितियों को 200 अंकों की परीक्षा देनी होगी। जिसके आधार पर उनका चयन किया जाएगा। परीक्षा का तात्पर्य यह है कि पूजा पंडाल परिसर में नगर निगम द्वारा निर्धारित 14 अलग-अलग बिंदुओं पर अंक प्राप्त करने के लिए उन्हें व्यवस्थाएं करनी होगी। नगर निगम ने इसके लिए नगर प्रशासक रजनीश कुमार के नेतृत्व में एक चयन समिति बनाई है, जो रांची नगर निगम क्षेत्र के 157 पूजा पंडालों का निरीक्षण कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार की घोषणा करेगी। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन के अनुसार पहली बार नकद राशि के साथ पूजा पंडालों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने की कोशिश होगी।

दुर्गोत्सव पर मौसम मेहरबान, सर्दी का होने लगा एहसास

नवीन मेल संवाददाता। रांची

इस साल दुर्गोत्सव पर मौसम भी मेहरबान है। शाम ढलते ही सर्दी का एहसास होने लगा है। पंचमी यानी 19 अक्टूबर से ही ज्यादातर पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। लिहाजा, रात के वक्त बच्चों के साथ पंडाल परिक्रमा और मेला देखने की तैयारी कर रहे लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। इस बार विजयादशमी तक न्यूनतम पारा 16 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। ऐसे में पूरी तैयारी के साथ ही घर से बाहर निकलना बेहतर होगा। मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक पंचमी से ही कई शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। सबसे पहले उन चार प्रमुख शहरों की बात कर लेते हैं, जहां भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन होता है।पंचमी यानी 19 अक्टूबर के दिन रांची में न्यूनतम पारा 18 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 21 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 19 डिग्री सेल्सियस और धनबाद में 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। हालांकि, 19 अक्टूबर को रामगढ़ में न्यूनतम पारा 16 डिग्री सेल्सियस और गुमला में 17 डिग्री तक जा सकता है। षष्ठी यानी 20 अक्टूबर को राजधानी रांची का न्यूनतम पारा 17 डिग्री, जमशेदपुर का 20 डिग्री, बोकारो का 18 डिग्री और धनबाद का 18 डिग्री रिकॉर्ड होने का अनुमान है। इस दिन भी रामगढ़ में न्यूनतम 16 डिग्री, गुमला में 17 डिग्री और सिमडेगा में 17 डिग्री तापमान हो सकता है। सप्तमी यानी 21 अक्टूबर को राजधानी का न्यूनतम पारा 17 डिग्री तक बना रहेगा। वहीं जमशेदपुर में 20 डिग्री, बोकारो में 18 डिग्री और धनबाद में भी 18 डिग्री तक रहने का अनुमान है। इस दिन देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, गढ़वा, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़ और गुमला में रांची वाली स्थिति यानी 17 डिग्री तक पारा जा सकता है। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि कैसे ठंड का असर अलग-अलग जिलों तक फैल रहा है। ठंड से बचाव का कर लें इंतजामः अष्टमी यानी 22 अक्टूबर को रांची में 16 डिग्री तक न्यूनतम तापमान जाने की उम्मीद है। इस दिन रांची के पूजा पंडालों में देवी के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। लिहाजा, ठंड से बचाव का उपाय करना बेहतर रहेगा। जबकि जमशेदपुर में न्यूनतम पारा 21 डिग्री तक जा सकता है। वहीं बोकारो में पिछले दिन की तरह 18 डिग्री और धनबाद में भी 18 डिग्री तक ही न्यूनतम पारा रह सकता है। इस दिन रांची की तरह लोहरदगा, पलामू और गुमला का न्यूनतम पारा 16 डिग्री तक जा सकता है।

पंचमी को अधिकतर पूजा पंडाल के खुलेंगे पट लगेगी श्रद्धा की कतार

रांची। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर सभी पूजा पंडाल समिति पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। पंचमी को अधिकतर पूजा पंडाल के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इनमें राजस्थान मित्र मंडल अपर बाजार, रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति,आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड और चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति शामिल है। सभी पंडालों के पट पंचमी (19 अक्टूबर) को खोल दिये जायेंगे। श्रद्धालु पंडाल का और माता का दर्शन कर सकेंगे। छोटानागपुर का ऐतिहासिक रातू किला दुगार्पूजा को लेकर पूरी तरह से सज धज कर तैयार है। आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ-साथ भव्य किला का अवलोकन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। रातू किला में मां दुर्गा का दर्शन महासप्तमी से लेकर विजयादशमी के विसर्जन तक किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु रातू किला का भी भ्रमण करते हैं। महाअष्टमी के दिन संधि पूजा को लेकर दिन के एक बजे से शाम के 6.30 बजे तक किला का दरवाजा बंद रहेगा।

झारखंड में आसमान छू रही सब्जियों की कीमत, धनिया पत्ती 300 के पार

रांची बाजार में सब्जियों के दाम

सब्जी	----- प्रति किलो रेट
टमाटर	----- 40
लौकी	----- 35-40
करेला	----- 70
बैंगन	----- 60-70
खीरा	----- 40-50
गोभी	----- 80
बींस	----- 140-150
भिंडी	----- 50-60
परवल	----- 45-50
हरा धनिया पत्ता	----300-350
मुली	----- 40-50
नेनुआ	----- 50-60
शिमला मिर्च	----- 120
हरी मिर्च-	----- 120 है।

शशि भूषण शर्मा, रांची

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमत के बीच हरी सब्जियों के तेवर में भी गर्मी आ गई है। रांची मंडी में फल और सब्जियों के दाम ने लोगों के पसीने निकाल दिए हैं। टमाटर की लाली लगातार बढ़ रही है तो मिर्च तीखी हो रही है। वहीं नींबू ने तो आमजनों के दांत खट्टे कर दिए हैं। सब्जियों के दामों में भारी उल्ट-फेर होने से रसोई का बजट एक बार फिर से गड़बड़ाया हुआ नजर आ रहा है लेकिन इस बार कुछेक सब्जियों के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई है जबकि इसके विपरीत आसमान छू रहे टमाटर के दाम कंट्रोल में आ चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव व निर्यात कम होने के कारण कई सब्जियों के दाम तेजी से बढ़े हैं। इससे गृहणियों की चिताएं बढ़ गई। उनका रसोई का बजट बिगड़ गया है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों को सब्जी खरीदने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही। सब्जियों के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी से लोगों की चिंता बढ़ गई है। सबसे ज्यादा दाम मटर, बींस, गोभी, धनिया पत्ता, पत्ता और फूल गोभी, लौकी, बैगन, करेला के बढ़े हैं। दाम बढ़ने से लोगों द्वारा कम खरीदारी करने से व्यापारियों के माथे पर भी चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं। व्यापारियों के मुताबिक आवक महंगी होने के कारण वह भी ग्राहक को ऊंचे दाम पर सब्जियां बेचने को मजबूर हैं।

क्या कहना है लोगों का

रीना शर्मा, रांची

सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। कभी भी सब्जियों के दाम बढ़ा दिए जाते है। इससे सबसे ज्यादा गरीब और मिडिल क्लास के लोग परेशान होते है। पूरा देश महंगाई की मार झेल रहा है।

अप्सरा शर्मा, रांची

सब्जियों के दाम में अचानक उछाल आने से सबसे ज्यादा परेशानी आम आदमी को हो रही है। महंगाई से सबसे ज्यादा आम आदमी प्रभावित है। बिना सब्जियों के काम नहीं चल सकता।

पंकज महतो, सब्जी विक्रेता

सब्जियों के दाम में अचानक बढ़ोतरी हुई है। महंगा माल आने के कारण हम भी महंगी सब्जियां बेचने के लिए मजबूर हैं। बिक्री भी काफी कम हो गई है, जिससे आमदनी नहीं हो रही है। आवक कम होने के कारण दाम बढ़े है।

पृष्ठ एक के शेष

बेघरों को मिलेगा तीन कमरों...

और पूर्व में इनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है लिया गया था। इस वजह से कैसे वापस लिया गया। झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के सफलता के लिए निजी बस ऑपरेटर को रियायतें दी गई। नई वाहनों के लिए ही रियायत होगी। गाड़ी की बैठने की क्षमता भी बढ़ाई गई है। अधिकतम सीट की क्षमता 33 से 42 की गई है। द्वितीय सहायता 7 से 7:30 रुपये प्रति किलोमीटर। 25 से 32 सीट के लिए3 14.5 प्रति किलोमीटर और 33 से 42 सीट तक के लिए 18 रुपये प्रति किलोमीटर अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। मार्ग की दूरी अधिकतम लंबाई 70 किलोमीटर पहले थी, जिसे बदलकर 125 किलोमीटर किया गया है। फिटनेस जांच सुख नए वाहन के निबंध में 100 प्रतिशत छूट। इसके अलावा जो छूट दी गई थी वे सारे छूट लागू रहेंगे। विधायक योजना की आवंटित राशि को अब राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी रखा जा सकता है। इसके लिए नियम शिथिल किए गए। झारखंड विधानसभा सचिवालय में नियुक्ति में हुई गड़बड़ी के लिए एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्य न्यायिक आयोग द्वारा रिपोर्ट को अब झारखंड सरकार को दिया जाएगा। पहले विधानसभा को प्रतिवेदन देना था। जेल अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए नियमावली बनायी गई।

राजस्व कर्मचारी को एसीबी ने...

मिला नहीं। एसीबी सचिन गुप्ता को गिरफ्तार कर कार्यालय ले गई है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। फिलहाल सचिन गुप्ता से पूछताछ की जा रही है। वह हाल के दिनों में ही हुसैनाबाद में तैनात हुए थे। पलामू प्रमंडलीय एसीबी की टीम की एक महीने में यह लगातार दूसरी कार्रवाई है, एसीबी की टीम लगातार घूसखोर लोकसेवकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–136/22 दिनांक 18.12.2023 धारा–341/323/ 307/302/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त 1. बुधन साव पे0 सागर साव 2. बुची देवी उर्फ बुचिया देवी दोनों सा0 शिकारपुर थाना हरिहरगंज जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त 1. बुधन साव पे0 सागर साव 2. बुची देवी उर्फ बुचिया देवी दोनों सा0 शिकारपुर थाना हरिहरगंज जिला पलामू के संबंध में जानकारी/सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छत्तरपुरः– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंजः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 309464 Police(23-24)D

हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कर

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्राफी - 2023 के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव, वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ आलोक एवं प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला स्तर पर गठित कोर टीम के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कोर टीम के नोडल पदधिकारियों के साथ उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उपायुक्त ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की एवं उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक, आईटी, सिक्यूरिटी/लॉ एंड ऑर्डर मेनटेनेंस, ट्रैफिक सिक्यूरिटी, मेडिकल टीम, मीडिया एंड पीआर टीम, प्रोटोकॉल, एयरपोर्ट, होटल टीम, फायर सेफ्टी, साउंड एंड इलेक्ट्रिसिटी, ड्रिंकिंग वाटर एंड सैनिटेशन टीम, फूड एंड स्नैक्स अरेंजमेंट टीम के नोडल पदाधिकारियों को हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य संपादित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि इस मामले में हम सौभाग्यशाली हैं कि लगातार इंटरनैशनल इवेंट का आयोजन करने का मौका मिल रहा है।

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 17/वर्ष 2023–24

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 30.10.2023 को 11.00 बजे पूवाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 31.10.2023 को 11.00 बजे अपराह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 31.10.2023 को 01:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Construction of Laying of Paver block Near IB at chianki airport in ward no. 18 Under Medininagar Municipal Corporation	9,57,334/-	19,150/-	5,000/-	तीन माह
2	Construction of Laying of Paver block at chianki airport gate in ward no. 18 Under Medininagar Municipal Corporation	5,12,400/-	10,300/-	5,000/-	तीन माह
3	Construction of Drain and PCC road from Abhishekl singh house to Arun singh house in ward no. 18 Under Medininagar Municipal Corporation	9,79,141/-	19,600/-	5,000/-	तीन माह
4	Construction of PCC road with hume pipe from Pappu chowdhary house to main road in ward no. 19 under Medininagar Municipal Corporation	9,99,126/-	19,990/-	5,000/-	तीन माह
5	Construction of PCC road with hume pipe from Sanjay singh house to Alok sinha house via Chhotu Chandravanshi in ward no. 19 under Medininagar Municipal Corporation	9,99,454/-	19,990/-	5,000/-	तीन माह
6	Construction of (i) Drain from Faem house to Jasim house (ii) Drain and PCC road from Md Jilani house to Mustafa house in ward no. 26 under Medininagar Municipal Corporation	6,10,499/-	12,250/-	5,000/-	तीन माह
7	Construction of PCC road from Pinku Jaiswal house to Rajnish Gupta house in ward no. 06 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar	6,79,136/-	13,600/-	5,000/-	तीन माह
8	Construction of Dismantle of old buildings and boundary wall at MMCH, Palamu in ward no. 24 Under Medininagar Municipal corporationn	6,22,333/-	12,500/-	5,000/-	तीन माह
9	Construction of Drain From (i) Drain from Ramjanm ram house to Babban Ram house (ii) Drain near umesh reporter house (iii) Repair of drain and new slab over drain from Navdeep tent house to Umesh reporter in ward 20 under Medininagar Municipal Corporation	9,45,100/-	18,950/-	5,000/-	तीन माह
10	Construction of (i) Drain near Durgabadi temple in ward no. 29 (ii) Drain at backside of Chitragupta Mandir in ward no. 22 Under Medininagar Municipal Corporation.	7,59,546/-	15,200/-	5,000/-	तीन माह
11	Construction of Laying of Paver Block From main road to KD house, from main road to mehta ji house, Main road to kanchan ji house in ward no. 08 under Medininagar Municipal Corporation	9,93,998/-	19,890/-	5,000/-	तीन माह
12	Repair of old PCC road from Sahu samaj to Arjun singh house via Sunny ram house and repair of drain from shibu bhuiya house to Late pata ram house (Part) in ward no. 14 under medininagar municipal Corporation	9,99,352/-	19,990/-	5,000/-	तीन माह

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 309483 District (23-24)_D

विश्व कप 2023 में अब तक के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी हैं कोहली

एजेंसी। नई दिल्ली

विश्व कप में भारत की शानदार शुरूआत ने विरोधी टीमों के पसीने छुड़ा दिए हैं। वहीं अब तक के टूर्नामेंट में मैदान पर विराट कोहली सबसे बेस्ट खिलाड़ी रहे हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार कोहली ने भारत के लिए तीन मैचों में कुल तीन कैच लपके हैं। गैर-विकेटकीपरों न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी डेविड वार्नर की तुलना में दो कम, लेकिन मैदान पर उनका प्रभाव उससे कहीं अधिक है। इवेंट में सभी टीमों के लिए तीन मैचों के दौरान बचाए गए रनों और दबाव रेटिंग की सूची में भारत का बल्लेबाजी स्टार शीर्ष पर है और उसके कुल 22.30 अंक उसे विश्व कप में फील्डिंग प्रभाव के लिए शीर्ष पर बैठाते हैं। कोहली के निकटतम चुनौती साथी दिग्गजों की एक जोड़ी है, जिसमें इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट (चार कैच) और वार्नर (पांच कैच) उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं। पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत में से प्रत्येक के दो-दो खिलाड़ी सितारों से सजे शीर्ष 10 में हैं, जबकि टूर्नामेंट के मेजबानों के पास एक और खिलाड़ी है, जो 11वें स्थान पर हैं। इसका मतलब है कि भारत टीम रेटिंग के मामले में बेहतर है, टूर्नामेंट में अब तक उसने 14 कैच पकड़े हैं। जिसमें कुल 10 रन बचाए गए हैं, 16 दबाव वाले स्थिति और अच्छे थ्रो की चौकड़ी शामिल है। भारत ने शुरूआती तीन मैचों में केवल दो कैच ड्रॉप किए हैं, जबकि मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड (एक) एकमात्र ऐसी टीम है जिसने कम कैच छोड़े हैं। टूर्नामेंट के मेजबान अब तक प्रत्येक मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को 'स्वर्ण पदक' प्रदान करते रहे हैं, कोहली ने कार्यक्रम की शुरूआत में पांच बार के विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर भारत की प्रभावशाली जीत के दौरान गोल्ड जीता था। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के मैच के दौरान सीमा पर उनके शानदार कैच के लिए पुरस्कार मिला, जिसने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट करने में मदद की जबकि अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ संघर्ष के बाद यह पुरस्कार जीता।

विश्व कप में कोई बड़ी टीमें नहीं हैं, सब एक जैसी हैं : विराट

पुणे। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने विश्व कप 2023 में अपने मैच से पहले बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल-हसन के गुणों पर बात की और कहा कि मेगा इवेंट में कोई टीम बड़ी नहीं है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान शाकिब अल-हसन के बारे में कहा, इन वर्षों में मैंने उनके खिलाफ बहुत खेला है। उसके पास अद्भुत नियंत्रण है। वह बहुत अनुभवी गेंदबाज हैं। वह नई गेंद से बहुत अच्छी गेंदबाजी करता है, बल्लेबाज को धोखा देना जानता है और काफी किफायती भी है। आपको इन सभी गेंदबाजों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और यदि आप ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं, तो ये गेंदबाज दबाव बनाने में सक्षम हैं और आपको आउट करने की संभावना बढ़ा सकते हैं। विश्व कप में कोई बड़ी टीमें नहीं हैं। जब भी आप केवल बड़ी टीमों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू करते हैं, तो परेशानी होती है। कोहली कि बात गलत भी नहीं हैं क्योंकि मंगलवार को नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को और पिछले हफ्ते अफगानिस्तान ने गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर यह बात साफ कर दी है कि कोई भी टीम कम नहीं है। इस बीच, बांग्लादेश के क्रिकेटर शाकिब अल-हसन ने विराट कोहली के विकेट की कीमत पर बात की। उन्होंने कहा, वह एक विशेष बल्लेबाज है, शायद आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली हूं कि उसे 5 बार आउट कर सका। निस्संदेह, उनका विकेट लेने से मुझे बहुत खुशी होगी।" भारत के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने भी शाकिब अल-हसन की कीमत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह एक बहुत ही स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उन्होंने कई वर्षों तक बांग्लादेश को अपने कंधों पर उठाया है।

फर्ग्यूसन-सेंटनर की घातक गेंदबाजी

न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 149 रनों से किया पराजित

एजेंसी। नई दिल्ली

न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर वर्ल्ड कप में अपनी लगातार चौथी जीत हासिल की। चेपॉक में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 149 रनों से जीत हासिल की। इसी के न्यूजीलैंड अब प्वाइंट्स टेबल पर टॉप पर पहुंच गई है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 6 विकेट पर 288 रन बनाए हैं। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 34।4 ओवर में ही 139 रनों पर ही सिमट गई। अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रहमत शाह 36 और अजमतुल्लाह 27 रनों की पारी खेली। वहीं न्यूजीलैंड के लिए लोकी फर्ग्यूसन और मिचेल सेंटनर ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट चटकाए। जबकि ट्रेंट बोल्ट 2 विकेट झटके। इसके अलावा मार्क हेनरी और रचिन रवींद्र को एक-एक सफलता मिली।

289 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। 6वें ओवर में ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 11 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद 7वें ओवर में 27 के स्कोर पर ही अफगानिस्तान ने दूसरा विकेट गंवा दिया। पहले मैट हेनरी ने रहमानुल्लाह गुरबाज को बोल्ड किया। इसके बाद ट्रेंट बोल्ट ने इब्राहिम जादरान को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

इसके बाद 43 के स्कोर पर अफगानिस्तान ने तीसरा विकेट कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के रूप में गंवाया। शाहिदी 29 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लॉकी फर्ग्यूसन ने पवेलियन भेजा। फिर रहमत शाह और अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो गई है, लेकिन फिर अजमतुल्लाह ओमरजई 32 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। ओमरजई को ट्रेंट बोल्ट ने पवेलियन भेजा। इसके बाद रहमत शाह भी 62 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। रहमत शाह को रचिन रवींद्र ने आउट किया। इसके बाद देखते ही देखते अफगानिस्तान की पूरी टीम 139 रनों पर ही सिमट गई।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड	रन	बॉल	4	6
डेवन कॉन्वे	20	18	3	0
विल यंग	54	64	4	3
रचिन रविंद्र	32	41	2	1
डैरिल मिचेल	1	7	0	0
टॉम लेथम	68	74	3	2
ग्लेन फि लिप्स	71	80	4	4
मार्क चैपमैन	25	12	2	1
मिचेल सैंटनर	7	5	1	0

अतिरिक्त : 10, **कुल :** 288/6 (50 ओवर)
विकेट पतन: 1-30, 2-109, 3-110, 4-110, 5-254, 6-255. डीआरएस
गेंदबाजी : मुजीब उर रहमान 10-0-57-1, फजलहक फारूकी 7-1-39-0, नवीन उल हक 8-0-48-2, मोहम्मद नबी 8-1-41-0, राशिद खान 10-0-43-1, अजमतउल्लाह ओमरजाई 7-0-56-2

अफगानिस्तान	रन	बॉल	4	6
रहमानउल्लाह गुरबाज	11	21	0	1
इब्राहिम जदरान	14	15	2	0
रहमत शाह	36	62	1	0
हशमतउल्लाह शहीदी	8	29	1	0
अजमतउल्लाह ओमरजाई	27	32	2	0
इकराम अलीखिल	19	21	3	0
मोहम्मद नबी	7	9	1	0
राशिद खान	8	13	0	1
मुजीब उर रहमान	4	3	1	0
नवीन उल हक	0	1	0	0
फजलहक फारूकी	0	2	0	0

अतिरिक्त : 05, **कुल :** 139/10 (34.4 ओवर)
विकेट पतन: 1-27, 2-27, 3-43, 4-97, 5-107, 6-125, 7-134, 8-138, 9-139, 10-139. डीआरएस
गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 7-1-18-2, मैट हेनरी 5-2-16-1, मिचेल सैंटनर 7.4-0-39-3, लॉकी फर्ग्युसन 7-1-19-3, ग्लेन फि लिप्स 3-0-13-0, रचिन रविंद्र 5-0-34-1

वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

टीम	मैच	जीत	हार	नेट प्वाइंट्स	नेट प्वाइंट्स
न्यूजीलैंड	4	4	0	6	+1.923
भारत	3	3	0	6	+1.821
सा. अफ्रीका	3	2	1	4	+1.385
पाकिस्तान	3	2	1	4	-0.137
अफगानिस्तान	4	1	3	4	-1.250
इंग्लैंड	3	1	2	2	-0.084
बांग्लादेश	3	1	2	2	-0.699
ऑस्ट्रेलिया	3	1	2	2	-0.734
नीदरलैंड्स	3	1	2	2	-0.993
श्रीलंका	3	0	3	0	-1.532

परिस्थितियों को ध्यान में रखकर पाक अपनी रणनीति बनाए : रमीज राजा

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले पाकिस्तानी टीम को परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की सलाह दी है। वर्ल्ड कप 2023 में भारत के खिलाफ हार झेलने वाली पाकिस्तान टीम को पूर्व पाकिस्तान क्रिकेटर ने सलाह दी है। एक पाकिस्तानी चैनल से बात करते हुए रमीज राजा ने अपनी मैदान की स्थिति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को ऑलराउंडर विकल्प को त्याग देना चाहिए और एक विशेषज्ञ गेंदबाज की तलाश करनी चाहिए। रजा ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान को लक्ष्य का पीछा करना चाहिए। पाकिस्तान पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के खिलाफ 200 रन भी नहीं बना सकी, इसलिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने के बारे में सोचना चाहिए। वहां (बेंगलुरु में) परिस्थितियां बल्लेबाजी के अनुकूल होंगी इसलिए पाकिस्तान को पिच को ध्यान में रखते हुए अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है। यदि आपको किसी विशेषज्ञ के लिए एक ऑलराउंडर को बाहर करने की आवश्यकता है, तो उन्हें निश्चित रूप से ऐसा करना चाहिए। अहमदाबाद में भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत पर होगी। पाकिस्तान फिलहाल तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

सब-जूनियर झारखंड वॉलीबाल प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 22 को

रांची। सब-जूनियर 23वीं झारखंड वॉलीबाल प्रतियोगिता दो से पांच नवम्बर तक लातेहार में होगा। इस प्रतियोगिता में रांची टीम के गठन के लिए रांची जिला वॉलीबाल संघ की ओर से रांची विश्वविद्यालय वॉलीबाल मैदान में सुबह आठ बजे से बालक एवं बालिका वर्ग के लिए 22 अक्टूबर को एक चयन प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की अर्हता भी निर्धारित की गई है। रांची जिला वॉलीबाल संघ के सचिव संजय ठाकुर ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में एक जनवरी, 2008 या उसके बाद जन्म लेने वाले झारखंड के खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में ओरिजनल आधार कार्ड, सरकारी संस्थानों से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ऑफ ब्रेक स्पिनर रितेश का वर्ल्ड कप के एनईटी बॉलर में सिलेक्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जब भी कोई नन्हा होनहार खिलाड़ी गेंद थामता है या बल्ला भांजना शुरू करता है, उस समय उसका लक्ष्य अपने देश की जर्सी पहनकर मैदान मारना होता है। इसी सपने को संजोकर भारत के तमाम हिस्सों से कई युवा क्रिकेटर बनने निकल पड़ते हैं। जिससे देश को कपिल देव, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और वर्तमान टीम इंडिया में शामिल रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे योद्धा मिले। इन सभी ने भारतीय क्रिकेट की विरासत को बखूबी संभाला। कुछ इसी तरह के सपने को संजोकर महेंद्र सिंह धोनी के शहर रांची से निकलकर एक और युवा खिलाड़ी दिल्ली में है और वर्ल्ड कप 2023 में पर्दे के पीछे उसकी काफी चर्चा है।

उसने दिल्ली के अरुण जेटली मैदान में बतौर नेट गेंदबाज न सिर्फ श्रीलंका और अफगानिस्तान का दिल जीता बल्कि इंग्लैंड के जो रूट और डेविड मलान तक के तो स्टंप्स बिखेर दिए।

20 साल के युवा ऑफ ब्रेक स्पिनर रितेश केसरी रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकैडमी प्रशिक्षण लेते थे उनके कोच चंद्रदेव सिंह। उनके पिता रतन केसरी रांची में ही सब्जी बेचने का काम करते हैं। रितेश को शुरू से ही क्रिकेट से काफी लगाव था। रितेश ने बताया कि रांची में ट्रायल के दौरान उसका सबसे पहले चयन उत्तराखंड में मौजूद मदन लाल की एमिनिटी क्रिकेट एकेडमी में हुआ। जहां से रितेश ने अपनी कला को निखारा और इसके साथ-साथ पढ़ाई करते हुए 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। मदन लाल क्रिकेट अकादमी से जब स्कॉलरशिप समाप्त हुई तब रितेश ने रांची जाने की बजाए दिल्ली का रुख किया। जहां से वह इंग्लैंड, श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान के नेट्स सेशन कैंप में सिलेक्शन हुआ। इससे रांची मैं जहां प्रशिक्षण लेते थे उनके कोच चंद्रदेव सिंह और साथी खिलाड़ी ने उनको ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

34वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दूसरे दिन

झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते 10 स्वर्ण, 09 रजत 12 कांस्य पदक

▶▶ प्रदेश के एथलिटों ने पहले दिन 04 स्वर्ण, 03रजत, 05 कांस्य पदक जीता

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवम पश्चिम बंगाल एथलेटिक्स एसोसिएशन, कोलकाता के तत्वाधान में 17 से 19 अक्टूबर तक साई स्पोर्टस कांप्लेक्स, साल्टलेक स्टेडियम,कोलकाता (प.बंगाल) में आयोजित 34 वी पूर्वी क्षेत्र जुनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड के एथलीटो ने 10 स्वर्ण, 09 रजत,12 कांस्य पदक जीत पदक तालिका में बढ़त बनाए हुए है।

इस प्रतियोगिता में मेजबान पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, झारखंड, असम, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश की टीम भाग ले रही है।

पदक विजेता एथलीटों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, एस के पांडेय डॉ प्रभात शंकर, बिनोद कुमार सिंह,आलोक मिश्रा, आशीष झा, सुखैर भगत, राकेश सिंह, बरूण कुमार, किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी, रविंद्र मुर्मू, बंधन टोप्पो, आशू भटिया, प्रभात रंजन तिवारी, सिकंदर महतो, अजीत साहू, अजय नायक, रनवीर सिंह, प्रभाकर वर्मा, अन्ना गोरेती मिंज, मुकुल टोप्पो, अरविंद कुमार, योगेश यादव, अशोक कुमार, शाशांक भूषण सिंह, समेत संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

दूसरे दिन के परिणाम

स्वर्ण पदक : क्रांति कुमारी, रौशन कुमार, आंसू कुमार, प्रशांत कुमार, सविता मुर्मू, तनीषा कुमारी, सुजाना लकड़ा, हेमंती कुमारी, साकेत मिंज, अमनदीप कौर

रजत पदकः साकेत मिंज, ममता मेरी मिंज, मानसी मिंज, अनीशा कुमारी, लिली रिचमा केरकेट्टा, शिल्पा कुमारी, दुलार केरकेट्टा, अनीश लकड़ा, अर्जुन, आकांक्षा कुमारी

कांस्य पदक : ओम प्रकाश, अर्पिता साहू, ओम प्रकाश, अर्पिता साहू, मंजू कुमारी, नेहा कुमारी, सपना यादव, प्रीति लकड़ा, आर्यन गुप्ता, विकास कुमार महतो, मनीष कुमार, मनीष बेदिया

मेसी के डबल से अर्जेंटीना ने पेरू को दी शिकस्त

एजेंसी। लीमा

लियोनल मेसी के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने यहां फीफा विश्व कप क्वालीफायर में पेरू पर 2-0 से आसान जीत दर्ज की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मेसी ने आधे घंटे के बाद ही निकोलस गोंजालेज के क्रॉस के बाद शीर्ष-दाएं कोने में पहली बार प्रयास करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जूलियन अल्वारेज ने एंजो फर्नांडीज के क्रॉस को अपने पैरों से गुजरने दिया और मेसी ने 16 गज की दूरी से फिनिश हासिल कर ली, जिसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन ने हाफटाइम के स्ट्रोक पर इसे 2-0 कर दिया। लीमा में एस्टाडियो नेशनल में परिणाम ने अर्जेंटीना की दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में शानदार शुरूआत बरकरार रखी है। लियोनल स्कालोनी की टीम ने अब इतने ही मैचों में चार जीत हासिल कर ली है और दूसरे स्थान पर मौजूद उरुग्वे पर पांच अंकों की बढ़त बना ली है। पेरू अब तक केवल एक अंक के साथ 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। मंगलवार को दक्षिण अमेरिका के क्वालीफाइंग ग्रुप में अन्य जगहों पर, उरुग्वे ने ब्राजील को अपने घर में 2-0 से हराया, इक्वाडोर को कोलंबिया ने गोलरहित घरेलू ड्रा पर रोका, पराग्वे ने बोलीविया पर 1-0 से घरेलू जीत हासिल की और वेनेजुएला ने घर में चिली पर 3-0 से जीत हासिल की।

उपलब्धि भारतीय-अमेरिकी मूल के अर्जुन निम्माला ने रचा इतिहास

'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में आएंगे नजर

एजेंसी। मुंबई

मेजर लीग बेसबॉल और डिज्नी स्टार ने आईएमजी और एम्पेड पिक्चर्स के साथ मिलकर 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' नाम का डॉक्यूमेंट्री-सीरीज प्रोड्यूस किया है। इसमें पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी अर्जुन निम्माला की प्रेरणादायी कहानी के बारे में बताया गया है। जुलाई में टोरंटो ब्लू जेज द्वारा एमएलबी एमेच्योर ड्राफ्ट के पहले राउंड में निम्माला को शामिल किया गया था। इसी के साथ चार प्रमुख अमेरिकी पेशेवर खेलों में से किसी एक में इतने हाई पोजीशन पर चुने जाने वाले पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी के रूप में निम्माला ने इतिहास रच दिया था।

डॉक्यूमेंट्री सीरीज दर्शकों को निम्माला के साथ एक ऐसी यात्रा पर ले जाती है, जहां वह अपने माता-पिता के गृहनगर विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में अपनी जड़ों का पता लगाने के लिए निकले और भारत की खेल संस्कृति को उजागर किया। इस दौरान दोस्ताना क्रिकेट मैच के लिए निम्माला का भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके अजिंक्य रहाणे से मिलना एक बड़ी घटना थी। निम्माला क्रिकेट का अभ्यास करते हुए बड़े हुए हैं। पूरी डॉक्यूमेंट्री के दौरान अर्जुन निम्माला भारत की उभरती बेसबॉल प्रतिभाओं से मिलते हैं और इसमें इन युवा खिलाड़ियों की कहानियां भी दिखाई गई हैं।

चार भाग वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज 18 अक्टूबर, 2023 को स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और स्टार स्पोर्ट्स सेलेक्ट 2 पर लॉन्च की जाएगी और इसका अंतिम एपिसोड 21 अक्टूबर, 2023 को प्रसारित किया जाएगा। साथ ही इसका दोबारा प्रसारण 26 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहेगा। इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' नवंबर में डिज्नी हॉटस्टार पर देशभर में लॉन्च होगा। यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज एमएलबी और डिज्नी स्टार के बीच विस्तारित साझेदारी के रिन्यूअल का हिस्सा है। वर्ल्ड सीरीज के प्रसारण के साथ-साथ (जैसा कि 2020 से हो रहा है), स्टार स्पोर्ट्स पहली बार स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और 2 पर मेजर लीग बेसबॉल पोस्ट सीजन के एक्स्ट्रा राउंड अक्टूबर और नवंबर में लाइव प्रसारित कर रहा है। ये प्रसारण विशेष रूप से भारतीयों के लिए तैयार किए गए हैं। पहली बार भारतीय बाजार में इसका प्रसारण किया गया और एमएलबी की सर्वश्रेष्ठ टीमों को दिखाया गया क्योंकि वे विश्व सीरीज खिताब के लिए प्रयास कर रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स 17 वर्षीय भारतीय अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी अर्जुन निम्माला के बारे में बताया है, जिनका लक्ष्य एक प्रमुख अमेरिकी खेल के पहले राउंड में चुने गए पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी एथलीट बनकर इतिहास बनाना है। यह सीरीज अर्जुन पर प्रकाश डालती है। यह सीरीज उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और सीमाओं से परे बेसबॉल के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताती है। यह एक मनोरम यात्रा है, जो संस्कृतियों को जोड़ती है। जीत और विरासत को प्रेरित करने के लिए खेल की सार्वभौमिक शक्ति का प्रदर्शन करती है। बाधाओं को तोड़ने और भारत और बेसबॉल के बीच संबंध विकसित करने की इस अविश्वसनीय कहानी को देखने से न चूकें। भारत में खेलों का आह्वान करने वाले मनीष बटाविया ने भारतीय दर्शकों के लिए लाइव बेसबॉल लाने के अनुभव पर बात की। उन्होंने कहा, भारत के सबसे बड़े जुनून क्रिकेट और अमेरिका के पसंदीदा खेल बेसबॉल के बीच समानताएं ही एमएलबी पर टिप्पणी करना रोमांचक बनाती हैं!